सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 26 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 142, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 78,166 करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 78,166 .08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 14

## भारत और मालदीव आर्थिक, समुद्री, सुरक्षा साझेदारी की आज करेंगे समीक्षा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मालदीव के उनके समकक्ष अब्दुल्ला खलील सोमवार को भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझेदारी के कार्यान्वयन की समीक्षा करेंगे। } 16



संक्षेप

### 4 राज्यों में 19 जून को होंगे उपचुनाव

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर 19 जून को उपचुनाव होगा। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, गुजरात में दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा तथा केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी। गुजरात में कडी सीट पर उपचुनाव विधायक करसनभाई पुंजाभाई सोलंकी के निधन के कारण आवश्यक हो गया है। राज्य में विसावदर सीट पर उपचुनाव मौजूदा सदस्य भयानी भूपेंद्रभाई गंडूभाई के इस्तीफे के कारण हो रहा है। केरल में पी.वी. अनवर के इस्तीफे की वजह से नीलांबुर सीट पर उपचुनाव ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मेडिकल कॉलेज में गैस लीक, एक की मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। अस्पताल के पाइप लाइन से फर्मलीन गैस लीक होने से हड़कंप मच गया। गैस की दुर्गंध आने से अस्पताल में लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान एक मरीज की मौत हो गई। हालांकि प्रशासन ने मौत से इनकार किया है। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम पांच बजे मेडिकल कॉलेज में फार्मलीन गैस पाइप लाइन से लीक हो गई। गैस लीक होने के बाद इस दुर्गंध से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसकी सूचना अस्पताल प्रशासन को दी गई, लेकिन तब तक अस्पताल में भगदड़ मच गई। सभी तीमारदार अपने-अपने मरीजों को अस्पताल से निकाल कर बाहर भागने लगे। करीब 20 मरीजों को ट्रामा सेंटर से सुरक्षित निकाल लिया गया। गैस लीक होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना फार ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने अस्पताल ...शेष पृष्ठ 14 पर

### तेंदुए के हमले में महिला की मौत

बहराइच (उप्र)। बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन प्रभाग के सुजौली वन रेंज के एक गांव में तेंदुए के हमले के कारण एक महिला की मौत हो गयी। वन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) बी. शिवशंकर ने पीटीआई-भाषा को बताया, शनिवार रात सुजौली वन रेंज के रेंजर ने फोन करके उन्हें सूचित किया कि अयोध्यापुरवा गांव में अपने घर की खुली छत पर सो रही जाहिरा (48) पर तेंदुए ने हमला किया। महिला छत से नीचे खेत में गिर गयी। उन्होंने कहा, महिला के साथ उसके दो बच्चे भी सो रहे थे, उन्होंने तेंदुए से अपनी मां को बचाने के लिए संघर्ष किया और शोर मचाया जिसके बाद तेंदुआ खेतों की तरफ भाग गया।

## लालू ने बेटे तेजप्रताप को राजद और घर से निकाला



एजेंसी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए। प्रसाद ने दोपहर में सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह घोषणा की।

तेजप्रताप ने शनिवार शाम को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वह एक युवती के साथ 12 साल से रिश्ते में हैं। हालांकि, तेजप्रताप शादीशुदा हैं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आतंकवाद को खत्म करना ही हर भारतीय का संकल्प : योगी

### ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री के विचार भारत के मन की बात : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात में ऑपरेशन सिंदूर पर व्यक्त किए गए विचार भारत के मन की बात को व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 122वें मन की बात कार्यक्रम को दिल्ली में सुनने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर श्रृंखलाबद्ध पोस्ट में उनकी सराहना की। पोस्ट में योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के विषय में आज मन की बात कार्यक्रम में व्यक्त विचार भारत के मन की बात को अभिव्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतवासी आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हैं और पूर्ण विश्वास व प्रतिबद्धता से भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। योगी ने कहा कि आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर उंचा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों, उपकरणों और तकनीक की सफलता से विश्व ने आत्मनिर्भर भारत की गूंज को सुना है। उन्होंने



कहा कि भारत के जन-गण के मन को राष्ट्र प्रथम की भावना, राष्ट्रवादी चेतना और स्वदेशी गौरव बोध से दीप्त करते उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में शिरकत के लिए गए दिल्ली गए योगी ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 122वें मन की बात कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। हाल में बिहार में संपन्न हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों- बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मोदी ने इन युवा प्रतिभाओं की मेहनत और लगन को प्रेरणादायक बताया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के शहद उद्योग में बढ़ रहे हनी उद्यमियों की भी प्रशंसा की। योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने शहद उत्पादन में प्रदेश की प्रगति को मधुमय अभियान बताते हुए इसे भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जाने वाला बताया। योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर खेलो इंडिया के इन तीनों खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने तुषार चौधरी, कादिर खान और शेख जीशान के शानदार प्रदर्शन को उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्पशक्ति का परिणाम बताया। योगी ने प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जातिगत जनगणना हाशिये पर पड़े लोगों को मुख्यधारा में लाना

### सार्वजनिक जीवन में वाणी की मर्यादा बनाये रखना आवश्यक है : मोदी

एजेंसी



नई दिल्ली। एनडीए ने मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रस्ताव पास कर सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की प्रशंसा की। साथ ही बैठक में जाति जनगणना, बिहार चुनाव, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकजुटता का प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि जातिगत जनगणना उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है जो हाशिये पर पड़े और हर क्षेत्र में पीछे रह गए लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों की पुष्टि भी है। उन्होंने स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता को भी रेखांकित किया। सूत्रों के अनुसार, कुछ पार्टी नेताओं के अनर्गल बयानों से नाराज पीएम ने टो-टूक शब्दों में कहा कि सार्वजनिक जीवन में वाणी की मयार्दा बनाए रखना आवश्यक है। हर मुद्दे पर बोलना जरूरी नहीं होता है। गैरजरूरी टिप्पणियां पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उन्होंने यह हिदायत हाल ही में विजय शाह, जगदीश देवड़ा, रामचंद्र जांगड़ा जैसे पार्टी नेताओं के पहलगाम नरसंहार और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई विवादित बयानबाजी पर दी।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए का सीएम कॉन्क्लेव हुआ। इस कॉन्क्लेव में दो प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, आगे जातिगत जनगणना पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते लेकिन वंचित, पीड़ित, शोषित और दलित जो लोग छूट गए हैं, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं। यह समाज की आवश्यकता है। जातिगत जनगणना के माध्यम से हम इसे देखते हैं और आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शेरों की आबादी बढ़कर 891 होना बहुत उत्साहजनक : पीएम

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि गुजरात के गिर वन में एशियाई शेरों की आबादी सिर्फ पांच साल में 674 से बढ़कर 891 हो गई है और यह बहुत उत्साहजनक वृद्धि है।

मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 122वीं कड़ी में इस सफलता का श्रेय क्षेत्र के लोगों के सामूहिक प्रयासों और आधुनिक तरीकों के उपयोग को दिया। उन्होंने कहा कि शेरों की गणना के बाद सामने आई शेरों की यह संख्या बहुत उत्साहवर्धक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 जिलों में 35,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में की गई गणना में शेरों की संख्या का पता चला है। उन्होंने कहा कि कवायद में शामिल टीमों ने चौबीस घंटे काम किया, ताकि सटीक परिणामों का सत्यापन और क्रॉस-सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके। मोदी ने स्थानीय समुदायों की भागीदारी और गुजरात में वन अधिकारियों के रूप में महिलाओं की भर्ती की प्रशंसा करते हुए कहा, एशियाई शेरों की आबादी में वृद्धि दर्शाती है कि जब समाज में स्वामित्व की भावना मजबूत होती है।

## होटल व्यवसाई को कार सवार हमलावरों ने दौड़ाकर मारी गोली



विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के गाजीपुर इलाके में मामूली कहा सुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा किन लग्जरी कार सवार करीब एक दर्जन हमलावरों ने होटल व्यवसाई को दौड़ाकर दिन दहाड़े युवक को कई गोलियां मारकर फरार हो गये।

> आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ क्राइम ब्रांच समेत पांच टीमें हुई गठित

घटना के बाद हड़कंप मचा और इलाके में अफरा तफरी मच गयी। सूचना पुलिस को पहुंची तो ततकाल मौके पर पहुंची और घायल को राममनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार सर्वोदय नगर निवासी मुरसलीन का कुकरैल बंधा स्थित बालाजी भोजनालय पर दो बजे अपने एक रिश्तेदार से विवाद हुआ बालाजी भोजनालय के संचालक सिपाही लाल ने बताया कि मुरसलीन का झगड़ा हुआ जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग वहां से चले गये। उन्होंने बताया कि शाम करीब पांच बजे मुरसलीन अपनी गाड़ी से फिर होटल के पास आया। गाड़ी से उतरकर होटल के पीछे बनी निमार्णाधीन इमारत की ओर भागा। पीछे से 10 से 12 लोग डंडा और असलहों से लैस होकर उसको दौड़ते हुए आए। सिपाही लाल ने बताया- चिल्ला रहा था गोली मार रहे हैं, तभी उन लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

## यूसीसी कुप्रथाओं को मिटाने का कानूनी पहल : धामी

### उत्तराखंड में यूसीसी में चार माह में डेढ़ लाख से अधिक आवेदन मिले

प्रमुख संवाददाता



नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में लागू समान नागरिक संहिता पर प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि यूसीसी लागू करने के लिए मजबूत सिस्टम का निर्माण किया गया है।

प्रक्रिया को जनसामान्य के लिए अधिक सुलभ और सहज बनाने के लिए एक पोर्टल और समर्पित मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है। साथ ही ग्राम स्तर पर 14,000 से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स को इससे जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के समय आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए ऑटो एस्केलेशन और ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम भी लागू किया गया है। व्यापक डिजिटल और भौतिक नेटवर्किंग के परिणामस्वरूप केवल चार माह की अवधि में समान नागरिक संहिता के अंतर्गत राज्यभर से लगभग डेढ़ लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इतना ही नहीं, राज्य के लगभग 98 प्रतिशत गांवों से आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं, जो ये दशार्ता है कि यूसीसी को जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता जाति, धर्म, लिंग आदि में अन्तर के आधार पर कानूनी मामलों में होने वाले भेदभाव को खत्म करने का एक संविधानिक उपाय है। इससे सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का प्रयास किया गया है। इसके लागू होने से प्रदेश में सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सकेगा। इसके द्वारा अब हलाला, इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह, तीन तलाक आदि कुप्रथाओं पर पूर्णतः रोक लगाई जा सकेगी। संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत वर्णित हमारी अनुसूचित जनजातियों को इस संहिता ...शेष पृष्ठ 14 पर

## केरल तट के पास लाइबेरियाई जहाज डूबा, सभी 24 सदस्य बचाये गये

### जहाज पर कुल 640 कंटेनर लदे थे जिनमें से 13 में खतरनाक सामग्री थी

एजेंसी

कोच्चि/नयी दिल्ली। केरल अपतटीय क्षेत्र में 640 कंटेनर ले जा रहा लाइबेरियाई मालवाहक जहाज समुद्र में पलटकर डूब गया है, जिससे संभावित तेल रिसाव की आशंका पैदा हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जहाज पर कुल 640 कंटेनर लदे थे जिनमें से 13 में खतरनाक सामग्री थी।

अधिकारियों ने बताया कि मालवाहक जहाज से चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अभी तक किसी तेल रिसाव की सूचना नहीं मिली है, क्योंकि भारतीय तटरक्षक बल ने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, तटरक्षक बल भारतीय



नौसेना के साथ मिलकर स्थिति पर नजर रख रहा है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 25 मई की सुबह सात बजकर 50 मिनट पर, एमएससी ईएलएसए 3 तेजी से झुका और पलटकर डूब गया, इसका कारण पानी भरना था। बयान में कहा गया कि जहाज पर रखे 640 कंटेनरों में से 13 में रासायनिक रूप से संवेदनशील सामग्री थी, जबकि 12 कंटेनर कैल्शियम कार्बाइड से भरे हुए थे इसके अलावा जहाज़ में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस ऑयल लदा हुआ था। चालक दल के 24 सदस्यों में से 21 को शनिवार को ही भारतीय तटरक्षक बल द्वारा बचा लिया गया था, तथा शेष तीन को बाद में आईएनएस सुजाता द्वारा बचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि केरल के तट के आसपास का समुद्री पारिस्थितिक तंत्र बहुत संवेदनशील है, इसलिए भारतीय तटरक्षक बल ने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। उन्नत तेल रिसाव पहचान तकनीक से लैस तटरक्षक बल के विमान स्थिति की हवाई निगरानी कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रदूषण प्रतिक्रिया उपकरण लेकर आईसीजी जहाज सक्षम घटनास्थल पर तैनात है। अभी तक तेल रिसाव की कोई खबर नहीं है। केरल राज्य आपदा ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 28.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- अयोध्या की उधेला झील बनेगी ईको टूरिज्म का नया केंद्र (पृष्ठ-02)
- प्रकृति संरक्षण सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म : डॉ. राजेश्वर सिंह (पृष्ठ-02)
- विदेशी कोषा के प्रवाह से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- आईपीओ से 6,600 करोड़ जुटने की उम्मीद (पृष्ठ-14)
- पीएनबी ने 16,000 करोड़ की वसूली का लक्ष्य रखा (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

प्रदेश में लोकनिर्माण विभाग ने खाका किया तैयार, बढ़ायी जायेगी रोड कनेक्टिविटी, कुल 62 परियोजनाओं पर कार्य की रूपरेखा तैयार

## ट्रैफिक जाम होगा खत्म, 6124 करोड़ से बनेंगे रिंग रोड

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में उत्तम कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर कार्य कर रही है। एक ओर प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाइवे व उन्नत राष्ट्रीय व राज्य मार्गों के जाल का प्रसार हो रहा है, वहीं प्रदेश में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर के निर्माण की प्रक्रिया जारी है।

सीएम योगी के निर्देश पर लोकनिर्माण विभाग ने इस विषय में विस्तृत खाका तैयार किया है जिसके जरिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर रोड़ कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 62 परियोजनाओं पर कार्य करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिससे प्रदेश के यातायात आवागमन में सुधार की दिशा में यह एक व्यापक कदम सिद्ध होगा।



लोकनिर्माण विभाग की ओर से तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश में बाईपास, रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण के कुल 62 कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिह्नित किए गए हैं। इनमें 6,124 करोड़ रुपये की लागत ने नवनिर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। खास बात यह है कि जनता को ट्रैफिक जाम से राहत देने की दिशा में यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे जिनमें आबादी और यातायात आवागमन जैसे कई फैक्टर्स को आधार बनाया जाएगा। कार्ययोजना के अनुसार सरकार का यह कदम न केवल उत्तम कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करेगा बल्कि यातायात प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध होगा। बता दें कि प्रदेश के विभिन्न नोड्स पर विभिन्न प्रकार के औद्योगिक पार्कों का निर्माण व विकास किया जा रहा है। ऐसे में फ्रेट मूवमेंट से लेकर तमाम फैक्टर्स ऐसे हैं जिनमें रोड कनेक्टिविटी का प्रमुख योगदान है और इनमें सुधार कुल मिलाकर न केवल यातायात आवागमन में सुधार करेगा बल्कि प्रदेश के 1 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।

**एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं को प्राथमिकता**

लोकनिर्माण विभाग की ओर से इस वर्ष जिन 62 बाईपास व रिंग रोड्स का निर्माण किया जाना है उनमें एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं व ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे नौ बांग्लादेशियों पकड़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। हरियाणा के मेवात में ईंट भट्टे पर काम करने वाले नौ बांग्लादेशी नागरिकों के एक परिवार को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है, जो अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तारी के डर से फरार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अवैध बांग्लादेशियों के बारे में सूचना मिलने पर, पुलिस की एक टीम ने 23 मई को वजीरपुर जेजे कॉलोनी में निगरानी और सत्यापन अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप ऐसे ही एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि उससे पूछताछ में पुलिस को उसी परिवार के एक नवजात सहित आठ अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में मदद मिली, जो वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। उन्हें उत्तर-पश्चिम दिल्ली के भारत नगर इलाके से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उनके पास से एक स्मार्टफोन जब्त किया गया है, जिसमें प्रतिबंधित वीडियो कॉल और चैटिंग ऐप था। उन्होंने बताया कि इसका इस्तेमाल परिवार बांग्लादेश में अपने रिश्तेदारों से बात करने के लिए करता था। पूछताछ के दौरान परिवार ने बताया कि वे पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते अवैध रूप से देश में घुसे थे। पुलिस ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

संक्षेप

## एलयू के सात छात्रों का बीएसआईएस में हुआ चयन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए यह एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जहां हाल ही में आयोजित कैंपस भर्ती अभियान के तहत सात छात्रों का चयन बीएसआईएस कंपनी में हुआ है। चयनित छात्र वाणिज्य और प्रबंधन कार्यक्रमों से संबंधित हैं और उन्हें बीएसआईएस के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में 2.4 एलपीए पर नियुक्त किया गया है। इस सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, केंद्रीय प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अनुप कुमार भारती और संकाय समन्वयकों ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित छात्र इस प्रकार हैं हर्ष शुक्ला एमबीए (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग) नियुक्ति एडमिन कम अकाउंट्स मैनेजर, मातृया धवन एम.कॉम, हिमांशु आनंद बी.कॉम, श्रेया गुप्ता एमबीए (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग), अभिजीत वर्मा बी.कॉम (ऑनर्स), नियुक्ति डाटा एंड रिसर्च एनालिस्ट, खुशी जैन बी.कॉम, नियुक्ति एक्जीक्यूटिव पीआर (कंटेंट राइटर), तान्या राय एम.कॉम, नियुक्ति एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट के पद पर चयन हुआ है। यह सफलता विश्वविद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की उद्योग-तैयारी का प्रमाण है।

## आरपीएफ ने दो बैट्री चोरों को दबोचा

**लखनऊ।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ के साथ ही यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर एवं अपराध आसूचना शाखा /गोरखपुर क्षेत्र द्वारा गोरखपुर स्टेशन के पूर्वीयार्ड से रेलवे कोच में बैट्री की चोरी करने वाले 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर यार्ड के नाले में उनके द्वारा छिपाई गई 06 अदद बैट्री बरामद कर रेल सम्पत्ति अधिनियम का मामला पंजीकृत कर गिरफ्तार किया गया।

# बीबीडी विश्वविद्यालय में योग जागरूकता सत्रः समग्र कल्याण की ओर एक कदम






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ के अंतर्गत बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यकम, 21 मई से 21 जून तक मनाए जा रहे महीने भर चलने वाले योग महा कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में रविवार को विशेष रूप से छात्राओं के लिए एक विशेष योग सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

बीबीडी विश्वविद्यालय के योग केंद्र में सुबह 6:30 बजे शुरू हुए इस सत्र का संचालन लखनऊ के केडी बाबू सिंह स्टेडियम की अनुभवी योग प्रशिक्षक डॉ. मालविका बाजपेयी ने किया। एक घंटे के इस सत्र में बुनियादी आसन, श्वास तकनीक और माइंडफुलनेस अभ्यासों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिन्हें शारीरिक लचीलापन, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक कल्याण को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। डॉ. बाजपेयी के शांत और प्रेरक दृष्टिकोण ने छात्राओं से उत्साहपूर्ण भागीदारी को प्रेरित किया, जिन्होंने ईमानदारी और समर्पण के साथ अभ्यास का पालन किया। व्यावहारिक सत्र के बाद, 30 मिनट का योग जागरूकता और इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया।

डॉ. बाजपेयी ने तनाव प्रबंधन, मुद्रा में सुधार और संतुलित जीवनशैली प्राप्त करने के लिए दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, प्रासंगिक प्रश्न पूछे और अपने स्वयं के अनुभव साझा किए, जिससे सत्र अत्यधिक आकर्षक और प्रभावशाली बन गया। इस कार्यक्रम ने चल रहे योग महा कार्यक्रमों में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसने बीबीडी विश्वविद्यालय की अपने छात्रों के बीच कल्याण और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। कार्यक्रम का समापन एक स्वस्थ भविष्य के लिए नियमित रूप से योग का अभ्यास करने की प्रतिज्ञा के साथ सकारात्मक नोट पर हुआ।

## बरेका व लालागुड़ा शेड को मिला सर्वश्रेष्ठ कैब डिजाइन का पुरस्कार

**लखनऊ/वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में रेलवे बोर्ड के निर्देशन में 42वीं एम.एस.जी. (मेंटिनेंस सर्विस ग्रुप) बैठक एवं लोको कैब प्रतियोगिता का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्युत रेल इंजनों के रखरखाव, तकनीकी उन्नयन, लोको कैब की ड्राइवर फ्रेंडली डिजाइन और संचालन से जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन अपर सदस्य (कर्षण), रेलवे बोर्ड वी.पी. सिंह की अध्यक्षता में कीर्ति कक्ष, प्रशासन भवन में टेक्निकल सत्र-क्क्कका आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से आये रेलवे अधिकारियों ने तकनीकी मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने वी.पी. सिंह को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार झ कानपुर, अजनी एवं वाल्टेयर शेड को मिला। संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार झ डीडीयू, हुबली एवं वडोदरा शेड को प्रदान किया गया।

# यूपी पर्यटन से जुड़ेगा थारू समुदाय : जयवीर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अपने विशेष आकर्षणों के लिए देश में प्रसिद्ध दुधवा नेशनल पार्क में पर्यटन बढ़ाने में जुटे उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म ईको डेवलपमेंट बोर्ड ने अनोखी पहल की है। पार्क के आसपास बसी थारू जनजाति को पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। इनके प्रसिद्ध खानपान,

- **ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की अनोखी पहल**

जीवनशैली और हस्तशिल्प को पर्यटकों तक पहुंचाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ताकि स्थानीय लोगों की आय में भी वृद्धि हो। इसी क्रम में निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र के नेतृत्व में बोर्ड के अधिकारियों का दल पिछले दिनों थारू गांवों का दौरा किया था।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि दुधवा के जंगलों की गोद में बसे लखीमपुर खीरी जिले के नौ गांवों में फैली थारू जनजाति, जो सदियों से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन व्यतीत करती आ रही है, अब अपनी संस्कृति और परंपराओं के



जरिए अपनी पहचान को आर्थिक समृद्धि में बदलने को तैयार है। उत्तर प्रदेश इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने इस जनजातीय समुदाय के पारंपरिक व्यंजनों, हस्तशिल्प और जीवनशैली को पर्यटन का हिस्सा बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। इसका उद्देश्य न केवल वन्यजीव पर्यटन का विस्तार करना है, बल्कि स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है।

जयवीर सिंह ने बताया कि ऐसे पर्यटक जो थारू गांवों तक नहीं पहुंच सकते, उनके लिए अब थारू समुदाय की खासियतें रिसॉर्ट्स और होटल तक पहुंचाने की रणनीति तैयार की गई है। थारू रसोई से निकलने वाले स्वादिष्ट व्यंजन जैसे चावल के आटे से बनने वाला ढिकरी, खड़िया, कपुआ आदि को ठहराव स्थल रिजार्ट पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि यही नहीं, स्थानीय हस्तशिल्प जैसे मूंज, कास, जूट और सूत से बने थारू शिल्प भी अब थारू शिल्पग्राम और स्थानीय स्टालों के माध्यम से पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन उत्पादों को ठहराव स्थल भी उपलब्ध कराया जाएगा। ये उत्पाद केवल वस्तुएं नहीं हैं, बल्कि एक जीवित परंपरा की कहानी कहते हैं। ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड थारू समाज की लोकनृत्य और संगीत परंपराओं को भी सामने लाने का प्रयास कर रहा है। सखिया, देवली, धमार, झुमरा और होरी गीत जैसे लोक नृत्य और गीत अब सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए पर्यटकों तक पहुंचाए जाएंगे। यह न केवल यात्रियों के अनुभव को समृद्ध करेगा, बल्कि कलाकारों को मंच और सम्मान भी दिलाएगा। इको-पर्यटन बोर्ड थारू समाज को होमस्टे स्थापित करने और पहले से बने होमस्टे में सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। ये होमस्टे पर्यटकों को केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक पारंपरिक जीवनशैली का अनुभव देते हैंकृजहां मेहमान घर के सदस्य की तरह रहते हैं, स्थानीय व्यंजन खाते हैं और रीति-रिवाजों को समझते हैं।

जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व जो देश के प्रमुख जैव विविधता स्थलों में से एक है, केवल वन्य जीवों का घर नहीं है बल्कि यह थारू जनजाति की संस्कृति और ज्ञान का भी केंद्र है। इस जनजाति को स्थानीय वनस्पतियों, औषधीय पौधों और मौसमी बदलावों की गहरी समझ है, जिससे ये वन्य क्षेत्र के प्राकृतिक संरक्षक भी हैं। इस पहल की सराहना करते हुए कहा, जब इनकी संस्कृति को पर्यटन से जोड़ा जाएगा, तो इससे न केवल पर्यटकों को एक समग्र अनुभव मिलेगा, बल्कि जनजातीय समुदाय भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा।ह्व उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में छिपी संभावनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

## ताजमहल की सुरक्षा को बेहतर करने के लिए स्थापित की जायेगी ड्रोन रोधी प्रणाली

विशेष संवाददाता (vol)

**आगरा/लखनऊ।** विश्व धरोहर ताज महल की सुरक्षा को और पुख्ता करने और संभावित हवाई खतरों से निपटने के लिए परिसर में जल्द ही ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित की जाएगी। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संरक्षित ताज महल को जल्द ही उन्नत ड्रोन न्यूट्रलाइजेशन तकनीक के रूप में सुरक्षा के लिए एक अतिरिक्त कवच मिलेगा।

- **कोई ड्रोन ताजमहल के आसपास आयेगा, ड्रोन रोधी प्रणाली उसके सिग्नल को तोड़कर उसे गिरा देगी : सैयद अरीब अहमद**

उन्होंने बताया कि यह कदम ऑपरेशन सिंदूर के बाद उत्पन्न चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। उनके मुताबिक, उस दौरान पाकिस्तान ने भारत के विभिन्न हिस्सों में ड्रोन हमलों का प्रयास किया था। हालांकि ऐसे सभी प्रयासों को भारतीय सुरक्षा बलों ने बेअसर कर दिया था। सहायक पुलिस आयुक्त (ताज सुरक्षा) सैयद अरीब अहमद ने रविवार को बताया, ताजमहल परिसर में एक ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित की जाएगी। इस प्रणाली की रेंज सात-आठ किलोमीटर होगी। हालांकि यह ताजमहल के मुख्य गुंबद से 200 मीटर के दायरे में काम करेगी। अहमद ने कहा कि जैसे ही कोई ड्रोन ताजमहल के आसपास आयेगा, ड्रोन रोधी प्रणाली उसके सिग्नल को तोड़कर उसे गिरा देगी।

उन्होंने बताया, ड्रोन रोधी प्रणाली को संचालित करने के लिए पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रतिक्रिया टीम बनाई जाएगी। प्रतिक्रिया टीम, जहां से ड्रोन उड़ रहा है उसको ट्रैक करेगी और ड्रोन जहां गिरेगा वहां जाएगी। अगले कुछ दिनों में ही ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित कर दी जाएगी। यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के तौर पर घोषित ताजमहल देश के उन स्मारकों में शामिल है जहां सबसे ज्यादा सैलानी आते हैं।

## भाजपा सरकार और शासन-प्रशासन दबंगों के साथ खड़ा रहता है : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आगरा के एक अस्पताल में महात्मा बुद्ध और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की चित्रित टाइल्स को फर्श पर लगाना एक ऐसा अपमानजनक कुकृत्य है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। कभी बाबा साहेब निर्मित संविधान बदलने की साजिश, कभी मध्य प्रदेश में कोर्ट परिसर में उनकी मूर्ति लगाने का विरोध और कभी जमीनी टाइल्स पर उनका चित्रण एक सोची-समझी चाल है, जिसके पीछे प्रभुत्ववादियों का कौन सा गुट काम कर रहा है कहने की आवश्यकता नहीं है।

इससे पहले इसी सरकार में लखनऊ, लखीमपुरखीरी में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापना को लेकर दबंगों ने रोड़े अटकाए और पीडीए को अपमानित करने का प्रयास किया। भाजपा सरकार और शासन-प्रशासन दबंगों के साथ खड़ा रहता है। अखिलेश यादव ने कहा कि जैसे-जैसे पीडीए की चेतना बढ़ रही है, वैसे-वैसे पीडीए के प्रेरणास्रोत प्रतीकों व महापुरुषों पर और साथ ही पीडीए समाज पर वर्चस्ववादियों के



शारीरिक-मानसिक प्रहार भी बढ़ रहे हैं। ऐसे सुनियोजित अपमान करके जिनको लग रहा है कि पीडीए का मनोबल टूटेगा वो ऐतिहासिक भूल कर रहे हैं। प्रताड़ना का प्रतिकार शक्ति बन कर उभरता है। उत्पीड़न की भी एक सीमा होती और उत्पीड़क की भी। अब भाजपा वो सीमा लाँघ चुकी है और अपने पतन को देखते हुए ऐसे कुत्सित-कृत्यों से पीडीए की हिम्मत और एकजुटता को तोड़ने का अंतिम प्रयास कर रही है, जिसमें अब वो कभी सफल नहीं होगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाज का हर वर्ग समझ गया है कि भाजपा सरकार को विकास और तरक्की से कोई मतलब नहीं है। यह जुमलाबाजों की सरकार है। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार, अराजकता चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। नदियों में अवैध खनन हो रहा है। भाजपा सरकार के अवैध खनन के भ्रष्टाचार को देखने के लिए न तो दिल्ली का ड्रोन पहुंच पाता है और न लखनऊ का सीसीटीवी कैमरा। भाजपा सरकार में सभी अवैध काम सरेआम सत्ता की सांठ-गांठ और मिलीभगत से हो रहे है। प्रदेश की जनता 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाकर इसके भ्रष्टाचार का अंत कर देगी।

# अयोध्या की उधेला झील बनेगी ईको टूरिज्म का नया केंद्र

### अतिक्रमण और जल संकट से जूझ रही यह झील बनने जा रही पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)

**अयोध्या/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए नित नये कदम उठा रहे हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के

- **योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या में दिखेगा पर्यटन का नया स्वरूप**
- **3.81 करोड़ रुपए से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल करा रही कार्य**
- **कैफेटेरिया, टॉयलेट ब्लॉक, बम्बू कॉटेज का हो रहा निर्माण**

साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील में स्थित उधेला झील को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में



विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। कभी अतिक्रमण और जल संकट से जूझ रही यह झील अब पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है। योगी सरकार के विजन के तहत इस परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और दीपोत्सव जैसे आयोजनों के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। योगी सरकार की इन पहलों से अयोध्या अब न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि एक ऐसी पर्यटन नगरी बन रही है, जो विश्व भर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

**मिल्कीपुर अमानीगंज-रोड पर स्थित है उधेला झील :** उधेला झील मिल्कीपुर-अमानीगंज रोड पर स्थित है, अब 3.81 करोड़ रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा विकसित की जा रही है। इस परियोजना के तहत कैफेटेरिया, टॉयलेट ब्लॉक और बांस से बने कॉटेज (बम्बू कॉटेज) जैसे आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। इन सुविधाओं का उद्देश्य पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल अनुभव प्रदान करना है। यह परियोजना योगी सरकार की उस व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत अयोध्या को धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ ईको टूरिज्म और साहसिक पर्यटन के लिए भी एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

**पर्यटकों को आकर्षित करेंगे बम्बू कॉटेज :** क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि झील के आसपास सौंदर्यीकरण, हरियाली और पर्यटक सुविधाओं के विकास से यह स्थान अब परिवारों, प्रकृति प्रेमियों, और साहसिक पर्यटकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनने की ओर अग्रसर है। बम्बू कॉटेज जैसे पर्यावरण अनुकूल निर्माण न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेंगे, बल्कि स्थानीय कारीगरों और व्यवसायियों को भी लाभ पहुंचाएंगे।

**जानिए, क्या बना और क्या बाकी :** 30 जुलाई 2024 को झील के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हुआ। इसी वर्ष 31 दिसम्बर तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करना है। यहां टॉयलेट ब्लॉक, टिकट काउंटर, कैफेटेरिया व बम्बू कॉटेज के छत व दीवार का कार्य प्रगति पर है। नवनिर्मित घाट की सीढ़ियों पर पत्थर लगाए जा रहे हैं। वॉच टावर आदि का कार्य भी चल रहा है।

# प्रकृति संरक्षण सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**पीलीभीत/लखनऊ।** तराई क्षेत्र में वन एवं जैव विविधता को बचाने तथा वन कर्मियों, स्कूली छात्र - छात्राओं में जागरूकता लाने के प्रति सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की प्रतिबद्धता एक अनुकरणीय उदाहरण बन चुकी है। विधायक डॉ.

- **वन रक्षकों का उत्सव: पीलीभीत टाइगर रिजर्व, मुस्तफाबाद में वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन इवेंट 5.0**
- **वन रक्षकों के लिए 2 दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला**

सिंह के प्रयासों से संचालित एनवायामेंट वारियर्स अभियान के पांचवें चरण के तहत पीलीभीत टाइगर रिजर्व के मुस्तफाबाद फारेस्ट रेस्ट हाउस में रविवार को वाइल्डलाइफ कंजेर्वेशन इवेंट 5.0 का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य फ्रंटलाइन वन कर्मियों, वाचर्स ड्राइवर्स, और गाइड्स को जागरूक करना, प्रोत्साहित करना सम्मानित करना और उन्हें सच्चे पर्यावरण योद्धा के रूप में तैयार करना था। सुप्रसिद्ध शिक्षा एवं पर्यावरणविद अम्बिका मिश्रा, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव ललित वर्मा एवं डीएफओ मनीष सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और कार्यशाला वनरक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

**वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी वर्कशॉप :** सुप्रसिद्ध वन्यजीव फोटोग्राफर सरोश लोधी के नेतृत्व में वन रक्षकों के लिए 2 दिवसीय वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें उन्हें फोटोग्राफी के कौशल सिखाए गए। इस वर्कशॉप की प्रसंशा करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने अमेरिका वियतनाम




युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि बम गिरने के बाद बच्चों के बीच दौड़ती एक बच्ची की तस्वीर वियतनाम युद्ध का चेहरा बन गई थी, तस्वीर वायरल होने के बाद वो विश्वभर में 'नेपालम गर्ल' नाम से प्रसिद्द हुई। विधायक ने अन्य उदाहरण देते हुए बताया कि 24 दिसंबर, 1968 को अपोलो 8 के चालक दल ने चंद्रमा की परिक्रमा करते हुए, उन्होंने पृथ्वी को चंद्र क्षितिज के ऊपर उगते हुए देखा और इस दृश्य को अर्थराइजर नामक विश्व-प्रसिद्ध तस्वीर में कैद किया। इस तस्वीर ने विलियम एंडर्स को प्रेरित किया, जिन्होंने कहा, रहम चंद्रमा की खोज के लिए आए, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण खोज पृथ्वी की थी।

**क्विज प्रतियोगिता :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व से जुड़े 180 ड्राइवर्स और गाइड्स ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सलीम शाह को 25,000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त जसवंत कुमार को 20,000 रुपये, और तृतीय स्थान प्राप्त राहुल एवं सुभाष को 15,000 रुपये की सम्मान राशि के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, 13 अन्य प्रतिभागियों को 5,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार और मौखिक क्विज में सही उत्तर देने वाले 10 प्रतिभागियों को दूरबीन (इल्लङ्क४"१२) प्रदान कर सम्मानित किया गया। वन रक्षकों का सम्मानः पीलीभीत टाइगर रिजर्व के 30 वॉचर्स को साइकिलें प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, पांच उत्कृष्ट वन अधिकारियों– दिनेश गिरी, दिनेश कुमार, जितेंद्र सिंह, सरवन सिंह और तुलाराम को विशिष्ट पदक से सम्मानित किया गया। वन्यजीव तस्करी के खिलाफ योगदानः उपप्रभारी वनाधिकारी श्री रमेश चौहान, जिन्होंने 140 कछुओं को तस्करों से मुक्त कराया, को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, रवन संरक्षण सबसे बड़ा राष्ट्र धर्म है। 'एनवायामेंट वारियर्स' अभियान के

- **वाचर्स फ्रंटलाइन वारियर्स और फारेस्ट गाइड्स तराई क्षेत्र के असली ब्रांड एंबेसडर डॉ. राजेश्वर सिंह**
- **क्विज विजेताओं को किया सम्मान, 30 वाचरों को दीं साइकिल**

माध्यम से हम न केवल वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि जागरूकता और प्रोत्साहन के जरिए पर्यावरण संतुलन की रक्षा के लिए एकजुट हो रहे हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सुनी पीएम के मन की बात



**लखनऊ।** विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अति लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें संस्करण के प्रसारण को आज लखनऊ महानगर में बूथ स्तर पर सुना गया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने पूर्व विधानसभा की बूथ संख्या 230 पर, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने लखनऊ मध्य विधानसभा के अंतर्गत हलवासिया कोर्ट में बूथ संख्या 234 में पर , एमएलसी मुकेश शर्मा ने उत्तर विधानसभा के भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड की बूथ संख्या 268 पर पार्षद मानसिंह के साथ, महापौर सुषमा खर्कवाल ने कैंप कार्यालय में, पश्चिम विधानसभा में अंजनी श्रीवास्तव ने बूथ संख्या 339 पर कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। हलवासिया कोर्ट में रजनीश गुप्ता, सुधीर हलवासिया, विनोद कुमार, घनश्याम अग्रवाल, प्रवीन गर्ग, एसपी कंचन आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## ससुरालीजनों के खिलाफ प्रताड़ना का केस

**प्रतापगढ़ ।** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ना के तहत मारपीट कर घर से निकाल देने को लेकर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मनऊ का पुरवा निवासी निक्की पत्नी मनोज कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तेइस मई को सुबह सात बजे दहेज प्रताड़ना को लेकर पति मनोज कुमार, ससुर मुहव्वल व सास शिवसता ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। ससुरालीजनों ने पीड़िता से दो लाख रुपए नगद तथा एक बाइक की मांग करते हुए उसे जबरिया घर से निकाल दिया । तहरीर के आधार पर पुलिस ने मनोज समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## एक ही रात में तीन घरों में चोरी

**प्रतापगढ़ ।** एक ही रात तीन घरों में चोरी की घटना से इलाके में हड़कम्प मच गया। पुलिस घटना को लेकर जांच का राग अलापती दिखी। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे रामन मेंढावा गांव में शनिवार की रात चोरों ने तीन घरों में सेंधमारी कर नकदी व लाखों के कीमती आभूषण चोरी कर लिये। चोरों ने पक्की ईंट की दीवार काटकर गांव के राजेन्द्र कुमार, श्रवण और महेन्द्र के घरों में चोरी की दुस्साहसिक घटना अंजाम दिया। रविवार सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो चोरी की जानकारी पाकर पीड़ित आवक रह गये। सूचना पर 112 नंबर व लालगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची व जांच पड़ताल की।

## मारपीट की घटना को लेकर दी तहरीर

**प्रतापगढ़ ।** जेठवारा थाना के कुटिलिया निवासी नन्कू पाल के पुत्र परमेश्वर ने लालगंज पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती तेइस मई की रात अज्ञात आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने उसके पुत्र रोहित को मारपीट कर अधमरा खेत में फेक दिया। पीड़ित का कहना है कि उसका पुत्र रोहित निमंत्रण के लिए घर से निकला थां। अगले दिन चौबीस मई की सुबह लालगंज कोतवली के बड़गईयन गांव के पास एक खेत में उसका पुत्र बेहोशी की दशा में मिला। होश आने पर पीड़ित ने बताया कि छह लोगों ने उसे मारपीटकर चुटहिल कर दिया। घायल के मुताबिक वह आरोपियों को देखकर पहचान सकेगा। तहरीर में घायल के मोबाइल फोन भी गायब होने की बात कही गई है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जांच कर आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** थाना बांसी पुलिस ने रविवार को तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई। पहला मामला धारा 323, 504 के तहत दर्ज है, जिसमें शायरा को गिरफ्तार किया गया। दूसरा मामला धारा 323, 504, 506 का है, जिसमें गीता देवी को पकड़ा गया। तीसरा मामला धारा 420 और कॉपीराइट एक्ट की धारा 65, 66 का है, जिसमें अनस गौरी खान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए वारंटी अभियुक्तों में शायरा पत्नी राजू उसकी गांव की रहने वाली हैं। गीता देवी पत्नी रामनेवास चरथरी की निवासी हैं। अनस गौरी खान पुत्र अब्दुल समद मिश्रौलिया के रहने वाले हैं। उप निरीक्षक विजय प्रकाश दीक्षित के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल यशवंत कुमार, बीरबल यादव, कांस्टेबल अरुण कुमार, हेमंत कुमार और महिला कांस्टेबल अंजू वर्मा की टीम ने यह कार्रवाई की।

# सरकारी जमीन पर बने अवैध मकान पर चला बुलडोजर



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। मछिया मुस्तहकम गांव में सरकारी जमीन पर बने अवैध मकान को रविवार को ढहा दिया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार रवि कुमार यादव की देखरेख में की गई। मामला मछिया मुस्तहकम के तप्पा वैनिया का है। यहां गाटा संख्या 260 खलियान पर अकबाल अहमद और आबिद हुसैन ने अवैध निर्माण करा रखा था। अकबाल अहमद मोहम्मद युनूस के पुत्र हैं। वहीं आबिद हुसैन फारूक के पुत्र हैं। प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से इस अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए डुमरियागंज थाने की पुलिस मौजूद रही। इसके अलावा लेखपाल संजय, बृजकिशोर, दीपक संखवार, राजस्व निरीक्षक अबुशामा और धरमराज चक्रवर्ती भी मौके पर उपस्थित थे। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## डीएम ने राजस्व वादों की समीक्षा की भूमाफियाओं पर कार्रवाई के निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वाद, कर-करेत्तर और वसूली से जुड़ी समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्विवाद वरासत और राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी और तहसीलदारों को प्रतिदिन कोर्ट में बैठकर वादों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरासत के मामलों का समय सीमा में निपटारा किया जाए। तीन और पांच वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों को 15 दिन में निपटाने का आदेश दिया। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को 20 जून तक सीमा स्तंभ स्थापित करने का निर्देश दिया। तहसीलदार इटवा, बांसी और शोहरतगढ़ को रंगाई-पुताई के लिए एस्टीमेट देने को कहा। जल जीवन मिशन के तहत 29 स्थानों पर एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का आदेश दिया। बैठक में भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, साप्ताहिक बाजार के लिए हॉट बाजार निर्माण और मत्स्य पालन के लिए तालाबों की नीलामी के निर्देश दिए गए। राजस्व वसूली बढ़ाने और लक्ष्य पूरा करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री, आबकारी, स्टांप कर, भू-राजस्व वसूली, व्यापार कर, मंडी समिति, परिवहन, विद्युत, रॉयल्टी और जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से जुड़े विभागों की समीक्षा की। उन्होंने आईजीआरएस के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और हाट पैठ के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।

## मारपीट की घटना में 13 आरोपियों के खिलाफ क्रॉस केस, तीन भेजे गये जेल

**प्रतापगढ़ ।** उदयपुर थाना क्षेत्र के नरवल गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने तेरह आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है । वही घटना में एक पक्ष के तीन आरोपियों को पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। उदयपुर थाना क्षेत्र नरवल गांव में शुक्रवार की रात दो पक्षों में मारपीट की घटना घटित हुई । घटना को लेकर एक पक्ष के देवनारायण सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि तेइस मई की रात लगभग दस बजे वह अपने भतीजे नीतिन सिंह व अतुल सिंह के साथ घर में मौजूद थे। इसी समय पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी गांव के शिव कुमार सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह, अंकित सिंह, मोहित सिंह पुत्रगण रविन्द्र सिंह तथा रोहित सिंह पुत्र गोविद सिंह , बलराम पुत्र राकेश सिंह एवं दो अज्ञात आरोपी लाठी डंडे तथा लोहे की राड से लैस होकर गाली गलौज करते घर में घुस आये । आरोपियों ने जांनलेवाव हमले में परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। हमलें में बीच-बचाव के लिए नरसिंह बहादुर सिंह आये तब आरोपियों ने लोहे की राड से हमला कर दिया। हमलें में नरसिंह बहादुर सिंह गम्भीर चोटों के कारण बेहोश हो गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिव कुमार सिंह समेत पांच नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास व घर में घुसकर मारपीट समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वही घटना को लेकर दूसरे पक्ष के अंकित पुत्र रावेन्द्र सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि घटना की रात आरोपी गांव के देवनारायण सिंह पुत्र शिव बहादुर सिह तथा विनोद पुत्र शिव बहादुर एवं नितिन पुत्र नरसिंह बहादुर व नरसिंह पुत्र शिव बहादुर, अतुल सिंह पुत्र विनोद सिंह , घेराऊ पुत्र राम सेवक अवैध मिट्टी का खनन करवा रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित तथा उसके परिवार के सदस्यों पर गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। हमले में पीड़ित व उसके परिवार के सदस्यों को चोटे आयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने देवनारायण समेत छह आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज व बलवा का केस दर्ज किया है। इधर घटना में गम्भीर रूप से घायल नरसिंह बहादुर सिंह की रविवार को स्थिति नाजुक बताई गई। उन्हें इलाज के लिए पीजीआई में वेनटीलेटर पर रखा गया है। घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में नामजद तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। दरोगा नन्दलाल यादव रविवार को फोर्स के साथ चेकिंग अभियान में निकले थे। इस दौरान गांव से आरोपी मोहित सिंह पुत्र रावेन्द्र सिंह , रोहित सिंह पुत्र गोविंद सिंह व बलराम पुत्र राकेश सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपियों को दोपहर बाद जेल भेज दिया गया।

## छात्र-छात्राओं ने यातायात जागरूकता रैली से जनमानस को किया जागरूक



**बलरामपुर।** बलरामपुर पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चलाया अभियान। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह द्वारा शारदा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं की यातायात जागरूकता रैली निकाली गई, छात्र-छात्राओं ने वीर विनय चौराहा पर स्लोगन लिखी तख्तियॉ, पम्पलेट के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया और नियमों की जानकारी दी गई तथा हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने और नशे में वाहन न चलाने जैसे संदेश दिए गए तथा यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण भी मौजूद रहे। तत्पश्चात यातायात पुलिस द्वारा थाना को0नगर के वीर विनय चौराहा से नगर पालिका तिराहे तक अतिक्रमण हटाया गया व विभिन्न स्थानों पर नियमों का उल्लघंन करने वाले दो पहिया वाहन चालक,ई रिक्शा,बिना हेलमेट,गलत दिशा ,नो पार्किंग, बिना लाइसेंस आदि के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गई व कुल 15 वाहनों का ई-चालान कर 29,500रु0 का सम्मन किया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने, वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिये जागरुक भी किया गया।

## पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में केस

**प्रतापगढ़ ।** सांगीपुर पुलिस ने पीड़िता तथा उसके परिवार के सदस्यों पर जांनलेवा हमले को लेकर पांच आरोपियों के खिलाफ शनिवार की रात हत्या के प्रयास तथा घर में घुसकर मारपीट समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के तिवरानन का पुरवा पहाड़पुर निवासी बृजेश नारायण तिवारी की पत्नी आशा देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बाईस मई को विपक्षी रामचंदर उर्फ मुखिया पुत्र जगदीश प्रसाद तिवारी ने जबरिया रास्ते में अवरोध खड़ा कर दिया। मना करने पर दिन में ढाई बजे आरोपी रामचंदर, व कंचन देवी पति रामचंदर तथा अनुज कुमार व रवि कुमार एवं अमित कुमार पुत्रगण रामचंदर ने गाली गलौज शुरू की। पीड़िता जांन बचाने के लिए घर में घुस गई तब आरोपी लाठी डंडे से लैस होकर घर में घुसकर मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में पीड़िता का पुत्र रोहित कुमार व मोहित कुमार चुटहिल होकर बेहोश हो गये। शोर मचाने पर आरोपी जांनलेववा धमकी देते चले गये। दोनो घायलों का एक अस्पताल में इलाज जारी बताया जाता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रामचंदर समेत पांच के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया।

## आरोपी के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़ ।** दुर्घटना में अधेड़ की मौत को लेकर लीलापुर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के कालीदीन का पुरवा निवासी हरिलाल वर्मा के पुत्र विजय ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तेइस मई को उसका चाचा नरेन्द्र बहादुर वर्मा निमत्रण से रात करीब पौने बारह बजे पैदल घर वापस आ रहा था। सगरासुंदरपुर बाजार के लक्ष्मणपुर तिराहे के पास कोतवाली देहात के पूरे रायजू मोहनगंज निवासी उदयराज सिंह के पुत्र शैलेन्द्र सिंह ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए उसके चाचा को पीछे से टक्कर मार दी। प्रयागराज मेडिकल कालेज ले जाते समय चुटहिल नरेन्द्र की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक शैलेन्द्र के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है।

## महिला से अभद्रता, दी जान से मारने की धमकी

**श्रावस्ती।** नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरपतपुर के मजरा छब्बापुरवा में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता रामावती ने गांव के ही कुछ लोगों पर अभद्रता, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। रामावती के अनुसार, गांव निवासी शिवराम पुत्र छोटकउ, उनकी पत्नी मंजू देवी, जयराम पुत्र रामेश्वर, रामकुमार पुत्र रामेश्वर और उनकी पत्नी भारती देवी उसे और उसके परिवार को आए दिन गंदी-गंदी गालियां देते हैं। पीड़िता ने बताया कि जब वह ड्यूटी पर होती हैं, तो उक्त लोग घर में मौजूद बहू-बेटियों के साथ भी अभद्रता करते हैं। उन्होंने कहा कि उसकी बेटी गोंडा में पढ़ाई करती है, जिसे रास्ते में भी परेशान किया जाता है। लगातार मिल रही धमकियों और उत्पीड़न से पूरा परिवार डरा और सहमा हुआ है। रामावती ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो उसकी और परिवार की जान को खतरा हो सकता है।



## अज्ञात वाहन से बाइक सवार की मौत

**सिद्धार्थ नगर।** जिले के शिव नगर डिढई थाना क्षेत्र के असनहरा पंचायत भवन एनएच 28 के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त खबर के अनुसार मृतक व्यक्ति का नाम राम गुलाम गुप्ता निवासी कबरा थाना शिव नगर का निवासी बताया जा रहा है, स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली लाया गया जहां पर डाक्टरों ने उक्त व्यक्ति को मृतक घोषित कर दिया, सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर आगे की कार्यवाही में पुलिस जुटी है।

## सीमा बल ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा ने एक महत्वपूर्ण पहल की। चौकी ने वाईब्रेन्ट गांव दूल्हा खुर्द के पंचायत भवन में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सीमा चौकी ककरहवा के निरीक्षक रमन कुमार ने ग्रामीणों को नशे के खतरों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में प्रतिदिन सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण जान गंवा रहे हैं। युवाओं में बढ़ती नशे की लत समाज को कमजोर कर रही है। निरीक्षक ने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत के निर्माण में सभी का योगदान जरूरी है। साथ ही उन्होंने अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के महत्व पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों के साथ मिलकर पंचायत भवन की साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया।

## ताजमहल परिसर में विस्फोटक सामग्री की फर्जी सूचना देने को लेकर केस दर्ज

**आगरा।** ताज महल में विस्फोटक सामग्री आरडीएक्स रखे होने की फर्जी सूचना देने वाला एक ईमेल पर्यटन विभाग को भेजे जाने के सिलसिले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पर्यटन विभाग को शनिवार को एक ईमेल भेजा गया था जिसमें दावा किया गया था कि ताजमहल में आरडीएक्स और आईईडी रखा है, जिसके बाद परिसर में तलाशी अभियान चलाया गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (ताज सुरक्षा) अरीब अहमद ने बताया कि पर्यटन विभाग को शनिवार को धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ था, जिसमें कहा गया था कि ताजमहल परिसर में आरडीएक्स युक्त आईईडी रखा है। उन्होंने कहा, तलाशी अभियान के दौरान इस बात का खास ख्याल रखा गया था कि पर्यटक परेशान न हों। उनके मुताबिक, जांच में कुछ भी नहीं मिला था। अहमद ने बताया कि इस संबंध में यहां साइबर अपराध थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, केरल में भी इस तरह की ईमेल सामग्री प्राप्त हुई थी। हम केरल पुलिस से संपर्क कर रहे हैं। प्रथम दृष्टया जांच से पता चलता है कि ईमेल वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का उपयोग करके भेजा गया था। ईमेल किसने और कहां से भेजा इसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रतिभा खोज परीक्षा के मेधावी हुए सम्मानित, विशेष छात्रवृत्ति पाकर खिले चेहरे

● निदेशिका श्रुति ने ज्ञानार्जन में वृद्धि के लिए मेधावियों के प्रोत्साहन पर दिया जोर




**प्रतापगढ़ ।** धधुवागाजन स्थित आईस्टीन पब्लिक स्कूल में रविवार को जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र व छात्रवृत्ति पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। सम्मान समारोह का शुभारम्भ निदेशिका सुश्री श्रुति शुक्ला एवं संरक्षक विभव भूषण शुक्ल तथा चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वही अतिथियों ने विद्यालय के संस्थापक स्वं0 पं0 भगवत प्रसाद शुक्ल एवं शान्ती देवी जी के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। सभागार में आयोजित शांति देवी मानव विकास सेवा संस्थान के बैनर तले भव्य एवं रंगारंग समारोह में चौथी बार आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के सफल मेधावियों को निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं अतिथियों ने सम्मान पत्र तथा मेडल व छात्रवृत्ति प्रदान कर हौसला आफजाई किया।

समारोह में आईस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज के मेधावी शिखर मिश्रा, श्रेष्ठ सिंह, सुमित वर्मा, आयुष्मान मिश्रा, व अभिनव सिंह तथा विद्या एजुकेशन इंस्टिट्यूट के कौशल पाण्डेय तथा आईस्टीन पब्लिक स्कूल प्रतापगढ़ के 39 , संस्कार ग्लोबल के 2 , जयपुरिया के एक , डॉल्फिन पब्लिक स्कूल तथा किड्स वैली एकेडमी के एक व सेंट जोसेफ के तीन , स्वामी विवेकानन्द एवं यश के वाई चिल्ड्रेन एकेडमी के एक समेत इन सफल मेधावियों छात्रों को छह लाख की छात्रवृति के तहत प्लेटनम छात्रवृत्ति पन्द्रह हजार रुपए , गोल्ड छात्रवृत्ति के तहत दस हजार व सिल्वर छात्रवृत्ति में पांच हजार एवं मेरिटोरियस छात्रवृति के तहत एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि निदेशिका श्रुति शुक्ला ने प्रदान कियां । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि आईस्टीन पब्लिक स्कूल के द्वारा इस प्रकार की लगातार ज्ञान वर्धक प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य जिले भर की प्रतिभाओं को ज्ञान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल कराना है। उन्होने कहा कि प्रतिभाओं को समाज एंव देश के उन्नयन में मजबूत नागरिक के रूप में तैयार करना विद्यालय के शैक्षिक मिशन के कीर्तिमान को लगातार प्रोत्साहित रखा जायेगा। संरक्षक विभव भूषण शुक्ल ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए परीक्षा एक सशक्त माध्यम है। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने भारतीय मेधा की सफलताओं का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व संचालन स्नेहा द्विवेदी एवं संगीताचार्य अशोक ओझा एवं शैलजा तिवारी व सोनी तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 सौरभ मिश्र व सुशीला मिश्र रही। आईस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज के प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने प्रतियोगिता के ध्येय पर प्रकाश डाला। वही आईस्टीन पब्लिक स्कूल प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य हिमाशु शेखर ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह में विद्यालय की नन्ही मुन्ही प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय एवं सामाजिक मूल्यों से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर योगेन्द्र शुक्ला, महेन्द्र पाठक, गरिमा मिश्रा, आन्द्रे डिसुलुआ, दिनेश सिंह, आदि रहे।

## विद्यालय में बच्चों को फर्स्ट एड, स्वास्थ्य के प्रति करें जागरूक, ओआरएस कॉर्नर अवश्य बनवायें



**मेरठ।** रविवार को जीआईसी में समर कैंप के संबंध में एक फर्स्ट एड एमरजैंसी सीपीआर का एक प्रशिक्षण ऑनलाइन द्वारा दिया गया । जिसमें जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ एवं जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में मेरठ जनपद के सभी विद्यालयों को एक फर्स्ट एड सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया।इस ऑनलाइन प्रशिक्षण में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में 105 से अधिक प्रधानाचार्यो और अध्यापकों ने प्रतिभाग किया जिसमें जिला आपदा नोडल अधिकारी डॉक्टर अंकुर त्यागी के द्वारा सभी विद्यालयों को प्रशिक्षित कर हीट वेव के लिए ओआरएस कॉर्नर के संबंध में जानकारी दी और एक नई पहल आरोग्य ,आपदा मित्र के संबंध में सभी अध्यापकों को जागरूक किया कि वह अपने विद्यालय में बच्चों को फर्स्ट एड एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें और ओआरएस कॉर्नर अवश्य बनवाएं साथ ही डॉक्टर रक्षित के द्वारा सीपीआर के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया । डॉक्टर प्रशांत कुमार वाइस प्रिंसिपल जीआईसी एवं समर कैंप में आए विद्यार्थी प्रशिक्षण में उपस्थित रहे जिला विद्यालय निरीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा इस प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा गया कि सभी विद्यालय इस प्रशिक्षण को छात्र एवं छात्रों तक पहुंचाएं साथ ही डॉक्टर अंकुर त्यागी के द्वारा शुरू किए गए जन जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि हम किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार होकर विद्यालयों के छात्रों, अध्यापकों एवं समाज को आपदा स्वास्थ्य मित्र बनकर फर्स्ट एड का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वास्थ्य के लिए जागरुक कर सकें।

## व्यावसायिक शिक्षा के विशेष सचिव का दौरा

**सिद्धार्थनगर।** व्यावसायिक शिक्षा के विशेष सचिव एवं नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह ने जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर के साथ सिद्धार्थनगर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नौगढ़ मॉडल आईटीआई सिद्धार्थनगर का दौरा किया। साथ ही टीटीएल योजना के तहत संचालित राजकीय आईटीआई बांसी का भी निरीक्षण किया। विशेष सचिव ने दोनों संस्थानों में वर्कशॉप और कक्षाओं का जायजा लिया। उन्होंने संस्थानों की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की सराहना की। निरीक्षण के दौरान सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण पाए गए। नोडल प्रधानाचार्य सत्यदेव दुबे ने विशेष सचिव को संस्थानों से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य सत्यदेव दुबे के अलावा अहमद परवेज, अरशद हुसैन, राकेश कुमार मौर्य, राजेश कुमार सिंह, विनीत कुमार शर्मा, संतोष कुमार मिश्रा और संजीव कुमार मिश्रा सहित दोनों संस्थानों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात पशु तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** जिले के शाहपुर इलाके में पुलिस ने एक कुख्यात पशु तस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शनिवार रात जिले के शाहपुर इलाके में एक कुख्यात अपराधी के मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोकने की कोशिश की, मगर उसने रुकने के बजाय पुलिस दल पर कथित रूप से गोलीबारी कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान गोरखपुर के गुलरिहा थाने के टोला दहला निवासी अनूप यादव के रूप में हुई है। उस पर गोरखपुर जिले के विभिन्न थानों में पशु तस्करी, जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, पशु क्रूरता समेत कुल 29 मुकदमे दर्ज हैं।

# दर्द हमको मिला वो संवरते रहे

● शिवम साहित्यिक मंच के बैनर तले आयोजित कवि सम्मेलन में आपरेशन सिंदूर की कामयाबी को लेकर बही राष्ट्रीयता की धार

**प्रतापगढ़ ।** आपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर केन्द्रित कवि सम्मेलन में कवियों ने राष्ट्रीयता की धार को परवान चढाया है। सांगीपुर क्षेत्र के बाबा घुइसरनाथ धाम के समीपपूरे लछिमन डभियार गांव में शनिवार की शाम में शिवम साहित्यिक मंच के वैनर तले कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में चोटी के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के जरियें आपरेशन सिंदूर की सफलता का जमकर बखान किया। देश के शौर्य गाथा से जुड़ी पक्तियों को सुनकर श्रोता भी राष्ट्रीयता के ओज में झूम उठे। वही कवि सम्मेलन में कवियों ने सामाजिक सद्भावना, राष्ट्रीय एकता व नैतिक मूल्यों में आ रही गिरावट को लेकर भी जागरूकता प्रदान की। अमेठी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कवि सम्मेलन का शुभारम्भ किया। नवीन सुलतानपुरी की वाणी वंदना मनमोहक रही। कवि शीतला प्रसाद सुजान ने भ्रष्टाचार पर कुछ यूं प्रहार किया - जहां पे देखो वहीं दलालों चोरों के हैं राज वही श्रृगांर के मशहूर कवि नवीन सुलतानपुरी ने पढ़ा -दर्द हमको मिला वो संवरते रहे को सुनकर लोग वाह-वाह कर उठे। अमेठी के हेमंत शुक्ल ने जंग कोई कभी भी न



हारा, आज अपनों से हारा पढ़ा । वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रप्रकाश मंजुल ने हास्य व्यंग के जरिए विविध विषयों पर करारा प्रहार किया। वही ओजकवि अंजनी अमोघ, देवेन्द्रनाथ त्रिपाठी,सुधीर रंजन,डा राममूर्ति मिश्र,श्यामशंकर पांडेय, रमेश मिश्र,डा राममूर्ति मिश्र,वेनीमाधव मिश्र,अनूप त्रिपाठी,पवन मिश्र प्रखर की भी रचनायें लोगों को पसंद आई। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने साहित्य को राष्ट्र की चेतना का स्तम्भ कहा। विशिष्ट अतिथि रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी साहित्य को देश व समाज की मजबूती का आधार स्तम्भ बताया । कवि सम्मेलन की अध्यक्षता आचार्य विद्याभूषण मिश्र व संचालन साहित्यकार एवं सयोजक कवि अखिलेश मिश्र ने किया । आयोजक पं0 प्रताप नारायण मिश्र शास्त्री ने साहित्यकारों को मंच की ओर से सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन सहसंयोजक शैलेश मिश्र व नागेश मिश्र ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ,राणा सूबेदार सिंह, अरविंद मिश्र, डा अमिताभ शुक्ल, रामबोध शुक्ल, अशोकधर द्विवेदी, कमलेश मिश्र ,राज, आचार्य बृजबिहारी मिश्र, धनंजय मिश्र,शम्भूनाथ मिश्र,राजू पयासी, पप्पू पांडेय, रमाकांत मिश्र,मधुबनी अमरबहादुर सिंह, समाजसेवी संजय शुक्ल, आनंदप्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार मिश्रा, डॉ0 वीपी यादव, पंकज शुक्ला, विनोद सिंह बघेल, सुरेश मिश्र मदन, प्रेम मिश्रा, सुनील सिंह, शिव करन चर्तुवेदी, अभिषेक पाण्डेय, मुकेश तिवारी, सुमित वत्सल, शत्रुधन पाण्डेय, दिनेश सिंह,श्रीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श केंद्र में 3 विवाद निस्तारित




**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें 03 पत्रावलियों का सफल निस्तारण संभव हुआ, परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी एवं अन्य परिजनों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम अपने परिवार के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को सलाह दी गयी कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरूआत करें। पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, वंदना मिश्रा, तनवीर जहां, महिला थाना प्र0नि0 विनीता चतुवेर्दी, महिला कां0 ज्योती व मनीषा वर्मा का सराहनीय योगदान रहा। सिमरन बनाम पिंटू वर्मा थाना तुलसीपुर, जरीना बनाम साजिद थाना उतरौला, लालदेवी बनाम अरुण कुमार थाना कोतवाली नगर का आपसी विवाद का निबटारा हुआ।

संक्षेप

## ऑटो पलटने से दस घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** रविवार दोपहर लगभग 2 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाँव भावल पुर के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप हुआ जब एक बाइक ने ओवरटेक करने की कोशिश की उसी दौरान ऑटो ड्राइवर ने बाइक सवार को बचाने का प्रयास किया, जिससे ऑटो का संतुलन बिगड़ गया और वह खम्बे से टकराकर पलट गया। घायलों में अल्पना (45 वर्ष) पत्नी अशोक,तन्वी मिश्रा 25 वर्ष पुत्री अशोक मिश्रा, प्रतिभा 18 पुत्री श्याम मिश्रा, अनुष्का 13 पुत्री दीपेन्द्र,हर्ष मिश्रा 22पुत्र अशोक मिश्रा,प्रियांशु मिश्रा18पुत्र श्याम मिश्रा निवासीएटा चैराहा शिकोहाबाद,प्रियंका पत्नी मुकेश कुमार, निवासी मक्खनपुर फिरोजाबाद और उनके दो पुत्र यश (10 वर्ष) व आर्यन (7 वर्ष) व ऑटो चालक वीरेंद्र सिंह (50 वर्ष), पुत्र जयवीर सिंह, निवासी महेवा भी हादसे में घायल हो गया। घटना के बाद घायलों को अलग अलग एम्बुलेंस से पायलट सतेंद्र सिंह ने ईएमटी अनूप सिंह के सहयोग से सीएचसी भर्ती कराया जहां कुछ की हालत गंभीर होने के कारण उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार पहुंचे और जांच शुरू की।

## अपहृत युवक बरामद

**इटावा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब वन विभाग कार्यालय के पास से स्कूटी सवार युवक का कुछ अज्ञात बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में अपहरण कर लिया। सूचना मिलते ही जिले की पुलिस सतर्क हो गई। शहर भर में नाकाबंदी कर दी गई। अपहरणकर्ता युवक को स्विफ्ट कार में डालकर फरार हो गए थे। जिन्हें पुलिस ने पीछा कर रोका। लेकिन आरोपी कोतवाली क्षेत्र के काली वाहन मंदिर के पास क्राइम ब्रांच की गाड़ी को टक्कर मारते हुए फरार हो गए। भागते समय स्विफ्ट कार झाड़ियों में जाकर फंस गई।जिसके बाद आरोपी बीहड़ की ओर भाग निकले। कार से अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया है। घटना के बाद से बीहड़ क्षेत्र में पुलिस का सघन तलाशी अभियान चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी बृजेश कुमार मिश्रा स्वयं मौके पर पहुंचे। उनके साथ एसपी, सीओ, क्राइम ब्रांच की टीम, फॉरेंसिक एक्सपर्ट और छह थानों की फोर्स बीहड़ में तलाशी अभियान चला रही है। ड्रोन कैमरों की सहायता से संदिग्धों की तलाश की जा रही है। पुलिस की कई टीमें बीहड़ में दो घंटे से कांबिंग कर रहीं है। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई की। अपहृत युवक को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बीहड़ में व्यापक सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

## करंट से युवक की मौत

**बकेवर, इटावा।** कस्बा लखना में स्थित नहर की पटरी पर एक मीट के खोखा पर 11 हजार केवी की लाइन का तार टूट कर खोखा पर गिरने के चलते दुकानदार गम्भीर रुप से घायल हो गया आनन फानन में परिजन उसे 50 शैया अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। वहीं सूचना पर थाना बकेवर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायतनामा भरने के पश्चात उसे पोस्टमार्टम हेतु इटावा भेजा गया। कस्बा लखना निवासी मनोज उर्फ कल्लू पुत्र उमाशंकर निवासी खेड़ा मुहाल लखना रोज की भांति रविवार को नहर की पटरी पर स्थित मीट की दुकान खोलने के लिऐ गया था उसी दौरान मीट के खोखा पर ग्यारह हजार केवी का तार टूट कर गिर गया। जिसके चलते मनोज गम्भीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों व मनोज के परिजन मौके पर पहुंचे और मनोज को आनन फानन में बकेवर स्थित पच्चास शैया अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। मृतक के पुत्र अनमोल ने बताया कि दो दिन पहले ही विद्युत विभाग द्वारा तारों को सही किया गया था। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते घटना घटित हुई है। वहीं मृतक के दो पुत्री बेटू अंकित तथा एक पुत्र अनमोह है। वहीं मृतक के स्वजनों का रो रो बुरा हाल बना हुआ है।

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने छोटे पुत्र संदीप मिश्र के गलत आचरण एवं व्यवहार सही न होने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। भविष्य में मेरा इनसे कोई भी लेना देना व सरोकार नही है। अपने गलत कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रविशंकर मिश्र पुत्र स्व जुगुल किशोर मिश्र निवासी 285, पीताम्बर खेड़ा भाग 2 जिला उन्नाव।**

# ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत के मामले में डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज

## रविवार को जांच टीम ने सील किया अस्पताल



**गगहा/मंझगांवा,गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हाटा बाजार स्थित एक नर्सिंग होम में एक प्रसूता की सिजेरियन डिलीवरी में बच्चा पैदा हुआ था। सीजर होने के बाद इलाज के दौरान प्रसूता की मौत हो गई।परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही। तो वहीं शिकायत के बाद जांच में पहुंची जांच टीम ने अस्पताल की जांच के बाद उसे सील कर दिया तथा वहां भर्ती मरीजों को कहीं अन्य जगह शिफ्ट करा दिया।

इलाके के लखनापार निवासी प्रसूता पूजा निषाद पत्नी रूपेश निषाद शनिवार को प्रसव पीड़ा से परेशान थी परिजन उसे लेकर हाटा बाजार स्थित वैभव नर्सिंग होम पहुंचे, जहां इलाज शुरू किया गया और लगभग 10.45 पर आपरेशन से बेटा पैदा हुआ। बेटे को बड़हलगंज एक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया, जबकि प्रसुता का इलाज हाटा स्थित नर्सिंग होम में चलता रहा। परिजनों की मानें तो आपरेशन के बाद प्रसुता से परिजनों को नहीं मिलने दिया गया और उनसे कहा जाता रहा की मरीज ठीक है और शाम 6 बजे परिजनों को मरीज की हालात खराब होने की जानकारी दी तथा रात्रि 8 बजे प्रसूता को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा पहुंचे, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर गगहा थाने पर पहुंचे जहां थाना प्रभारी ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही। जिस पर परिजन व उनके समर्थक हंगामा करने लगे। पुलिस ने पति रूपेश की तहरीर पर डा विक्रम मद्धेशिया व संदीप यादव व अन्य अस्पताल के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ धारा वी एन एस की धारा 105 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी डा विक्रम मद्धेशिया को गिरफ्तार कर लिया, तब परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।

घटना के दुसरे दिन नायब तहसीलदार जीवेंन्द तिवारी, थाना प्रभारी गगहा सुशील कुमार व प्रभारी चिकित्साधिकारी गगहा डा बृजेश वरनवाल अपनी टीम के साथ रविवार को दोपहर में अस्पताल पहुंचे जहां दस्तावेजों की जांच कर अपने कब्जे में ले लिया और अस्पताल को सील कर दिया। शनिवार की रात प्रसुता की मौत के बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों को कहीं दुसरे अस्पतालों में शिफ्ट कर कर्मचारी अस्पताल से फरार हो गये। इस सन्दर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर बृजेश कुमार वरनवाल ने कहा इस सन्दर्भ में मैं कुछ बाईट नहीं दे पाऊंगा. थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि परिजनों के शिकायतीपत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है, अस्पताल को मजिस्ट्रेट व सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी के मौजूदगी में सील किया गया है।

## प्रधान से हुई लूट की वारदात पर केस दर्ज

**मझगांवा/गगहा,गोरखपुर।** शनिवार को दिन में करीब एक बजकर पन्द्रह मिनट पर गांगूपार के ग्राम प्रधान संतोष सिंह के साथ लोहरापार मोड़ के पास आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने पचास हजार रुपए व मोबाइल लूटकर फरार हो गए.ग्राम प्रधान संतोष सिंह ने शनिवार को गगहा पुलिस को तीन नामजद व पांच छह अज्ञात के खिलाफ शिकायतीपत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन पुलिस ने मामले में देर रात तक मुकदमा दर्ज नहीं किया,तब नाराज प्रधान संघ के गगहा ब्लाक के अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता थाना पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की।

## प्रधान संघ व भाजपाई पहुंचे गगहा थाना

शनिवार को गगहा थाना क्षेत्र के गांगूपार के ग्राम प्रधान संतोष सिंह के साथ शनिवार को दोपहर करीब एक बजकर पन्द्रह मिनट पर पचास हजार रुपए व मोबाइल लूटने की घटना के बाद गगहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया तो नाराज गगहा ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, संतोष सिंह, अनिल शाही, अंकित चन्द,राकेन्द्र द्विवेदी,दीपक कुमार, संदीप मौर्या,गगहा मण्डल के निर्वतमान अध्यक्ष संतोष चन्द, जानीपुर मण्डल अध्यक्ष राजन सिंह, राकेश सिंह,मनोज सिंह,संजय श्रीवास्तव, पंकज सिंह, जयप्रकाश सिंह सहित अन्य लोगों ने गगहा पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। काफी देर तक पुलिस व संतोष सिंह के बीच बहस की स्थिति बनी रही.प्रधान संघ व भाजपा कार्यकर्ता मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई के लिए अड़े रहे. पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने में देरी से नाराज प्रधान संतोष सिंह ने कहा कि मेरे साथ घटना घटी। आरोपी ही पुलिस को मेरा मोबाइल वापस दी उसके बाद भी मुकदमा दर्ज करने में हो रहे देरी से आपके कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठाना लाजिमी है। घंण्टो बातचीत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की बात कह रही है लेकिन मुकदमा दर्ज करने में देरी के सवाल पर चुप्पी साध रही है।

## 27 मई को ओपीडी रहेगी निःशुल्क



**इटावा।** भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा के वरिष्ठ सदस्य एवं आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रो. आरपी तिवारी व उमा तिवारी के पुत्र स्व. मनीष तिवारी की पुण्य स्मृति में 27 मई मंगलवार को श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में ओपीडी और सभी जांचें निःशुल्क रहेंगी। इसकी जानकारी देते हुए चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि प्रो. आरपी तिवारी एवं आशीष तिवारी के संयोजन में उक्त तिथि को प्रातः नौ से दोपहर दो बजे तक लोगों के लिए ओपीडी के साथ चश्मा समेत नेत्र संबंधी सभी जांचें निःशुल्क रहेंगी तथा सभी को दवाइयां भी निःशुल्क दी जाएंगी। उन्होंने लोगों से निःशुल्क ओपीडी सेवा का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## बिजली की हड़ताल को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

**इटावा।** विकास भवन के ऑडिटोरियम हॉल में अधीक्षण अभियंता एवं आईटीआई प्रिंसिपल राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षण किया गया। जिसमें आईटीआई के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि 29 मई सुनिश्चित उसके मद्देनजर 56 सब-स्टेशन हैं एवं आईटीआई के छात्रों की ड्यूटी लगाई गई व बताया कि 2 चरणों में ट्रेनिंग दी जाएगी, पहला चरण विकास भवन के ऑडिटोरियम हॉल में पहला प्रशिक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सभी को तैनात करके प्रशिक्षण किया गया एवं प्रशासन के स्तर से तैयारी की जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान 90 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर एक्शियन विद्युत हनुमान मिश्रा, विद्युत विभाग सहित आईटीआई के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तहरीर बदलने का आरोप लगा ग्रामीणों ने किया चक्का जाम




**चौरीचौरा, गोरखपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ब्रहम्पुर के अवरहिया टोला निवासी बृजेश निषाद के परिजनों ने डेड बॉडी आने के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों के साथ रविवार की सुबह नई बाजार पुलिस चौकी के सामने चक्का जाम कर दिया। और जमकर हंगामा किया। परिजनों ने तहरीर बदलने का आरोप लगाया। घटना को गंभीरता से लेते हुए सूचना पर झंगहा व चौरीचौरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई । लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद नायब तहसीलदार व पुलिस द्वारा परिजनों से लिखित मांग पत्र लेते हुए समझा बुझाकर जाम हटवाया गया।

18 मई की शाम लगभग तीन बजे नईबाजार बोहाबार मार्ग पर अवरहिया निवासी बृजेश निषाद पुत्र बलदेव व उसके साथ परसिया निवासी पप्पू पुत्र रामसकल बाईक से जा रहे थें कि 20 नंबर बोरिंग के निकट मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने ठोकर मार दी थी। जिससे गंभीर चोटे आई थी ।परिजन गोरखपुर स्थित एक निजी अस्पताल में ईलाज करा रहे थें ।गंभीर स्थिति देखकर वहां के डाक्टरों ने शुक्रवार को रेफर कर दिया। फिर परिजन केजीएमसी लखनऊ ले गए । जहां डाक्टर डाक्टरों ने बृजेश निषाद को मृत्यु घोषित कर दिया ।पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को देर शाम डेड बॉडी घर पहुंची ।रविवार की सुबह परिजनों ने ग्रामीणो के साथ नईबाजार पुलिस चौकी के सामने डेड बॉडी रखकर चक्का जाम कर दिया।

## किशोर का शव रखकर ग्रामीणों ने लगाया जाम

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के कुसुली गांव के एक बाग में खेल के दौरान पेट मे लगी गेंद की चोट से हुई मौत के मामले में मृतक 11 वर्षीय लड़के के परिजनों व ग्रामीणों ने रविवार को मृतक का शव भौवापार-इब्राहिमपुर सम्पर्क मार्ग पर कुसुली गांव के सामने सड़क पर रख जाम लगा दिया। चौरीचौरा पुलिस ने जाम करने वालों को समझाया बुझाया । लेकिन बात नहीं बनी। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव के सेहरा टोला निवासी 11 वर्षीय अविनाश निषाद पुत्र रामबचन निषाद शनिवार को अपने गांव के समीप कुसुली गांव के एक बगीचे में खेल रहा था। खेल के दौरान गेंद अविनाश के पेट में लग गया। जिससे अविनाश मौके पर ही बेहोश हो गया था ।इलाज के लिए उसे एम्स ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में अविनाश की मां कुंती देवी ने विपक्षी टीम के एक किशोर पर सीने पर मारने का आरोप लगाया।

## पट्टीदारों पर चाकू से हमला करने का आरोप

**पिपरौली,गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के एक पीड़ित महिला ने गांव के युवको पर अपने लड़के पर चाकू से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया हैं। मामले की जांच पुलिस कर रही है। स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी दीपचंद (20) शनिवार रात करीब 10 बजे खजनी थाना क्षेत्र किसी गांव के रिश्तेदारी में जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि गाड़र गांव स्थित शहीदाबाद पुल पार करते ही पहले से ही घात लगाए बैठे पट्टीदार सच्चिदानंद, सुग्रीव, राजू और सुमित ने लाठी, डंडों से मारने के साथ गले पर चाकू से हमला जानलेवा हमला किया। मरा समझकर आरोपी फरार हो गए ।वही पीड़ित की मां सरोज देवी ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि लिखित तहरीर थाने पर दिया गया लेकिन पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही, कह रहे है कि तुम्हारे लड़के का एक्सीडेंट हुआ होगा। पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही।

# 15 साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार



- मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी

**इटावा।** पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए हत्या और डकैती जैसे संगीन मामलों में 15 साल से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह बदमाश जनपद औरैया का निवासी है और जिले कानपुर देहात में कई गंभीर मामलों में वांछित था।

पुलिस को रविवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की स्प्लेंडर बाइक के साथ लायन सफारी पार्किंग गेट के सामने खड़ा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम मौके पर पहुंची। जैसे ही पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ने की कोशिश की, वह भागने लगा और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में बेचन कुमार सिंह प्रभारी एसओजी, विक्रम सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन, उ.नि. राजेश कुमार मौर्य, उ.नि. संजय यादव रहे। गिरफ्तार बदमाश की पहचान शेफा उर्फ शेख मोहम्मद पुत्र शेहरा उर्फ हुकूमत, निवासी फूटा तालाब, थाना दिबियापुर, जनपद औरैया, उम्र करीब 52 वर्ष के रूप में हुई है। उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, छह जिंदा कारतूस और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि मोटरसाइकिल उसने थाना जसवंतनगर क्षेत्र से चोरी की थी। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के अनुसार आरोपी वर्ष 2010 में जिले कानपुर देहात के शिवली कस्बे में अपने साथियों के साथ मिलकर एक घर में घुसकर हत्या और डकैती की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था। उसके साथियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है, लेकिन वह अब तक फरार था। पहले उस पर 2500 का इनाम था, जिसे 2018 में बढ़ाकर 10 हजार कर दिया गया था। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल मोतीझील भेजा गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना पुलिस ने शनिवार रात एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश कल्लू उर्फ राजू बंजारा को कचैरा नहर पुल के समीप से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी किछह महीने से फरार चल रहा 40 वर्षीय कल्लू उर्फ राजू बंजारा पुत्र राम सिंह,रुकनपुरा थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद के रहने वाले को एक प्लांट के सामने संदिग्ध अवस्था में खड़ा है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक मनीष कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 1 देसी तमंचा 1 खोका व 6 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ गौ वध अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी पर इटावा एसएसपी द्वारा 25,000 का इनाम घोषित किया गया था।

# एसएसपी ने थाने का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा



**इकदिल, इटावा।** एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने इकदिल थाना का औचक निरीक्षण करके जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना कार्यालय के त्योहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर आदि की गहनता के साथ जांच-पड़ताल किया। एसएसपी ने संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण व अभिलेखों को समय से पूरा करने, व थाना परिसर की साफ सफाई व सौदर्यीकरण हेतु सख्त निर्देश जारी किया। और उन्होंने ने सीसीटीएनएस कक्ष ,महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदीगृह, भोजनालय, की जांच करने के बाद महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी से भी जानकारी हासिल की है। इस दौरान कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह चैहान, क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा एवं पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## डॉ. सैयद फैजान ने किया जिले का नाम रोशन सुपर स्पेशिलिटी यूरो सर्जन में हुआ चयन

**इटावा।** डाक्टर सैयद फैजान अहमद एमबीबीएस, एमएस (जर्नल सर्जन) केजीएमयू लखनऊ का चयन ऑल इंडिया नीट से वरिष्ठता क्रम में सुपर स्पेशिलिटी यूरो सर्जन पर हुआ। इस उपलब्धि पर उनके ग्रह जनपद इटावा में हर्ष की लहर दौड़ गई हजारों लोगों ने उन्हें बधाई दी। जनपद इटावा के होनहार डाक्टर सैयद फैजान अहमद को इटावा से पहला यूरोलॉजी एण्ड किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन होने का सौभाग्य प्राप्त होगा जो जनपद के लिए बड़ी उपलब्धि है। डाक्टर सैयद फैजान अहमद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ्य विभाग एवं कार्यवाहक



जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी सयुंक्त परिषद रिजवान अहमद के पुत्र तथा प्रधानाचार्य इस्लामियां इंटर कालेज गुफरान अहमद के भतीजे हैं। इस मौके पर गणमान्य नागरिकों ने अपने आशीर्वाद दुआओ और बधाई से उन्हें नवाजा। बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद सुखदा मिश्रा, डा. सूर्यकांत एचओडी केजीएमयू लखनऊ, डा. आदेश कुमार पीजीआई सैफई, पूर्व सीएमओ भगवान दास, पूर्व सीएमओ शकील हैदर जायसी, डा. कुलदीप आदिम, आईएमए अध्यक्ष डा. डीके दुबे, डा. केएस भदौरिया, डा. बीके मिश्रा, डा. अबूबक्र अंसारी, डा. रवि शर्मा, डा. अभिनव दुबे, डा. प्रशांत मिश्रा, डा. कुश महरोत्रा, डा. आनन्द कुशवाहा, डा. पीयूष तिवारी, डा. कुश चतुर्वेदी, अवध किशोर बाजपेयी, जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी सयुंक्त परिषद राजेश मिश्रा, अध्यक्ष शिक्षक संघ विनोद यादव, प्रदीप सक्सेना, रामतेज यादव, प्रधानाचार्य संजय शर्मा, प्रधानाचार्य उमेश यादव, प्राचार्य डा. शैलेन्द्र शर्मा, राहत अकील, शावेज नकवी, इबाद रिजवी, फीरोज अंसारी, प्रेमकिशन पाल एड., गुरुप्रसाद द्विवेदी एड., आशुतोष दीक्षित एड., राजकुमार वर्मा, मनीषा सिंह, पल्लवी दुबे, शालिनी गुप्ता, विनीता गुप्ता, अंजना सक्सेना, मनोज जैन प्रमुख हैं।

## महिलाएं 28 को अपनी समस्या से अवगत करायें

**इटावा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी, सूरज सिंह ने कराया कि समस्त महिलाओं को सूचित किया जाता है कि पूनम द्विवेदी, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं की समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई 28 मई को दोपहर 12 बजे नवीन प्रेरणा सभागार, विकास भवन में जनसुनवाई की जायेगी। पीड़ित महिलाऐं ससमय उपस्थित होकर सदस्य को अपनी समस्याओं से अवगत करा सकती है।

## पीतांबरा धाम मंदिर में मॉ यमुना की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**इटावा।** यमुना नदी के किनारे प्राचीन ग्यारह रुद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बने पीतांबरा धाम मंदिर में रविवार को मॉ यमुना की प्रतिमा श्रद्धाभाव के साथ स्थापित की गई। वैदिक मंत्रोच्चार व व हवन पूजन के साथ माता की स्थापना आचार्य राजेंद्र पांडे ने कराई। पीतांबरा धाम मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे व अन्य श्रद्धालुओं ने स्थापना के बाद माता की आरती भी उतारी। यमुना तट पर मां गंगा का मंदिर तो बना था लेकिन मां यमुना का मंदिर नहीं था अब श्रद्धालु प्रमुख पर्वों पर मॉ यमुना की प्रतिमा का भी पूजन अर्चन कर सकेंगे। माता की स्थापना के बाद आकर्षक श्रंगार किया गया और आरती उतारी गई हवन पूजन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। स्थापना के समय यमुना तट पर माता के जयघोष से गुंजायमान होते रहे। पीतांबरा धाम मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे ने बताया कि मॉ यमुना की पूजा से सुख समृद्धि और सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है साथ ही जीवन में सफलता भी मिलती है और यमराज की यातना से छुटकारा भी मिलता है। इतना ही नहीं पावन यमुना नदी में स्नान करने से आत्मा शुद्ध होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। इस मौके पर महेश सक्सेना गोपाल तिवारी शिव गोविंद सिंह रविंद्र सिंह भदौरिया रामू जादौन बीरेन्द्र सिंह भदौरिया व काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पशु पक्षियों के लिए जलपात्र नांद रखवाये

**इकदिल, इटावा।** परशुराम सेवा समिति ने भीषण गर्मी को देखते हुए बेसहारा जानबर पशु-पक्षियों के लिए कस्बा इकदिल एवं ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह जल पात्र नांद रखवाये स परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए समिति ने जगह जगह जल पात्र रखवाने का निर्णय किया है जिसके तहत कस्बा इकदिल में पांच जगह, स्टेशन रोड़ पर दो जगह, चांदनपुर में पांच जगह, प्रकाश कोल्ड स्टोर के पास, सराय जलाल में दो स्थानों पर एकता कालोनी में एक स्थान पर, बृहमनगर इटावा में 3 स्थानों पर जल पात्र रखवाये स इस मौके पर संरक्षक हरि प्रकाश चैधरी, प्रदेश महामन्त्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, धर्मेंद्र दुबे, राहुल प्रकाश दीक्षित, प्रधान हरीकिशन दीक्षित, नवीन मिश्रा, शिवेंद्र मिश्र, विशाल तिवारी आदि उपस्थित रहे स जिले भर में जल पात्र रखने का सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

## पति समेत सात पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**चौरीचौरा,गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक महिला की तहरीर पर स्थानीय पुलिस चौरीचौरा ने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध धारा 85/115(2)/352/ 351(2)/351(3) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। महिला ने पति,सास, ससुर व नदन और देवर समेत सात लोगों पर दहेज के लिए मारने पीटने का आरोप लगाया है। महिला ने पति का एक दूसरे महिला से अवैध संबंध के साथ उनके नाजुक अंगों को पति द्वारा क ?ई बार क्षति पहुंचाने के प्रयास करने का गंभीर आरोप भी लगाई है। चौरीचौरा पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है ।चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक गांव कि एक महिला का विवाह लगभग आठ बर्ष पहले बांसगांव थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी शेर बहादुर के साथ हुआ था। महिला का आरोप है उसके पति शेर बहादुर,ससुर रामबृक्ष, सास,ननद वंदना, शंदन, देवर संदीप , ससुर की बहन लीला दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं ।और मारते पीटते हैं। महिला ने चौरीचौरा पुलिस को बताया कि उसका पति शेर बहादुर मेडिकल कालेज में सफाईकर्मी है। वहीं पर एक महिला के साथ उसका अवैध संबंध भी है। महिला का आरोप है कि उसका पति मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाकर कहता है कि यह वीडीयो तुम्हारा है। महिला ने उसपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पति ,इच्छा के विरुद्ध पशु जैसा कृत्य करता है। इतना ही मना करने बाद भी नाजुक अंगों को क ?ई बार क्षति पहुंचाने का प्रयास करता है।

# मनुष्यता के यथार्थ पर्याय थे बालकृष्ण बजाज : महापौर

- सुप्रसिद्ध समाजसेवी बालकृष्ण बजाज की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और सम्मान समारोह का आयोजन
- आदर्श सामाजिक व्यक्तित्व के रूप में याद रहेंगे बालकृष्ण बजाज : डॉ. धर्मेंद्र सिंह

**जिला संवाददाता, गोरखपुर।** सामाजिक सरोकारों के निर्वहन में सदैव अग्रणी रहे सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्मृतिशेष बालकृष्ण बजाज यथार्थ रूप में मनुष्यता के पर्याय थे। बिना भेदभाव समाज के हर व्यक्ति का सम्मान और हर पीड़ित का तन, मन और धन से सहयोग उनका नैसर्गिक स्वभाव था। भौतिक रूप से भले ही वह हम सबके बीच नहीं हैं लेकिन अपने विचार, कार्य और व्यवहार की स्मृति पूंजी से आज भी विद्यमान हैं।

यह बातें महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहीं। वह रविवार को सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय बालकृष्ण बजाज की 18वीं पुण्य तिथि पर किराना अतिथि भवन साहबगंज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा और सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर ह्यबालकृष्ण बजाज का जीवन : एक विमर्शह्न विषयक विचार गोष्ठी में महापौर ने कहा कि स्वर्गीय बजाज सरलता, सहजता और सौम्यता की प्रतिमूर्ति थे। गोरक्षपीठ से जुड़कर उनकी सेवायात्रा ने समाज के हजारों लोगों का उपकार किया। उनके सामाजिक




सरोकार के संस्कार उनके पुत्रद्वय दुर्गेश बजाज और अंकित बजाज में परिलक्षित होते हैं। इस अवसर पर स्वर्गीय बजाज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि किसी आदर्श सामाजिक व्यक्ति की जब भी परिभाषा तय होगी तब बालकृष्ण बजाज जी का नाम स्वतः ही मनसपटल पर आ जाएगा। उनका जीवन हर सामाजिक व्यक्ति के लिए प्रेरक है। सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि स्वर्गीय बालकृष्ण बजाज का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहा। जब भी किसी ने उनसे मदद मांगी, उन्होंने तत्काल आगे बढ़कर उसकी सहायता की। इसके अलावा कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, पूर्व महापौर श्रीमती अंजू चौधरी, गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य मेजर रामनाथ गुप्त और भाजपा के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने भी बालकृष्ण बजाज जी से जुड़ी अपनी स्मृतियों को भावपूर्ण तरीके से साझा किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता पुष्पदंत जैन, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आरपी त्रिपाठी, किराना कमेटी के अध्यक्ष उमेश मद्धेशिया, पार्षद ऋषि मोहन वर्मा, रणजीत सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आभार ज्ञापित करते हुए दुर्गेश बजाज एवं अंकित बजाज ने कहा कि अपने पिता स्वर्गीय बालकृष्ण बजाज के आदर्शों पर चलते हुए हर जरूरतमंद की सहायता ही उनके जीवन का ध्येय है। समाज के लिए पिता के दिखाए मार्ग पर चलने को वे संकल्पित हैं।

कार्यक्रम के दौरान समाज के अंतिम पायदान पर रहकर भी स्वच्छता के जरिये समाज की महत्वपूर्ण सेवा करने वाले कुल 35 (महिला-पुरुष) सफाई कर्मयोगियों को अन्न और वस्त्र का उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पार्षद पवन त्रिपाठी, रणजय सिंह जुगनू, जितेंद्र सैनी, वीर सिंह सोनकर, मनीष सिंह, राजेश सोनकर, सुधा मोदी, मदन अग्रहरि, भोला अग्रहरि, जय यदुवंशी सहित बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## जेठ ने महिला और उसके पति को पीटा रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लखरावां में जेठ ने चोटे भाई और उसकी पत्नी पर हमला कर मारपीट की। लखरावां निवासी रेखा देवी पत्नी श्यामजी द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि रात 12 बजे के करीब आरोपी रामबली पुत्र रामअवतार ने शराब के नशे में धुत होकर घर में घुसकर सोते हुए दंपती पर लात-घूंसों से हमला कर दिया।पीड़िता ने बताया कि आरोपी अक्सर नशे में रहता है और घर में विवाद करता है।बीती रात उसने न सिर्फ मारपीट की, बल्कि गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में पति-पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## युवती को बहला-फुसला कर ले गया युवक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल)कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक 21 वर्षीय युवती प्रेमी के साथ चली गई। युवती के पिता ज्ञानचंद्र ने आरोप लगाया है कि गांव का ही युवक पवन गिरि उर्फ मोनू, अपने परिवार के सहयोग से उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है।आरोप है कि युवती अपने साथ एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक सोने की चेन और 10 हजार रुपये नकद भी ले गई है।पिता का आरोप है कि घटना के समय वह और उनका बेटा रिश्तेदारी में गए हुए थे, और घर में बेटी अकेली थी।ज्ञानचंद्र ने यह भी आशंका जताई है कि आरोपी और उसके परिवार द्वारा उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना घटित की जा सकती है। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर बेटी की तत्काल खोजबीन और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## वाहन चालकों ने दरोगा पर लगाया अभद्रता का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पुलिस के द्वारा लोगों से मित्रवत व्यवहार करने को लेकर गुड मॉर्निंग जैसे कई अभियान चलाए जा रहे हैं।लेकिन कोतवाली में तैनात एक दरोगा देवेंद्र सिंह आए दिन सुर्खियों में बने रहते हैं। वह किसी भी हालत में सुधरने को तैयार नहीं है।ऐसा ही एक मामला शनिवार की शाम देखने को मिला। जब कोतवाली में तैनात एसआई देवेंद्र सिंह अशोक चौराहा पर वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों से अभद्रता करते हुए नजर आए।लोगों का आरोप है कि एसआई देवेंद्र सिंह अशोक चौराहा से लोगों की बाइक पूरे कागज होने के बावजूद भी जबरदस्ती कोतवाली ले गए, लेकिन बाद में बगैर चालान किए ही लोगों की बाइक छोड़ दी। अशोक चौराहा पर शनिवार की रात चेकिंग के दौरान वाहन स्वामी अशोक कुमार, प्रखर कुमार और देवीदीन का कहना है कि आए दिन पुलिस कर्मियों के द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर परेशान किया जा रहा है। इससे पहले भी देवेंद्र सिंह पर शहर के वार्ड नंबर सात के सभासद धर्मेंद्र तिवारी टीटू से अभद्रता करने का मामला प्रकाश में आया था।जिसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभासदों के साथ सेल्फी पॉइंट पर धरना प्रदर्शन भी किया था। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह का कहना है कि कोतवाली में तैनात पुलिस कर्मियों के द्वारा अशोक चौराहा पर वाहन चेकिंग की गई थी। लोगों से अभद्रता करने की जानकारी नहीं है।

# पालिकाध्यक्ष ने कैम्प कार्यालय में सुनी मोदी के मन की बात



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 122वें संस्करण का लाइव प्रसारण नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गौशाला स्थित कैम्प कार्यालय पर अपने कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के लाइव सम्बोधन को टीवी के माध्यम से सुना।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदुर सिर्फ सैन्य अभियान नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। एशियाई शेरों की आबादी में वृद्धि दशार्ती है कि जब समाज में स्वामित्व की भावना मजबूत होती है, तो अद्भुत परिणाम सामने आते हैं। महिला सशक्तिकरण पर उन्होंने कहा आज ऐसी कई महिलाएं हैं जो खेतों में काम करने के साथ-साथ आसमान की ऊंचाइयों को भी छू रही हैं। वे ड्रोन दीदी के रूप में ड्रोन उड़ा रही हैं और कृषि में नई क्रांति ला रही है। सीबीएसई की चीनी सेवन के प्रति जागरूक करने की अनूठी पहल का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा ह्यविश्व मधुमक्खी दिवसह्न एक ऐसा दिन है जो हमें याद दिलाता है कि शहद सिर्फ मिठास नहीं है, यह स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का भी उदाहरण। मधुमक्खियों की सुरक्षा सिर्फ पर्यावरण की सुरक्षा नहीं है, बल्कि हमारी कृषि और आने वाली पीढ़ियों की भी सुरक्षा है।इसके साथ 21 जून को होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का जिक्र भी किया।

इस मौके पर वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद स्वर्णकार, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, सुनील शर्मा, विनोद कुमार वर्मा एड, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, बूथ अध्यक्ष प्रभात गुप्ता, मनोज बाथम, प्रदीप खतौली, सोनू त्रिवेदी, युवा मोर्चा नगर महामंत्री हिमांशु सिंह तोमर, हर्षल त्रिपाठी, हर्ष भारद्वाज, आदर्श वर्मा, जीतू वर्मा, लवकुश अवस्थी, संजीव गुप्ता, राम कुमार सिंह, अभिषेक यादव, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, महामंत्री गीता दुबे, सरिता गौढ, सीमा वर्मा आदि मौजूद रहे।

## 10 जोड़ों की सुलह कराकर की विदाई



लखीमपुर- खीरी। महिला थाना प्रभारी श्रद्धा सिंह द्वारा काउंसलरों के सहयोग से 19 परिवारिक विवादों में सुलह कर 10 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई।

काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम जरवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 19 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 10 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, इस बार अधिकतर मामले पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने के थे शराबी पतिओं के द्वारा शराब न पीने की कसमें खाने के बाद पत्नियां साथ में जाने को तैयार होकर गयी। पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है।सुलह से विदाई करने में मुख्य आरक्षी महिला आरक्षी सीता महिला आरक्षी बबली पवार का सराहनी सहयोग रहा है।

## राबर्ट्सगंज नगर स्थित आरएसएम इंटर कॉलेज में सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज के बूथ संख्या 21 आरएसएम इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह के साथ कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुटता और सेना के पराक्रम की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदुर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। उन्होंने बताया कि कैसे देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं और लोगों ने देश की सेना के प्रति वंदन-अभिनंदन किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में हुए प्रयासों और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विज्ञान प्रयोगशालाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग साहसी होते हैं और अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनते हैं।उन्होंने बताया कि कैसे इन क्षेत्रों में शिक्षा का परचम लहरा रहा है और छात्रों ने शानदार परिणाम हासिल किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे महिलाएं अब ड्रोन ऑपरेटर बनकर खेती में नई क्रांति ला रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, अल्ताफ कादरी, राजनरायन तिवारी, दिशांत द्विवेदी, सुमन रावत, ध्रुवकांत, राजन गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 50 दिवसीय योग जन-जागरूकता अभियान का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)




लखीमपुर खीरी।शहर के ईदगाह स्थित स्व० संकटा प्रसाद वाजपेई उद्यान में जिला आयुष समिति के निर्देशन एवं सहयोग से योग रंजन फाउंडेशन द्वारा संचालित 50 दिवसीय योग जन-जागरूकता अभियान के 24वें दिन विशेष योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर योग साधकों को षट्कर्म के अंतर्गत जलनेति एवं रबड़ नेति जैसी विशेष शुद्धिकरण क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।इन क्रियाओं का उद्देश्य शरीर की शुद्धि, मानसिक स्पष्टता और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना होता है, जो योग विज्ञान में इसे गले के ऊपर के समस्त रोगों में अत्यंत प्रभावशाली माना जाता हैं। साथ ही, प्रत्येक रविवार को चल रही 54 सूर्य-नमस्कार श्रृंखला की 72वीं कड़ी का अभ्यास भी पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ।सूर्य-नमस्कार न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि आत्मिक संतुलन और जीवनशैली में अनुशासन भी लाता है। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य प्रिंस रंजन बरनवाल एवं योग शिक्षिका प्रगति बरनवाल द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन में साधकों ने योग के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं का गहन अभ्यास किया।योग रंजन फाउंडेशन द्वारा पार्कों, विद्यालयों में चल रहे समर कैम्प व अन्य संस्थाओं में योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस अभियान का उद्देश्य जनमानस को योग के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ, सशक्त एवं सकारात्मक समाज की स्थापना करना है। यह अभियान प्रतिदिन भिन्न-भिन्न योग विषयों के साथ 50 दिनों तक चलेगा, जिसमें सैकड़ों साधक नियमित रूप से भाग ले रहे हैं।

## राजवंशी को पछाड़ कृषक समाज छतौनिया बनी चैंपियन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल)कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। नॉक आउट मुकाबलों में कड़े संघर्ष के बाद केवल चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं, जिसमें राजवंशी टीम गोला कोरैया और सरफिरा टीम काजर कोरैया के बीच पहला सेमीफाइनल खेला गया।शानदार प्रदर्शन करते हुए राजवंशी टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।

टूर्नामेंट का फाइनल मैच राजवंशी टीम गोला कोरैया और कृषक समाज छतौनिया के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य वारिश अली उपस्थित रहे। समिति सचिव विनय वर्मा ने बैज लगाकर उनका स्वागत किया।

कृषक समाज छतौनिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवरों में 97 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजवंशी टीम ने बेहतर शुरूआत की, लेकिन कृषक समाज टीम के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए पूरी टीम को 78 रन पर ऑल आउट कर दिया।

विजेता कृषक समाज छतौनिया की टीम को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा 2100 रुपये नकद और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं उपविजेता राजवंशी टीम को 1100 रुपये और मेडल प्रदान किया गया।टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले विकास कुमार वर्मा को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्हें 551 रुपये नकद पुरस्कार समिति के कोषाध्यक्ष लोकेश वर्मा द्वारा प्रदान किया गया।समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने टूनामेंट को सफल बनाने वाले मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं दोनों टीमों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, सदस्यगण राम प्रकाश वर्मा, शिव सागर, पंकज, विकास, पुनीत वर्मा,लकी, प्रियांशु, हर्षित, नैमिष समेत तमाम खेल प्रेमी मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दियाः डॉ.धर्मवीर



सोनभद्र।राबर्ट्सगंज के वार्ड न 14 के बूथ संख्या 18 पर सूर्यगंगा वाटिका में बूथ अध्यक्ष रवि केशरी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि डॉ धर्मवीर तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बातष्कार्यक्रम में उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुटता और सेना के पराक्रम की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि कैसे आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है।उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है।उन्होंने बस्तर क्षेत्र में हुए प्रयासों और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विज्ञान प्रयोगशालाओं की चर्चा की।उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग साहसी होते हैं और अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनते हैं।उन्होंने बताया कि कैसे इन क्षेत्रों में शिक्षा का परचम लहरा रहा है और छात्रों ने शानदार परिणाम हासिल किए हैं।उन्होंने महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने और ड्रोन ऑपरेटर बनकर खेती में नई क्रांति लाने की बात कही।उन्होंने बताया कि कैसे महिलाएं अब ड्रोन से 50 एकड़ जमीन पर दवा के छिड़काव का काम पूरा कर रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं।उन्होंने कहा कि यह बदलाव तकनीक और संकल्प के साथ मिलकर आया है और यह महिलाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है।इस मौके पर पूर्व सभासद प्रकाश श्रीवास्तव, दीपक सेठ, संजय गुप्ता, धीरज,रौनक,वेद, संस्करण,रवि केशरी, रफीक अनुराग,राम आदि मौजूद थे।

## एनसीसी के छात्र-छात्राओं को सीपीआर की दी गई ट्रेनिंग




पलियाकलां-खीरी।समर कैम्प के दौरान आइकन ऑफ एशिया से सम्मानित समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी डा आई ए खान द्वारा एनसीसी के छात्र छात्राओं को सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई।एसोसियेट एनसीसी ऑफिसर लेफि्टनेंट विशाल पराशर द्वारा चलाए जा रहे समर कैम्प में एनसीसी छात्र छात्राओं को ड्रिल, अपदा प्रबंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया एवं प्राचार्य ओमप्रकाश गौड़ द्वारा सीपीआर को लेकर अपने अनुभव साझा किए गए।

डॉ. खान द्वारा बताया गया कि आज कल सडेन कार्डियेक अरेस्ट बहुत आम हो गया है लगभग सात लाख लोगों की प्रति वर्ष सडेन डेथ हो रही है। अगर हम सब को सीपीआर के बारे में सही जानकारी तथा यदि हमने 2-3 मिनट के अंदर सीपीआर शुरू कर दिया तो बहुत सारे लोगों की जान बचाई जा सकती है। CPR(cÔrdiopulmo»»fÔry resuscitÔtio»»f) देने से व्यक्ति के बचने की संभावना दो तीन गुना ज्यादा हो जाती है। अगर कोई व्यक्ति मूर्छित हो कर गिर गया है तो सबसे पहले देखना चाहिए की क्या व्यक्ति होश में है या नहीं, साँस और पल्स चल रही है या नहीं अगर ये तीनों चीजे नहीं हैं तो फौरन चिकित्सीय सहायता को बुलाना चाहिए तथा सीपीआर शुरू कर देना चाहिए।

सीपीआर व्यक्ति के होश, सांस, चिकित्सीय सहायता के आने तक करना चाहिए सीपीआर देने के लिए फर्श या किसी हार्ड सर्फेस़ पर सीधा लिटा देना चाहिए सीने के बीच में निचले हिस्से पर दोनों निप्पल के बीच में आपने दोनों हाथों को कंधों तक बिलकुल सीधा रखकर पंजों को एक दूसरे में फसाकर हथेलियों को एक दूसरे के ऊपर रख कर जोर जोर से दबाना चाहिए।जिससे व्यक्ति का सीना लगभग दो इंच तक दब जाये ये क्रिया एक मिनट में 100 से 120 बार करना चाहिए और हर 30 बार ये क्रिया करने के बाद गला सीधा कर नाक बंद कर मुँह पर मुँह रख कर दो बार साँस देनी चाहिए अगर माउथ टू माउथ रेस्पिरेशन देने में दिक़्क़त है तो सीने के बीच में प्रेशर लगातार देते रहना चाहिए। अगर एक थक जाये तो दूसरे को ये क्रिया करनी चाहिए समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी दनियाल खान ने स्वच्छता का महत्त्व बताया एवं सभी को पेपर सोप बांटे ।इस मौके पर एनसीसी छात्र छात्राएं एवं आरव पाराशर मौजूद रहे।

## बूथ तक संगठन को मजबूत करे कार्यकर्ताः करमचंद बिंद

सोनभद्र। जिला कॉंग्रेस कमेटी के द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत घोरावल ब्लॉक मे जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड की अगुवाई मे सम्पंन हुआ। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि यूपी कॉग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव करमचंद बिंद और क्वाडीनेटर विधि सिंह मौजूद रहे। पूर्व प्रदेश सचिव करमचंद बिंद ने कहा की यूपी कॉग्रेस के आह्वान पर हर ब्लाकों और नगर पंचायत क्षेत्र मे संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है, संगठनात्मक मजबूती के लिए न्याय पंचायत स्तर और ग्राम पंचायत स्तर और बूथ तक संगठन को मजबूती के लिए काम किया जा रहा है।

को-आर्डिनेटर विधि सिंह ने कहा की संगठन सृजन अभियान मे काम करने वाले युवाओं को संगठन के मुख्य धारा मे जोड़ कर संगठन के मजबूती पर बल दिया जा रहा है। तीन महीने मे संगठन बूथ लेबल तक मजबूत बनाया जाएगा स आने वाले पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव मे कॉग्रेस अपना परचम लहरायेगा।जिला कॉग्रेस अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा की जनपद मे सडक,बिजली , रोजगार, मजदूरों की समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, बीजेपी सरकार मे महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर बढ़ते अपराधों, किसानो की समस्याओं को लेकर संघर्ष की रूप रेखा बनाकर जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम मे विनोद तिवारी, लल्लू राम पांडे, शत्रुंजय मिश्रा, आशुतोष दुबे, राज बलि पांडे, इनामुल अंसारी,सौदागर अली ,हनीफ खान, रविशंकर तिवारी, अर्जुन, गोरे लाल, राहुल सिंह, पंकज मिश्रा, सेराज हुसैन, सूरज बर्मा, आशीष सिंह, बबूंदर गोंड, सेवालाल कोल, गणेश गोंड, रविशंकर शुक्ला, कृष्ण कुमार सिंह, रोशनी बेगम, सुरेश पांडे, काशीनाथ चैहान, अमरेश, प्रिंस पांडे, मुरादअली, श्रीकांत मिश्रा, आशीष सिंह, काशी नाथ बियार, अंशु मदेशिया, राम विलास, मोहम्मद याकूब, राम रूप शुक्ला, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसीपी दफ्तर की छत गिरी, उप निरीक्षक की मौत

गाजियाबाद।गाजियाबाद में रविवार तड़के सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय की छत गिरने से उसके मलबे में दबकर एक उप निरीक्षक की मौत हो गयी।पुलिस के अनुसार लगातार बारिश और आंधी के कारण लोनी के अंकुर विहार स्थित एसीपी कार्यालय की छत अचानक गिर गई और कमरे में सो रहे उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा (58) मलबे में दब गए। अपर पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि दुर्घटना में दरोगा को गंभीर चोटें आई और सुबह जब अन्य पुलिसकर्मी कार्यालय पहुंचे तो उनको मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रियदर्शी ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने इटावा जिले के इकदिल थाना क्षेत्र के चितभवन गांव के निवासी उप निरीक्षक के परिजनों को सूचना दे दी है। पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) शहर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना में एक महिला पर घर में घुस कर जानलेवा हमला करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शहर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी सुमन देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 7 मई को उसके घर मे साधना नामक महिला जबरन घर में आई और उसने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया।शोर सुन कर गली से निकल रहे किसी व्यक्ति और उसके पति नेम कुमार वर्मा ने उसे बचाया। आरोप है कि साधना नाम की महिला ने एलानिया कहा कि उसने मेरे छोटे पुत्र शुभम वर्मा से शादी कर ली है अब वह दहेज उत्पीड़न का मुकदमा लिखवा कर सम्पत्ति पर कब्जा कर लेगी और तुम्हे जान से मार दूंगी।कोतवाली पुलिस ने मामले में महिला साधना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हुई कार्य योजना बैठक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल)11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में भव्य आयोजन को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में कार्य योजना बैठक की गई।तय किया गया कि आज 26 मई को लखीमपुर में मेढ़ई लाल मंदिर में प्रशिक्षण दिया जाएगा।क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर सुरेश सचान जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष सुरेंद्र कुमार, डॉ. हरबंस, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय चिकित्साधिकारी डॉ.डालचंद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोला गोकर्णनाथ, मास्टर योगा ट्रेनर योग प्रशिक्षक योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोला शशि कान्त दीक्षित ने जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रोटोकॉल के योग शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण की कार्य योजना बनाई।सभी योग प्रशिक्षकों एवं स्वयसेवी संस्थाओं के योग स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों का प्रशिक्षण आज 26 मई को 9 बजे से क्रमशः सत्रों में मेड़ईलाल मन्दिर प्रांगण के हॉल में किया जाएगा।

## एनसीसी छात्र-छात्राओं को दी ट्रेनिंग

पलिया कलां खीरी।समर कैम्प के दौरान आइकन ऑफ एशिया से सम्मानित समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी डा आई ए खान द्वारा एनसीसी के छात्र छात्राओं को सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई तथा एसोसियेट एनसीसी ऑफिसर लेफि्टनेंट विशाल पराशर द्वारा चलाए जा रहे समर कैम्प में एनसीसी छात्र छात्राओं को ड्रिल, आपदा प्रबंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया एवं प्राचार्य ओमप्रकाश गौढ़ द्वारा सीपीआर को लेकर अपने अनुभव साझा किए गए।

## भारत-नेपाल बॉर्डर पर वाहनों की लगी रोक

पलिया कलां खीरी। भारत नेपाल सीमा के गौरीफंटा बॉर्डर पर विवाद का प्रकरण सामने आया है।रविवार को भारतीय वाहनों का नेपाल में प्रवेश रोककर भंसार बंद कर दिया गया।नेपाली भंसार पर नेपाल प्रहरी (पुलिस)और भंसार चीफ (कष्टम) के बीच रविवार को विवाद के बाद मारपीट हो गई।भंसार चीफ के साथ हुई मारपीट के विरोध में भंसार कर्मचारी हड़ताल पर चले गए।भारतीय वाहनों का नेपाल में भंसार बंद कर प्रवेश बंद कर दिया गया।कड़ी धूप में लाइन लगाए भारतीय वाहन, धनगढ़ी के मुख्य द्वार पर भारतीय वाहनों की भीड़ लगी रही।

## त्रिशताब्दी स्मृति अभियान पर गोष्ठी आयोजित

निघासन खीरी।पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत निघासन ब्लॉक सभागार में संगोष्ठी आयोजित हुई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी व पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में और विधायक शशांक वर्मा और भाजपा प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने अहिल्याबाई की धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण के कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि ₹त्रिशताब्दी स्मृति अभियान का उद्देश्य युवा पीढ़ी को इतिहास की उन नारियों से जोड़ना है, जिन्होंने समाज को दिशा दी।₹राजा राज राजेश्वर सिंह ने कहा, ₹आज यदि समाज में नारी सम्मान का भाव जाग रहा है तो इसका श्रेय उन महान नारियों को जाता है जिन्होंने अपने कर्मों से नया इतिहास रचा। अहिल्याबाई का जीवन, संयम, सेवा और समर्पण का आदर्श है। विधायक शशांक वर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर के न्याय, सेवा और नारी नेतृत्व को प्रेरणादायक बताया। संगोष्ठी में मंडल अध्यक्ष रमियाबेहड़ जयप्रकाश विश्वकर्मा , मंडल अध्यक्ष सिंगाही ब्रजेन्द्र सिंह, अध्यक्ष अशोक चौधरी, संचालक कन्हैया लाल, विमल तिवारी, रामकुमार मौर्य, ध्रुव वर्मा, मुन्नी देवी, आनंद चतुवेर्दी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बिजली पोल से टकराकर पलटा ट्रैक्टर-ट्रॉली, मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) गोला लखीमपुर मार्ग पर लखीमपुर से पूरनपुर जा रहा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकराकर पलट गया।जिससे उसके नीचे दबकर पूरनपुर के गांव मोहनापुर निवासी चालक की मौत हो गई। पीलीभीत जिले गांव मोहनापुर थाना पूरनपुर निवासी नवजोत सिंह (28) लखीमपुर से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर अपने घर वापस जा रहा था।गोला-लखीमपुर के बीच गांव करनपुर पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे हाईटेंशन बिजली के पोल से टकरा कर गड्ढे में पलट गया।चालक अपनी सीट में फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।तेज धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे।ग्रामीणों ने किसी तरह से उसे सीट से बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।गोला पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

## सड़क हादसे में बैंककर्मी की मौत

बलिया। बांसडीह रोड थाना क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से एक बैंककर्मी की मौत हो गई जबकि दो पहिया वाहन पर सवार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बांसडीह-बलिया मार्ग पर प्रकाश सिंह उर्फ लव (32) और अंशु तिवारी (28) मोटरसाइकिल से बांसडीह से शनिवार रात लगभग साढ़े दस बजे बलिया की ओर जा रहे थे, तभी सहपुरवा गांव के पास स्थित पुलिया के पास बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराई। अधिकारियों के मुताबिक, टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले गयी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने प्रकाश सिंह उर्फ लव को मृत घोषित कर दिया जबकि अंशु तिवारी को गंभीर हालत में वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।प्रकाश सिंह बिहार के पटना में एचडीएफसी बैंक में कार्यरत थे।

## खाद्यान्न चोरी में कोटेदार पर दर्ज कराया मुकदमा

खुटहन । क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव में किराए की दुकान में रखे गल्ले का सरकारी खाद्यान्न संदिग्ध हाल में चोरी होने के मामले में आपूर्ति निरीक्षक शाहगंज आशुतोष कुमार सिंह ने कोटेदार के खिलाफ 33.77 क्विंटल खाद्यान्न कालाबाजारी करने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।गांव के कोटेदार देवतादीन यादव ने शनिवार को थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि दुकान का ताला रेतकर अज्ञात चोर भीतर रखा खाद्यान्न उठा ले गए।मामले की जांच पुलिस कर रही थी कि मौके पर पहुंचे सप्लाई इंस्पेक्टर ने ईपास मशीन से वितरण व बचत खाद्यान्न का मिलान किया।जिसमें 24.39 क्विंटल गेहूं और 9.38 क्विंटल चावल स्टाक में कम पाया गया। जबकि कोटेदार के द्वारा 25 क्विंटल गेहूं चोरी होने का आरोप लगाया गया था।मामला संदिग्ध पाये जाने पर कोटेदार के खिलाफ सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी का केस दर्ज कराया गया है।



शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में फर्मलीन गैस लीक होने से मचा हड़कंप,इस दौरान एक मरीज की मौत हो गई

संक्षेप

## बेटा- बहू की पिटाई से पिता घायल

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में शनिवार की रात बेटे बहु ने पिता को पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। चोट काफी गम्भीर बतायी जा रही है। उक्त गांव निवासी रमाशंकर यादव परिवार के साथ रहते है। परिवार में पत्नी व पुत्र गौतम यादव व उसकी पत्नी पार्वती यादव तथा गौतम की पहली पत्नी के सात वर्षीय बेटा है। कुछ दिन पूर्व गौतम माँ बाप से अलग होकर रहने लगा।गौतम तथा उसकी पत्नी आये दिन रमाशंकर तथा उसकी पत्नी से झगड़ा करते रहते है। गौतम अपनी पहली पत्नी से पैदा हुए पुत्र को मारता पीटता है। शनिवार की शाम को गौतम व उसकी पत्नी पार्वती ने माँ का चूल्हा फोड़ कर घर से भगा दिया।साथ ही अपने पहले पत्नी के पुत्र को मारने पीटने लगा।जब यह बात रमाशंकर को पता लगी तो वह बाजार से घर आया। गौतम से पूछा तो वह तथा उसकी पत्नी पिता को डंडे से मारना शुरू कर दिया। रमाशंकर का सिर फट गया। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा।किसी ने थानाप्रभारी को सूचना दिया।सूचना पाकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।वहां से घायल को तत्काल जिला चिकित्सालय भिजवाया।वहां पर चिकित्सक द्वारा उसकी चोट को गम्भीर बताया जा रहा है।पुलिस ने बेटे व बहु पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## महिला से छेड़खानी पर युवक गिरफ्तार

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी एक महिला से छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।महिला की तहरीर पर पुलिस ने छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त गांव निवासी महिला ने बजरंगी मौर्या उर्फ प्रमोद कुमार मौर्या पुत्र राजदेव मौर्या पर आरोप लगाया है वह उसके साथ छेड़खानी कर रहा था।महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दिया।घटना की सूचना पर महिला एसआई मिथिलेश कुमारी मय हमराही के मौके पर पहुंच गयी।उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के दिए टिप्स

आजमगढ़। राहुल सांकृत्यायन राजकीय जिला पुस्तकालय आजमगढ़ के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के कैरियर काउंसलिंग विषय पर शनिवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जाफरपुर के मनोविज्ञान विशेषज्ञ निरुपमा गुप्ता एवं गणित विषय के प्रवक्ता पुनीत मौर्य द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव एवं सभी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के टिप्स प्रदान किए। प्रवक्ता पुनीत मौर्य ने गणित के कमजोर पक्षों को दूर करने के लिए रुचि पूर्वक ऑनलाइन तथा ऑफलाइन अध्ययन पर जोर दिया। उन्होने कहा कि नियमित अभ्यास के बाद नियमित प्रैक्टिस सेट को करने से विषय में दक्षता और कुशलता प्राप्त होगी।उक्त गली से मुहल्लेवासियों का हमेशा आना-जाना लगा रहता है। लोग आये दिन खुले नाली में गिर कर घायल होते रहते हैं। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन अंजान बना हुआ है।

# घाघरा पर बन रहे सेतु की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार व एसपी हेमराज मीना द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सगड़ी के अंतर्गत बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ क्षेत्र में पशुओं का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि बाढ़ के समय स्वास्थ्य शिविर में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए लोगों का उपचार एवं उनके स्वास्थ्य की जांच करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि स्वास्थ्य शिविर में एंटी वेनम भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने सीएचसी के बारे में जानकारी लिया एवं संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि आपदा के समय जरूरी सेवाओं के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ क्षेत्र में खम्भो को सही कराएं एवं लटक रहे तारों को ठीक करें तथा नियमानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि बंधे में हुए रेन कट की मरम्मत करना सुनिश्चित करें एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बाढ़ से पूर्व करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बाढ़ के समय बंधे पर बनने वाले राहत शिविर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही डीएम व एसपी द्वारा ग्राम हाजीपुर में घाघरा नदी पर बन रहे सेतु का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सेतु के निर्माण में प्रयोग हो रहे सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सगड़ी, सीओ सगड़ी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता का रखें ध्यान

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद आजमगढ़ में विभिन्न योजनाओं के निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन हेतु नामित किए गए नोडल अधिकारी/ आयुक्त खाद एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश शासन भूपेंद्र यस चैधरी ने रविवार को अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन आजमगढ़ एवं गोरखपुर को जोड़ने वाले घाघरा नदी पर निमार्णाधीन हाजीपुर गोला सेतु एवं संपर्क मार्ग से मुख्य मार्ग/हाईवे को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग के निर्माण कार्यों का गहनता/बारीकी से निरीक्षण किया।

नोडल अधिकारी ने सेतु निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से सेतु एवं संपर्क मार्ग कितने समय से लंबित है तथा क्यों लंबित इसका क्या कारण है एवं इसकी लागत जब सेतु निर्माण की स्वीकृति मिली थी तब क्या थी तथा अब रिवाइज्ड ऐस्टीमेट के अनुसार लागत क्या है। उन्होंने इसके कार्यों के लिए किए गए टेंडर एवं कार्य के सापेक्ष किए गए भुगतान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। इसके टेंडर एवं अब तक हुए निर्माण कार्य की लागत एवं शासन द्वारा उक्त कार्य के लिए अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष कितनी धनराशि अवमुक्त की गई तथा और मुक्ति की गई धनराशि के सापेक्ष कितना कार्य हुआ के संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त किया। खाद्य एवं रसद आयुक्त/नोडल



अधिकारी ने संपर्क मार्ग एवं सेतु के डिजाइन/लेआउट का भी गहराई से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सेतु से जोड़ने वाले पहुंच मार्ग की चैड़ाई की माप भी कराई। अधिशासी अभियंता सेतु निगम एवं लोक निर्माण विभाग ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया की सेतु निर्माण की स्वीकृति के समय पहुंच मार्ग की कुल लागत 173 करोड़ जो वर्तमान में रिवाइज होकर 246 करोड़ हो गई है। अधिशासी अभियंता ने नोडल अधिकारी को अवगत कराया की बजट के प्राप्त होते ही कार्य पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण करने का नया लक्ष्य जनवरी 2026 निर्धारित किया गया है।

## वैचारिक बीजारोपण करने वाला व्यक्ति होता है अमर



जौनपुर। पंडित चंद्रेश मिश्र पीठ के अध्यक्ष डॉक्टर पीसी विश्वकर्मा के देहावसान के बाद नई कार्य समिति का गठन किया गया। प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी ने पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी का नाम अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावित किया जिसे करतल ध्वनि द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया है।

समिति के अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने संरक्षक हेतु प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी के नाम का प्रस्ताव किया, डॉक्टर रामजी तिवारी ने पंडित रामदयाल द्विवेदी के नाम का कार्यकारी अध्यक्ष एवं पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने प्रबंधक प्रमुख सचिव के लिए इन्द्रभूवन सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे करतल ध्वनि द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकार गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए प्रभाकर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष के लिए लोलारक दूबे एवं अशोक मिश्र, कोषाध्यक्ष के लिए देवी सिंह सोनू, संगठन मंत्री के रूप में गौरी शंकर मिश्र के नाम का प्रस्ताव एवं अनुमोदन किया गया। कार्यालय मंत्री व कार्यालय प्रभारी के रूप में रवि श्रीवास्तव के नाम का प्रस्तावित एवं अनुमोदित हुआ।कार्यकारिणी में डॉक्टर भारतेंदु मिश्र, दयासागर राय, डॉ प्रेम शंकर यादव, डॉ रामजी तिवारी, डॉ राकेश दुबे, फूलचंद भारती, आशीष पाठक, ओमप्रकाश दुबे, देवानंद मिश्र, अशोक कुमार मिश्र, प्रोफेसर आरपी सिंह, संजय सिंह सागर एवं ओमप्रकाश सिंह रोडवेज के नाम का प्रस्ताव हुआ एवं अनुमोदन हुआ। समिति के संरक्षक प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी ने कहा कि स्व. पंडित चंद्रेश मिश्र एवं स्व. डॉक्टर विश्वकर्मा के विचारों का संवर्धन एवं संपोषण करना ही हम सब की प्राथमिकता होगी। वैचारिक बीजारोपण करने वाला व्यक्ति सदा अमर रहता है।पीठ के अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि यह एक वैचारिक मंच है जहाँ पर सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं राजनैतिक विषयों पर चर्चा होती है। इस स्वस्थ परंपरा को जारी रखने की कोशिश जारी रहेगी।

## सेवा से ही राजनीति में मिलती है पहचान



सोनभद्र। आम आदमी पार्टी के रचनात्मक अभियान के क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (चभ्ब) तियरा कला में साफ-सफाई अभियान करके समाज को ऑल्टरनेटिव पॉलिटिक्स करने का संदेश दिया। जिसमें बताया गया शिक्षा और स्वास्थ के क्षेत्र में सुधार किए बिना हम वैश्विक शक्ति नहीं बन सकते। कोरोना काल में देश की जनता को एहसास हुआ कि भारत में स्कूल और अस्पताल की कितनी खराब स्थिति है। आम आदमी पार्टी रचनात्मक कार्य करके यह संदेश देना चाहती है कि भारत के आम नागरिक को अपने मौलिक अधिकारों के लिए आंदोलन करने के साथ अपने मौलिक कर्तव्य को भी करना आवश्यक है। दिनेश पटेल विधानसभा अध्यक्ष ने कहा जिला अस्पताल में मरीज लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन जरूरी जांच उपकरण और दवाई का अभाव दिख रहा है। दुर्गा देवी महिला जिलाध्यक्ष ने कहा सरकारी अस्पताल जिनकी पहुंच पकड़ है उनके साथ और आम आदमी के साथ इलाज जांच में अलग अलग व्यवहार किया जा रहा है। कमला प्रसाद जिला सचिव ने कहा मरीजों को सरकारी इलाज की जगह निजी नर्सिंग होम भेजा जा रहा है। दलालों को कमीशन, मरीजों को धोखा मिल रहा है। अनवर अली माइनॉरिटी विंग ने कहा भाजपा राज में बीमार व्यवस्था, न स्वास्थ्य, न सुरक्षा कृ सिर्फ भ्रष्टाचार। विधायक मंत्री जिन अस्पतालों को गोंद लिया है, वहां भी दयनीय स्थिति है। सरकार के दावे फेल है, जमीनी हकीकत बेहाल है। राजेंद्र मौर्या विधान सभा संरक्षक ने कहा योगी सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था का है बुरा हाल, कही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र नहीं, तो कही भवन बने हैं तो बिजली नहीं है। स्वच्छता अभियान में प्रेम कन्नौजिया, सुरेंद्र पटेल, ललित पटेल, सुभाष, संजय विश्वकर्मा, सुनील पासवान शामिल रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दियाः डॉ धर्मवीर

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज के वार्ड न 14 के बूथ संख्या 18 पर सूर्यगंगा वाटिका में बूथ अध्यक्ष रवि केशरी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि डॉ धर्मवीर तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बातष्कार्यक्रम में उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुटता और सेना के पराक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कैसे आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है।

## 9 बिछड़े दंपतियों को मिलाया



मीरजापुर। प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए काउंसिलिंग के माध्यम से 09 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहा है। रविवार 25.05.2025 को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 09 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक शशि तिवारी, महिला उप निरीक्षक-रीता यादव, महिला उप निरीक्षक उषा सिंह, महिला आरक्षी सावित्री यादव, पिंकी जायसवाल व सपना सहित सदस्यगण निर्मला राय मौजूद रहीं।

## निखिल व कलश ने प्रतियोगिता में मारी बाजी, हुए सम्मानित



आजमगढ़। जिला एथलेटिक्स संघ आजमगढ़ के तत्वाधान में दो दिवसीय एथलेटिक एवं चयन प्रतियोगिता का समापन रविवार को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी व भाजपा नेता ऋतिक जायसवाल व डॉक्टर युसुफ खान द्वारा मेडल व सर्टिफिकेट देकर बच्चों को पुरस्कृत किया।

वही ऋतिक जायसवाल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है जैसे कि वन जिला वन गेम व खेलो इंडिया के केंद्र के माध्यम से खिलाड़ियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है आप लोग भी इस योजना से जुड़े। वही डॉक्टर युसूफ खान ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बच्चों के लिए बहुत आवश्यक है जिससे उनका मानसिक व शारीरिक विकास होता है।

इस प्रतियोगिता में 100 मीटर हर्डल बालक वर्ग में निखिल मौर्य प्रथम बालिका वर्ग में कलश बरनवाल प्रथम सीनियर 100 मीटर बालक वर्ग में गौरव कुमार यादव प्रथम बालिका वर्ग में निधि प्रथम 3 किलोमीटर बालक वर्ग में रजनीश राय प्रथम बालिका वर्ग में किरण वर्मा प्रथम 16 वर्षीय बालक वर्ग 2 किलोमीटर में शिवा यादव प्रथम बालिका वर्ग में मुस्कान प्रजापति प्रथम जैवलिन थ्रो सीनियर वर्ग बालक में आसिफ अहमद प्रथम बालिका वर्ग में रोशनी प्रथम जैवलिन थ्रो बालक वर्ग में कृष्ण यादव प्रथम बालिका वर्ग में अमृत प्रथम डिस्कस थ्रो 16 वर्षीय बालक वर्ग अरविंद कुमार प्रथम बालिका वर्ग में अनामिका प्रथम हाई जंप 16 वर्षीय बालक वर्ग में निखिल मौर्य प्रथम रहे।

## जानलेवा हमले के तीन आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में एक युवक पर धारदार हथियार से किए गए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि इस गंभीर वारदात के पीछे रहे मुख्य अभियुक्तों को पहले उनके घर से और फिर एक को गांव के बाहर से गिरफ्तार किया। ज्ञात हो कि कबीरुद्दीनपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अजय गौतम शुक्रवार की रात अपने घर पर था, तभी गांव के ही सूरज नामक युवक का फोन आया और उसने अजय को बाहर बुलाया। आरोप है कि कुछ दूरी पर सड़क किनारे पहले से घात लगाए बैठे सूरज, आकाश और उनके घर की दो महिलाएं शशिकला और अंजली कृ ने अजय पर गाली-गलौज करते हुए पुरानी रंजिश के चलते धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में अजय का गला बुरी तरह कट गया और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा।अजय की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। डायल 112 की टीम ने गंभीर रूप से घायल अजय को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बीएचयू ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया।घायल के पिता राम प्रसाद गौतम की तहरीर पर पुलिस ने आकाश, शशिकला और अंजली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शशिकला पत्नी परविन्द उर्फ अमित और अंजली पुत्री परविन्द उर्फ अमित को उनके घर से गिरफ्तार किया। इसके बाद एक अन्य सूचना के आधार पर तीसरे अभियुक्त आकाश को स्टेट बैंक मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आकाश ने घटना में प्रयुक्त चाकू के बारे में जानकारी दी, जिसे बाद में पुलिस ने बरामद कर लिया।

## नोडल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

जौनपुर। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण/नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत फूलपुर में पेयजल परियोजना कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा ओवरहेड टैंक निर्माण, पंप हाउस, बाउंड्री वॉल, सोलर पैनल, सोलर पंप आदि का निरीक्षण किया गया। योजना के समस्त कार्य पूर्ण एवं आराजी फूलपुर के सभी कनेक्शन से जलापूर्ति होती हुई पायी गयी। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा स्वयं नल खोलकर जलापूर्ति का निरीक्षण भी किया गया। ग्राम समूह की महिलाओं ने नोडल अधिकारी के समक्ष पानी की गुणवत्ता की जांच भी की। उन्होंने ग्राम वासियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए हर घर नल से जल योजना के तहत जल कनेक्शन के बारे में जानकारी ली। आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं आदि के बारे में भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देशित दिए। इस दौरान उन्होंने टेक्निकल ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षुओं तथा योजना से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद की। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 राम अक्षयबर चौहान, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, परियोजना निदेशक के. के. पांडेय, एक्सईएन जल जीवन मिशन ग्रामीण, बीडीओ सिकरारा आदि उपस्थित रहे।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख की ठगी

सोनभद्र। रायपुर थाना क्षेत्र के एक युवक द्वारा रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर देवरिया जिले के आधा दर्जन से अधिक लोगों से पच्चास लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ितों ने रायपुर थाना में दिया लिखित तहरीर न्याय की लगाई गुहार। जानकारी के अनुसार रायपुर थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी मनोज पांडेय पुत्र वीरेंद्र बहादुर पांडेय अपना नाम बदल कर देवरिया जिले के रहने वाले आठ लोगों से रेलवे में ग्रुप सी और डी में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख की वसूली कर लिया जब पीड़ितों को नौकरी नही मिली तो वे लोग आरोपी से पूछताछ करने लगे और अपना पैसा वापस मांगने लगे कुछ दिन आरोपी पीड़ितों को इधर उधर की बातें कर घुमाता रहा जब पीड़ितों को लगा कि आरोपी हम लोगों के साथ ठगी कर गया है तब



सभी पीड़ित करीब आधा दर्जन से अधिक लोग पता करते हुए आरोपी के घर आ धमके और अपना पैसा मांगने लगे तो आरोपी द्वारा पीड़ितों को डराने धमकाने लगा कहने लगा कि जाओ जो करना है कर लो हम पैसे नहीं देंगे थक हार कर पीड़ितों ने रायपुर थाना में लिखित तहरीर दिया पुलिस जब आरोपी युवक को पकड़ने आई तो वह पीछे के दरवाजे से फरार हो गया पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। आप को बता दें कि आरोपी ने अब तक कितने लोगों के साथ ठगी की है और कितना रुपया नौकरी के नाम पर वसूला है। उसके गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकता है आरोपी द्वारा ठगी के पैसे से गाड़ी, घर, विद्यालय, बार जमीन खरीदकर हाई फाई जीवन व्यतीत कर रहा है। आरोपी बिहार के भभुआ में बिना डिग्री अस्पताल का भी संचालन करता है वही से पीड़ितों के संपर्क में आया और नौकरी का सपना दिखाकर लाखों रुपए ऐंठ लिया। पीड़ित पंकज मिश्रा पुत्र दयाशंकर, बिट्टू प्रसाद पुत्र शारदा प्रसाद, दयानंद शर्मा पुत्र दीनानाथ, जितेंदर यादव पुत्र राज किशोर और आकांक्षा यादव आदि का कहना है कि शासन प्रशासन जब तक आरोपी को गिरफ्तार कर हम लोगों का पैसा वापस नही कराएगी तब तक हम लोग आरोपी के घर के बाहर धरने पर बैठे रहेंगे और पैसे नहीं मिलने की संभावना दिखी तो हम लोग यही पर आत्मदाह कर लेंगे सारी जमा पूंजी खोकर क्या करें जीकर इससे तो अच्छा है कि हम लोग यही आत्मदाह कर लें। बता दें कि कुछ दिन पहले इन्ही पीड़ितों द्वारा भभुआ थाना पर लिखित तहरीर दी गई और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तो आरोपी ने पांच लाख रुपए वापस किया। इस मामले को बिहार के कुछ प्रमुख समाचार पत्रों ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस मामले को लेकर सीओ सदर रणधीर कुमार मिश्रा से सेल फोन पर वार्ता किया गया तो उन्होंने पीड़ितों के पैसे वापस दिलाने और आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही का भरोसा दिलाया। सीओ सदर ने कहा कि आरोपी फरार है जल्द ही उसकी तलाश कर वैधानिक कार्यवाई की जाएगी।

## झाड़ू लगाकर आप ने दिया स्वच्छता का संदेश



मीरजापुर।आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह के निर्देश पर रचनात्मक कार्यों के दृष्टिगत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सफाई के निर्देश के क्रम में जनपद के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बी सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरीय संगमोहल पर सफाई अभियान चलाया गया तथा पूरे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सफाई झाड़ू लगाकर किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सोनभद्र सुनील कुमार पांडे एडवोकेट द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरीय आरोग्य मंदिर की सफाई करते हुए कहा गया कि आम आदमी पार्टी सेवा और समर्पण के बल पर समाज में बदलाव की राजनीति कर रही है। हम सिर्फ सत्ता की लड़ाई के लिए राजनीति में नहीं है हम राजनीति आम आदमी की सेवा के लिए कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी प्रत्येक माह जनपद में एक रचनात्मक कार्य अवश्य करता है उसी क्रम में आज प्रदेश नेतृत्व के आदेश पर हम सभी कार्यकर्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बृहद सफाई अभियान चला रहे हैं सफाई रचनात्मक कार्य अभियान को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बी सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा आम आदमी की सेवा का संकल्प लिया गया है। हम झाड़ू लगाकर समाज की गंदगी को साफ करके समाज को स्वस्थ और प्रगतिशील बनाने के मिशन में लगे हुए हैं आम आदमी पार्टी का मुख्य विजन आम आदमी की सेवा शिक्षा स्वास्थ्य विकास पानी रोजगार बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं आम आदमी को सत्ता के माध्यम से दिलाना होगा और सेवा के माध्यम से हम आम आदमी के हितों के लिए संघर्ष करने का कार्य करेंगे। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संतोष कुमार पांडे जिला महासचिव जयप्रकाश सेठ रविंद्र कुमार श्रीवास्तव सीमा खान जिला उपाध्यक्ष मीरा सिंह पटेल जिला अध्यक्ष महिला विंग आरिफ अंसारी जिला अध्यक्ष छात्र बिंग सत्यम त्रिपाठी जिला अध्यक्ष यूथ विंग संतोष सोनी नगर अध्यक्ष यूथ विंग नसीम खान जिला उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ मिजार्पुर मनबोध दुबे नगर प्रभारी आनंद कुमार सिंह राजन जायसवाल मोहम्मद खलील राधेश्याम गौतम भोलानाथ रामराज जायसवाल इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत मां के जयकारे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। बक्शा विकास खंड में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की शौर्य गाथा और सेना के सम्मान को याद करना था।

यात्रा की शुरूआत लखनीपुर अम्बेडकर मूर्ति स्थल से हुई। महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री और भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने इस यात्रा का नेतृत्व किया। उनके साथ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह भी मौजूद रहे।तिरंगा यात्रा नौपेड़वा बाजार से होते हुए लकड़मंडी तक पहुंची और पाठक पेट्रोल पंप पर समाप्त हुई। पूरे मार्ग पर भारत माता की जय के नारों से माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत रहा।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उपाध्याय, वरिष्ठ भाजपा नेता सुधाकर उपाध्याय, प्रबुद्ध दूबे, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह राना शामिल रहे। साथ ही रत्नाकर सिंह, शशि सिंह, मंडल अध्यक्ष भूपेश सिंह, सूर्यप्रकाश चौबे, डब्लू उपाध्याय, अवनीश दूबे और प्रधान लालसाहब सिंह आदि लोगों ने यात्रा में हिस्सा लिया।

## सचिव लोक निर्माण विभाग ने पेयजल परियोजनाओं का भ्रमण कर किया निरीक्षण

मीरजापुर। शासन द्वारा जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पेयजल परियोजनाओ व अन्य निर्माण कार्यो के हकीकत जानने के दृष्टिगत नामित नोडल अधिकारी एवं सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश शासन प्रकाश बिन्दु ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ जनपद के विभिन्न स्थलो का भ्रमण कर निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन विन्ध्य कारीडोर का भ्रमण कर देखा तथा योजना की प्रगति व अन्य प्रस्तावित कार्यो के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात इंजीनियरिंग कालेज बथुआ के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन बालक व बालिका हास्टल, प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, प्रोजेक्ट कक्ष, मल्टी पर्पज हाल, बाउंड्रीवाल आदि के कार्य प्रर्गति का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परिसर के बाउंड्रीवाल कार्य में तेजी लाते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया। नोडल अधिकारी ने सिटी विकास खण्ड के ग्राम सादी बनकट में पहुंचकर हर घर नल योजना को घर-घर जाकर लाभार्थियो से पेयजल आपूर्ति के बारे जानकारी प्राप्त की तथा दरवाजे पर लगाए गए नल व टोटी को चलाकर देखा गया जहां पर पानी की आपूर्ति हो रही थी गांव की कमला देवी, रहमुल्ला, मालती देवी, एकलाख अहमद, एकराम अहमद एवं बेचूराम के घरो पर पेयजल कनेक्शन व आपूर्ति का निरीक्षण करते हुए इन लाभार्थियो से वार्ता के दौरान बताया गया कि सुबह व शाम डेढ़ से दो घण्टे तथा कभी कभी दोपहर में भी लगभग एक घण्टे पानी की आपूर्ति मिल रही है। इसके बाद नोडल अधिकारी बरकछा में जिला पंचायत द्वारा संचालित गौ



आश्रय स्थल काजी हॉउस का निरीक्षण किया गया, अपर मुख्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह गौशाला बहुत पुरानी है वर्तमान में 50 गौवंश है। पशु चिकित्सक के द्वारा बताया गया कि पशु प्रसार अधिकारी का केन्द्र बरकछा में ही है उनके द्वारा प्रतिदिन एक बार पशुओ का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है शत प्रतिशत पशुओ का जियो टैटिंग ईयर टैगिंग किया गया है मौके पर भूषा व हरा चारा, खरी पर्याप्त मात्रा में पाया गया। नोडल अधिकारी द्वारा भूषा रजिस्टर, स्वास्थ्य परीक्षण रजिस्टर आदि का अवलोकन करने के बाद गौवंशो को माला पहनाकर गुण, केला भी खिलाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, प्रोजेक्ट मैनेजर सी0 एण्ड0 डी0 एस0, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

संक्षेप

## संगठन सृजन बैठक अभियान के तहत कांग्रेस की हुई बैठक

**कुशीनगर।** कंफर्ट होटल रिजॉर्ट में जनपद कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन सृजन विषय सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर चर्चा की गई।पार्टी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र विश्वकर्मा 'राधे' ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज आम जनता के न्याय की लड़ाई विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, सोनिया गांधी के नेतृत्व में भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरे देश में लड़ाई लड़ रही है। देश के इतिहास में कांग्रेस पार्टी ने आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक जन मानस के लिए आवाज बुलंद की है। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से लड़ेगी। आने वाले वर्ष 2027 के चुनाव में कांग्रेस पूरी बहुमत से यूपी में सरकार बनायेगी। इसी क्रम में स्वामी नाथ यादव, कांग्रेस की महिला मोर्चा अध्यक्ष विंदा प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# देवरिया में 330 टैबलेट स्ट्रांग रूम से गायब, केस दर्ज

जिला संवाददाता

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को वितरित किए जाने वाले 330 टैबलेट देवरिया सदर तहसील में बनाए गए स्ट्रांग रूम से गायब पाए गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जांच में कस्टोडियन (सरंक्षक) नायब नाजिर राकेश श्रीवास्तव की लापरवाही सामने आई है।

**● विभागीय कार्वाई के लिए रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है और जल्द ही मामले में कार्रवाई की जायेगी**

तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्र की तहरीर पर सदर कोतवाली में रविवार को नायब नाजिर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी और कोतवाली पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

देवरिया की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने बताया कि महाविद्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं के बीच वितरण के लिए टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। सदर तहसील में बनाए गए स्ट्रांग रूम में टैबलेट रखे गए थे। शुक्रवार को स्टाक के मिलान में 330 टैबलेट गायब होने की खबर मिली।

शर्मा ने बताया कि नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौंडिल्य ने प्रकरण की जांच की। उनकी जांच में कस्टोडियन के रूप में तैनात नायब नाजिर की लापरवाही सामने आई है जिन्हें उनकी निगरानी का जिम्मा सौंपा गया था।

कौंडिल्य को दिए गए अपने बयान में श्रीवास्तव ने दावा किया कि 19 मई की रात में किसी ने स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ दिया था। अगले दिन जब उन्हें दरवाजे पर नया ताला लगा मिला तो उन्होंने उसे तोड़ दिया और नया ताला लगा दिया, लेकिन घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं दी।

जांच के अनुसार, कथित तौर पर टैबलेट को अधिकारियों की जानकारी के बिना स्ट्रांग रूम के बजाय किसी अन्य कमरे में रखा गया था।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने बताया कि श्रीवास्तव पर धोखाधड़ी से ताला बदलने और बिना किसी सक्षम अधिकारी को सूचित किए 330 टैबलेट का गबन करने का आरोप लगाया गया है।

नायब नाजिर के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा देवरिया कोतवाली में दर्ज कराया गया है। विभागीय कार्वाई के लिए रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है और जल्द ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## मंडल आंदोलन के प्रतिबद्ध नायक थे चंद्रजीत यादव : चंद्रभूषण सिंह




जिला संवाददाता

**देवरिया।** सामाजिक समता के लिए अनवरत संघर्षरत रहे चंद्रजीत यादव मंडल आंदोलन के प्रतिबद्ध नायक थे,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सपाईयों को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रजीत यादव ने पद के लिए कभी भी विचारधारा से समझौता नहीं किया सपा के पूर्व प्रवक्ता एवं चंद्रजीत यादव द्वारा निर्मित सामाजिक न्याय मंच में उनके साथ काम कर चुके इसके जिला संयोजक चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय के अटूट पैरोकार चंद्रजीत यादव समता पार्टी का सांसद रहते हुए जब पाए कि उनके अन्य साथी सांसद एवं मिनिस्टर बनने के लिए अपनी वैचारिकी को तिलांजली दे भाजपा के एनडीए गठबंधन में जा रहे हैं तो उन्होंने विचारधारा को महत्व दिया और सक्रिय राजनीति से खुद को विलग कर सामाजिक न्याय की लड़ाई को दिशा देते रहने का कार्य कियापूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रजीत यादव के स्मृतिदिवस पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख लोगो में सुरेश नारायण सिंह,दयानंद यादव, फिरोज आलम, उत्तिम यादव, संतोष आदि उपस्थित रहे।

## करंट से किशोरी की मौत

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम खोरीबारी के लक्ष्मीपुर के टोला मे अचानक हाईवोल्टेज से करेन्ट पंखे मे प्रवाहित हो जाने से एक किशोरी की चपेट मे आकर दर्दनाक मौत हो गयी ।बताया गया है कि ग्राम खोरीबारी के लक्ष्मीपुर टोला मे अचानक दिन मे पुरे टोले मे ट्रान्सफार्मर मे आयी हाईवोल्टेज से आधे दर्जन से ऊपर लोगो का टी बी सहित अन्य उपकर जल गया ।उसी समय दशरथ मध्देशिया की 12वर्षीया पुत्री चाँदनी अपने पंखे को अपने तरफ मोड रही रही थी ।उसी समय पंखे मे भी करेन्ट उतर गया ।जिसके चपेट मे आने वही गिर पडी परिजन उपचार के लिए सदर अस्पताल ले गये जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।मृत्यु की सूचना पर पुरे परिवार मे मातम छा गया ।चाँदनी अपने तीन भाईयो मे सबसे छोटी थी । लक्ष्मीपुर बाजार स्थित फर्स्ट स्टेप प्लेवे स्कूल रामपुर खोरीबारी की कक्षा-3 की छात्रा थी। माता पिता व भाईयों का रो रोकर बुरा हाल है ।मौत कि सूचना पर भाजपा मण्डल मंत्री मुन्ना राय पूर्व ग्राम प्रधान अनिल राय सहित ग्रामीण पीडित परिवार के घर जाकर अपनी सम्वेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बढाया ।किशोरी का अन्तिम संस्कार छोटी गण्डक नदी के भटनी घाटपर नम आँखों से अपनी पुत्री का अन्तिम संस्कार किया।

## 28 मई को महिला आयोग की सदस्य करेंगी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती ऋतु शाही दिनांक 28 मई को पूर्वाह्न 11बजे देवरिया स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी। इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को न्याय सुनिश्चित करना और उनकी समस्याओं का प्रभावी त्वरित व प्रभावी समाधान करना है। जनसुनवाई के पश्चात जनपद के सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बालिका/महिला गृह एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

## राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ की बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता

देवरिया। देवरिया जनपद का रामपुर कारखाना विकास खंड के बरियारपुर स्थित ज्ञान दीप एकेडमी में राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ, देवरिया इकाई की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुरेन्द्र चौरसिया (रामपुर कारखाना) उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह एवं प्रदेश संगठन मंत्री विजय पटेल भी मंचासीन रहे ।बैठक में जिले के सैकड़ों निजी विद्यालयों के प्रबंधक शामिल हुए जिन्होंने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा वऊक्रए कोड आवंटन और स्थायी मान्यता के नाम पर हो रहे उत्पीड़न हो रहा हैं।

राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ के जिलाध्यक्ष जनार्दन चौहान ने कहा वर्ष 2017 से मान्यता प्राप्त कई विद्यालयों को आज तक वऊक्रए कोड आवंटित नहीं किया गया है ।जबकि पूर्व में मान्यता प्राप्त विद्यालयों को यह कोड निर्गत किया गया था।

स्थायी मान्यता के स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद विभाग द्वारा भ्रम की स्थिति बनाकर विद्यालय प्रबंधकों को परेशान किया जा रहा है ।प्रदेश संगठन मंत्री विजय पटेल ने कहा मान्यता पत्रावली में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि आपको 3 वर्ष की अस्थाई मान्यता निर्गत किया गया है यदि 3 वर्ष के अवधि के दौरान आपके विद्यालय के विरुद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति या शिकायत नहीं प्राप्त होती है तो आपकी मान्यता स्थाई मान ली जाएगी । इस आधार पर तत्काल प्रभाव से यू डायस कोड निर्गत किया जाना आवश्यक है । विद्यालय के अन्य प्रबंधकों ने कहा कि फ्ळए के तहत नामांकन एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के भुगतान में भारी अनियमितताएं की गई हैं ।

## एक देश एक चुनाव को जन आंदोलन बनाना जरूरी : रविंदर

जिला संवाददाता




**देवरिया।** सलेमपुर के रैनाथ डिग्री कालेज मे एक राष्ट्र एक चुनाव गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस सम्मेलन में समाज के बुद्धिजीवी वर्ग शिक्षाविद, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकार, महिला एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

वन नेशन.वन इलेक्शन विषय पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविन्दर कुशवाहा ने एक राष्ट्र एक चुनाव की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से कई तरह के फायदे होंगे। इससे प्रशासनिक और आर्थिक दक्षता बढ़ेगी। विकास कार्यों में निरंतरता आएगी। राजनीतिक स्थिरता मिलेगी और चुनावी खर्च में भी कमी आएगी। उन्होंने बताया कि बार-बार चुनाव से एकात्मकता कम हो रही है। इससे राष्ट्रवाद कमजोर हो रहा है। यह राष्ट्रीय अखंडता के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग समय पर होने वाले चुनावों से आम आदमी का जीवन प्रभावित होता है। एक देश एक चुनाव को जन आंदोलन बनाना जरूरी है। इसे गांव-गांव तक पहुंचाना चाहिए। इससे राष्ट्र और समाज मजबूत होगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा कि देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाने से चुनावी खर्च में कमी आएगी और नीतिगत निर्णयों में निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से सरकारी कार्य बाधित होते हैं, जबकि एक बार चुनाव से शासन की स्थिरता और विकास की गति सुनिश्चित होगी।

पूर्व विधायक काली प्रसाद ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को राष्ट्र की अखंडता के लिए जरूरी बताया।

शिक्षाविद वी. के. शुक्ला ने कहा कि देश की इतनी बड़ी आबादी को बार-बार चुनाव में नहीं झोंका जा सकता।

कार्यक्रम संयोजक जयनाथ कुशवाहा ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से बहुत अधिक धन का व्यय होता है।जितना देश का शिक्षा का बजट हैए उसका आधा चुनावों में खर्च हो जाता है।

कार्यक्रम का संचालन संजय तिवारी ने किया।इससे पूर्व गोष्ठी का शुभारम्भ सुनील स्नेही ने भक्ति गीत के माध्यम से किया।

गोष्ठी को अशोक पाण्डेय,जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल,बृजेश उपाध्याय,संदीप सिंह,बलबीर सिंह दादा,पवन राय,अभिषेक जायसवाल,दिलीप मिश्रा,नवनाथ पाण्डेय,रामेश्वर मिश्र, पुनीत शाही, जटाशंकर दूबे आदि ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम मे अवनीश मिश्र चंचल, अभय सिंह विशेन, पुनीत यादव,विनय पाण्डेय,अजय दूबे वत्स,अनिल ठाकुर,धर्मेंद्र कुशवाहा, शेषनाथ भाई, धनंजय चतुर्वेदी,अरुण सिंह,अवनीश कौशिक,लल्लन सिंह,संतोष पटेल आदि मौजूद रहे।

## साइकिल सवार बुजुर्ग की हादसे में मौत

**देवरिया।** देवरिया गोरखपुर मार्ग पर गौरीबाजार के रामपुर चौराहे के पेट्रोल पंप के समीप सड़क हादसे में रविवार को एक साइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी है। रामपुर चौराहे पेट्रोल पंप के समीप करीब 11 बजे एक साइकिल सवार बुजुर्ग तेज रफ्तार अज्ञात स्कूटी की चपेट में आ गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घायल बुजुर्ग को सीएचसी पर लेकर पहुंची। कुछ देर बाद घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। गोरे रंग का साइकिल सवार बुजुर्ग सफेद रंग का कुर्ता-धोती व चेकदार अंगोछा लगा रखा था। पुलिस बुजुर्ग के शव की पहचान कराने में जुटी है।

## पत्नी की हत्या के बाद पति ने ट्रेन के सामने कूद कर दी जान

**देवरिया।** देवरिया जनपद में रविवार को एक सनसनीखेज घटना हुई। सलेमपुर कोतवाली के माथापार में एक युवक ने पत्नी की हत्या करने के बाद ट्रेन के सामने कूद कर अपनी भी जान दे दी। दंपती की मौत की सूचना के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई। मौके पर पहुंचे सीओ समेत अन्य अधिकारियों ने जांच की। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट बरामद किया है। सलेमपुर कोतवाली के ग्राम माथापार निवासी जितेंद्र कुशवाहा अपनी पत्नी बेबी के साथ सूरत में रहता था। 11 मई को ही अपने गांव आया था। उसने रविवार की सुबह सलेमपुर-बरहज रेल खंड पर बुद्धिराम गढ़वा के समीप बरहजिया ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। जितेंद्र की मौत की सूचना गांव पहुंची तो गांव के लोग उसके घर पहुंचे, जहां पत्नी बेबी मृत अवस्था में बेड पर पड़ी थी। सूचना पर सीओ दीपक शुक्ल, कोतवाल संतोष कुमार भी मौके पर पहुंच गए। बेबी के कपड़े से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया। सीओ, सलेमपुर दीपक शुक्ल ने कहा कि मौके पर पहुंच कर जांच की गई है। एक सुसाइड नोट भी मिला है। मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि युवक ने पहले पत्नी की हत्या की है, फिर खुद ट्रेन के सामने कूद कर जान दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण

**कुशीनगर।** शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक रविवार को जनपद के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र के जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

**● दो चिकित्सक दो कर्मचारी मिले अनुपस्थिति, वेतन बाधित**

जिसका जनपद के मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर द्वारा औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उनके द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिधुवा बांगर का निरीक्षण किया गया वहाँ पहुँचकर उन्होंने जब उपस्थिति पंजिका देखा तो चिकित्सक डॉ अभिनव चतुवेर्दी चार दिन से बिना हस्ताक्षर बनाये अनुपस्थिति पाये गये और एक एमपीडब्ल्यू कर्मचारी उदयभान सिंह भी अनुपस्थिति मिले। तो वही आयुष चिकित्सक डॉ श्याम बिहारी मरीजों का उपचार करते पाये गये उनके द्वारा 18 मरीजों को उपचार किया जा चुका था। उनके अलावा एलटी दिग्विजय तिवारी एवं स्वीपर कम चौकीदार मदन यादव अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये मिले। सीएमओ द्वारा मेला का आशाओं के माध्यम से प्रचार प्रसार कराकर अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिये कहा गया।ततपश्चात सीएमओ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेखवनिया का औचक निरीक्षण किया गया वहाँ भी चिकित्सक डॉ उमेश मौर्या पाँच दिन से अनुपस्थित पाये गये एवं फार्मासिस्ट मंतोष कुमार पांडेय भी अनुपस्थिति मिले। तो वही आयुष चिकित्सक डॉ नाजिया द्वारा मरीजों का उपचार करते मिली उनके द्वारा 13 मरीजों को उपचारित किया गया था। एलटी उमेश प्रसाद,एनएमए कमलेश्वर यादव,वार्ड ब्वाय श्रवण यादव,स्वीपर कम चौकीदार राजकुमार जयसवाल उपस्थित होकर अपने कार्यो को करते हुये मिले। वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से सीएमओ ने कहा कि आशाओं के



माध्यम से मेले का प्रचार प्रसार कराकर और अधिक ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को लाभान्वित करे। सीएमओ डॉ ए पी भास्कर ने कहा कि रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का मेरे द्वारा औचक निरीक्षण किया गया जिसमें ड्यूटी से नदारत मिले दो चिकित्सक एवं दो कर्मचारियों का वेतन बाधित करते हुये कारण बताओ नोटिश जारी किया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद के सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करे।अनुपस्थिति की दशा में उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## नागरी प्रचारिणी का चुनाव संम्पन्न

**देवरिया।** जिले की लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था नागरी प्रचारिणी सभा की आज सम्पन्न हुई साधरण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी को अध्यक्ष, इन्द्र कुमार दीक्षित को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी को उपाध्यक्ष, डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी को मंत्री, एडवोकेट ब्रजेश पांडेय एवं डॉ सौरभ श्रीवास्तव को संयुक्त मंत्री, सरोज कुमार पाण्डेय को कोषाध्यक्ष, वृद्धि चन्द्र विश्वकर्मा को आय-व्यय निरीक्षक पदाधिकारी चुने गये।सदस्य के रुप में श्याम सुन्दर भगत, डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी, डॉ शकुन्तला दीक्षित, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, रवीन्द्र नाथ तिवारी, जितेन्द्र




**● डॉ. जयनाथ मणि अध्यक्ष व डॉ अनिल कुमार मंत्री चुने गए**

प्रसाद तिवारी, विनय कुमार बरनवाल, डॉ मधुसूदन मिश्र, कौशल किशोर मिश्र, रविप्रकाश मिश्र, संजय कानोडिया, दिनेश कुमार त्रिपाठी, गोपाल कृष्ण सिंह रामू, डॉ अभय कुमार द्विवेदी, अखिलेश जायसवाल, ऋषिकेश मिश्र, हिमांशु सिंह, अरुण राव एडवोकेट, अंजलि अरोड़ा खुशबू, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, रजनीश गोरे, आदि सदस्य चुने गये। इसी प्रकार विशेष आमंत्रित सदस्य के रुप में श्रीमती दुर्गा पाण्डेय, ओमप्रकाश द्विवेदी, ब्रजेश पाण्डेय प्रबन्धक, सतीश पति त्रिपाठी, अनिल कुमार त्रिपाठी विज्ञान संचारक, संजय राव, पुरुषोत्तम मरोदिया विशेष आमंत्रित सदस्य के लिए नामित हुए।इन सभी नामों को साधारण सभा के सामने प्रस्तुत किया गया जिसे सबने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके पूर्व प्रथम सत्र की बैठक अध्यक्ष श्री परमेश्वर जोशी की अध्यक्षता में हुई जिसमें पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में किये गए कार्यों का लेख जोखा प्रस्तुत किया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा किया ।

उसके बाद मंत्री ने सबको बधाई देते हुए आज के सभा के विसर्जन की घोषणा की।

## समर कैंप की बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिकाः खंड शिक्षा अधिकारी

**देवरिया।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में आयोजित हो रहे समर कैंप में बच्चे मौज-मस्ती के साथ खेलकूद, योगासन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठा रहे हैं। सदर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया में बच्चों का गजब उत्साह रहा ।यहां पर खंड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा ने बच्चों को ब्लैक बोर्ड पर चित्र बनाना सिखाया तथा उपस्थित अभिभावकों और बच्चों को समर कैंप की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर नोडल शिक्षक प्रभाकर द्विवेदी, जयंती मिश्रा, दुर्गमान यादव , मोहम्मद जाकिर सहित बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।

## जबरन जमीन कब्जा करने के मामले में भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज

**कुशीनगर।** जिले के कसया थानाक्षेत्र अंतर्गत नगरपालिका परिषद कुशीनगर के महंथ अवैद्यनाथ नगर सिसवा - महंथ में निवासी एडवोकेट जितेंद्र पटेल द्वारा एक भाजपा नेता और तीन अन्य सहित 15 - 20 अज्ञात लोगों पर उनकी जमीन जबरन कब्जा करने को लेकर दी गई तहरीर पर कसया पुलिस ने मुअसं 353/25 बीएनएस की धारा 324(4), 351(3), 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है ।दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता श्री पटेल ने थानाध्यक्ष कसया को दिए तहरीर में कहा है कि आराजी नंबर 335 रकबा 33 डिसमिल जिसका पट्टा उनके पिता काशीनाथ के नाम से आबंटित है और प्रार्थी का कब्जा है। जमीन में प्रार्थी ने गन्ना बोया है। इस जमीन पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश भी पारित है। बीते 20 मई को 12 बजे भू माफिया संतोष सिंह पुत्र रुदल सिंह निवासी सिधावें टोला पठान पट्टी, गोरखनाथ पुत्र केदार ग्राम मांडेराय, थाना रामकोला, विनय ठाकुर ग्राम कुड़वा उर्फ दिलीपनगर 15 -20 लोगों के साथ ट्रेक्टर ट्राली के साथ उनके खेत पर पहुंचे और उन्हें गाली देने लगे। तथा जबरन खेत कब्जा करने के लिए जुतवा दिए। जिससे एक उनका करीब एक लाख की गन्ने की फसल बर्बाद हो गई। मना करने पर मां बहन की गाली देते हुए जान माल की घुड़की धमकी दी। सूचना पर पहुंची 112 नंबर डायल पुलिस आई। लोगों ने इसका बीडीओ भी बनाया है। संतोष आदि उक्त भूमि पर स्टे होने के बावजूद भी बल पूर्वक निर्माण की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है। मामले में बार संघ के सदस्य अधिवक्ताओं ने पीड़ित अधिवक्ता को न्याय दिलाने की मांग की है।

## 39972 लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए देश की जनता से संवाद किया।जिसे भाजपा द्वारा जनपद के सभी बूथों पर प्रसारित किया गया। मन की बात कार्यक्रम के 122 वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों द्वारा दिखाए गए पराक्रम की सराहना की। जिसने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कई दिलचस्प विषयों पर जानकारी साझा की, जिसमें महाराष्ट्र का एक गाँव, जहाँ पहली बार बस पहुँची है, शेरों की बढ़ती आबादी, सिक्किम की पारंपरिक बुनाई और ड्रोन दीदी शामिल हैं। पीएम ने शहद उत्पादन और मधुमक्खियों को बचाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, कुशीनगर विधायक विधायक पीएन पाठक व अन्य पदाधिकारीयों के साथ कुशीनगर विधानसभा में कुशीनगर मण्डल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 276 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सरोकार की बात करते हैं। मन की बात कार्यक्रम से जन मन का जुड़ाव अब जन भागीदारी का स्वरूप धारण कर लिया है। इस अवसर पर ओम प्रकाश जायसवाल, सुरेन्द्र सिंह, वरुण राय सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भोजपुरी को भाषा का दर्जा व भोजपुरी अकादमी की स्थापना करे प्रदेश सरकार : सिद्धार्थ मणि

जिला संवाददाता




**देवरिया।** विश्व भोजपुरी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार से भोजपुरी को राज्य में भाषा का दर्जा दिलाने एवं भोजपुरी अकादमी की स्थापना करने की मांग की है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि 20 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को संवैधानिक मान्यता नहीं मिलने के पीछे राजनीतिक भेदभाव है। संविधान की आठवीं अनुसूची में इस भाषा को दर्जा दिलाने की अंतिम लड़ाई यूपी से लड़ी जाएगी। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि भोजपुरी को राज्य में भाषा की मान्यता विधान सभा में दिलाने के साथ ही यहां भोजपुरी अकादमी की स्थापना को मंजूरी प्रदान करें। पत्रकारों से बात करते हुए श्री मणि ने कहा भोजपुरी विश्व भर की भाषाओं के समृद्ध ताने-बाने की मजबूत कडी बन चुकी है । इस भाषा की संस्कृति ,परंपरा और साहित्य की जडे गहरी हैं। 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में भोजपुरिया अंचल के लोग कई देशों में गिरमिटिया मजदूर बनकर गए और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सझोए रखने के कारण वहां सरकार बनाकर मजबूती से खड़े हैं । आज भोजपुरी भाषा भाषियों के लिए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जीउम्मीद की किरण बनकर उभरे है। विधानसभा में भोजपुरी को पहली बार सम्मान वर्तमान सरकार की बदौलत मिला है जिसका नमूना राज्य के सदन में विधायक गण सम्मान के साथ भोजपुरी में अपनी बात रख रहे हैं। विश्व भोजपुरी सम्मेलन इस ऐतिहासिक पल के लिए माननीय योगी जी सरकार का धन्यवाद करती है ।श्री मणि ने कहा कि भोजपुरी संस्कृति का महान पर्व आज बड़ी आस्था के साथ भारत ही नहीं विश्व के दर्जनों देशों में मनाया जा रहा है बावजूद इसके भोजपुरी भाषा सरकारी तौर पर उपेक्षा का शिकार है । यूपी और बिहार के पांच दर्जन से अधिक सांसद होने के बावजूद भोजपुरी संवैधानिक मान्यता के लिए संघर्ष कर रही है यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है । संस्था की प्रादेशिक इकाई की टीम जल्द ही मुख्यमंत्री जी से मिलकर उत्तर प्रदेश में भोजपुरी अकादमी की स्थापना की मांग करेगी ।भोजपुरी एकादमी बनने से इस भाषा संस्कृति ,संगीत और साहित्य सेवा में लगे लोगों को काफी सहूलियत होगी। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्टरूप से कहा कि भोजपुरी संगीत और सिनेमा में अश्लीलता के लिए स्थान नहीं है ।श्री मणि ने कहा कि भोजपुरी के लिए वकालत करने वाली प्राचीनतम संस्थानों में विश्व भोजपुरी सम्मेलन का नाम देश और दुनिया में सम्मानपूर्वक लिया जाता है तो इसके मूल में सतीश चंद्र त्रिपाठी और प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर अरुणेश नीरन जी की त्याग और तपस्या शामिल है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन के पुनर्गठन का कार्य चल रहा है सभी जनपदों में इकाई गठित होने के बाद जनपदीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय इकाई के संरक्षक का दायित्व इतिहासकार और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी को सोपा गया है जबकि वाराणसी के साहित्यकार एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश दुबे तथा आगरा निवासी शंभू न्संगीता सिंह को सचिव का प्रभार सोपा गया है।

## आप्टोमेट्रिस्ट संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन, विजयपाल सिंह बने अध्यक्ष



**कुशीनगर।** रविवार को राजकीय आप्टोमेट्रिस्ट संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में नई टीम का गठन किया गया। बैठक में तमकुही सीएचसी के विजयपाल सिंह को सर्वसम्मति से संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं, पडरौना नेत्र चिकित्सालय के विद्यानंद सिंह को सचिव और सतीश कुमार कुशवाहा को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा होते ही स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई दी।यह बैठक संघ के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाटिल और महासचिव रविंद्र यादव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और एकता पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करता है। संघ का उद्देश्य अपने सदस्यों के हितों की रक्षा करना और उनके साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करना है। इस निर्वाचन पर डॉ. आफताब आलम, विवेक तिवारी, आनंदपाल सिंह, डॉ. पंकज खरवार, राकेश कुमार, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. वेदमणि त्रिपाठी, अजय राय, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. राज कुमार सिंह सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## जान से मारने की धमकी का आरोप

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने गाँव के ही एक व्यक्ति पर बीती रात झोपड़ी में आग लगाकर जान से मारने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गाँव ओसिया निवासी भैइयालाल ने बताया कि शनिवार को शाम छह बजे वह वापस घर लौट रहा था। गाँव के ही एक व्यक्ति ने गाली गलौज करने के साथ मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बचाया। लोगों के आने से वह झोपड़ी में आग लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। धमकी से डर कर प्रार्थी रात में अपनी (झोपड़ी) में नही सोया। आग से गृहस्थी जल गयी। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## वृद्ध को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर,मौत

सीतापुर। घर से पैतेपुर जा रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीररूप से घायल वृद्ध को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से ट्रामा सेंटर के जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।रामपुर मथुरा के शहरी के गुरू प्रसाद (65) रविवार की सुबह करीब 10 बजे पैदल घर से पैतेपुर जा रहे थे। केदारपुर किसान भट्ठा के पास अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी और दुर्घटना को अंजाम देकर वाहन लेकर चालक फरार हो गया। सूचना पर चैकी इंचार्ज पैतेपुर दिनेश सिंह मौके पर पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ठेलिया चालक को रौंदा, मौके पर मौत

सीतापुर। बिसवां कोतवाली बिसवां अंतर्गत बिसवां-सीतापुर रोड पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने एक ठेलिया चालक मजदूर के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ठेलिया चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार रविवार को कोतवाली बिसवां क्षेत्र के मोहल्ला मास्टर कॉलोनी निवासी मुनव्वर पुत्र सब्बीर मजदूरी करने पोस्ट चैराहे से बड़े चैराहे की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मुनव्वर की मौके पर ही मौत हो गई। लेकिन तुरंत उसको अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूरी करता था और ठेलिया चलाकर अपना गुजारा करता था। मृतक मुनव्वर के तीन छोटे बच्चे हैं एक लड़का और दो लड़कियां। सभी बच्चे 5 साल से कम उम्र के हैं। इस घटना से एक मजदूर परिवार का सहारा छिन गया है और घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रक व ट्रक चालक को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ई-रिक्शा का चार्जर चोरी

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के टंडई गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक ई-रिक्शा की बैटरी चोरी का प्रयास किया। लेकिन गृहस्वामिनी की जागने से उनकी योजना असफल हो गई। भागते समय चोर ई-रिक्शा का चार्जर चुरा ले गए। पीड़ित ने कोतवाली सिधौली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टंडई कला के मजरा हैदरगढ़ निवासी राजेंद्र पुत्र मुन्ना के घर की कुंडी खोलकर ई-रिक्शा के बैटरी खोलने लगे। तभी राजेंद्र की पत्नी की नींद खुल गई। जैसे ही उन्होंने शोर मचाया, चोर बैटरी छोड़कर भाग निकले। लेकिन ई-रिक्शा का चार्जर साथ ले गये।

## झाड़ियों की सफाई न होने से रोष

आजमगढ़। जहानागंज-सठियांव मार्ग पर सड़क किनारे उगी झाड़ियां दुर्घटना को दावत दे रही है। झाड़ियों के चलते अक्सर हो रही दुर्घटनाओं में लोग जख्मी हो रहे हैं। इस मार्ग पर चलना राहगिरों और वाहन चालकों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। शिकायत के बाद भी झाड़ियों की सफाई न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जहानागंज-सठियांव मार्ग पर ग्राम रामपुर नर्सरी मोड़, महुआ आदि गांवों के पास सड़क के किनारे उगी झाड़िया बढ़कर पटरी से लेकर सड़क तक बढ़कर पहुंच गया है। पटरियों व सड़क पर झाड़ियों के फैलने से राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

# विवाहिता की दहेज के लिए पति ने की थी हत्या



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर कदीम गांव में दहेज उत्पीड़न का शिकार हुई विवाहिता की मौत सिर पर डंडे से चोट लगने के कारण हुई थी। पत्नी की मृत्यु हो जाने के बाद पति ने बचने के लिए पत्नी के शव को फंदे से लटका दिया था और ससुरालीजनों को आत्महत्या की झूठी कहानी सुना दी। यही नहीं आनन-फानन में शव को कब्र में दफनाकर मामला रफा दफा कर दिया था। मृतका के पिता ने डीएम और एसपी से मिलकर पीएम कराने की मांग की थी।

डीएम के निर्देश के बाद शव को कब्र से निकालकर पीएम के लिए भेजा गया था। पीएम रिपोर्ट में विवाहिता की मौत हेड इंजरी के कारण होना बताया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामपुर मथुरा के अलायपुर निवासी बकरीदी पुत्र मजनू ने 21 मई को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि उन्होंने वर्ष 2017 में अपनी बेटी जाकिरून बानो (30) का निकाह महमूदाबाद के मोहम्मदपुर कदीम निवासी इसराइल पुत्र मेंहदी के साथ किया था। निकाह के बाद से ही ससुरालीजनों द्वारा बेटी को प्रताड़ित करते थे। 19 मई की रात ससुरालीजनों ने बेटी को बुरी तरह से पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। आनन-फानन में ससुरालीजनों ने उसके शव को कब्र में दफना दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने मामले में पति समेत चार लोगो पर मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को डीएम के आदेश के बाद मृतका के शव को कब्र से निकालकर पीएम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट में विवाहिता की मौत सिर पर चोट लगने की वजह से हुई। मृतका के गले पर भी निशान पाए गये। पति ने पत्नी की बुरी तरह से पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई और बचने के लिए शव को फंदे से लटका दिया और आत्महत्या की झूठी कहानी बना दी। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि मामले में पति इसराइल को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है।

## वृद्धा को ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंदा, मौके पर मौत



सीतापुर। महमूदाबाद थाना क्षेत्र के बिलौली तेतारपुर सम्पर्क मार्ग पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने सड़क किनारे जा रही वृद्धा को रौंद दिया। वृद्धा की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और बिलौली तेतारपुर सम्पर्क मार्ग पर हंगामा शुरू कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को पीएम के लिए भेजने के साथ मामले की जांच शुरू की। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के तेतारपुर गांव की रहने वाली राजेश्वरी (60) पत्नी रामलखन रविवार की सुबह रिश्तेदारी से वापस अपने घर जा रही थी। बिलौली तेतारपुर सम्पर्क मार्ग पर छोटा धौरहरा गांव के पास सामने से आ रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें रौंद दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि राजेश्वरी का सर ट्राली की पहिये के नीचे आ गया। मृतका के पति ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर नाबालिग चला रहा था। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्राली छोड़ कर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मृतका के परिजन व ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और हंगामा करने लगे। परिजनों ने चालक को मौके पर बुलाने की मांग रख कर हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को पीएम के लिए भेजने के साथ मामले की जांच शुरू की।

## सफाई अभियान चलाकर आप ने स्वच्छता का दिया संदेश



उन्नाव। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाहन पर प्रत्येक माह रचनात्मक अभियान के क्रम में जनपद के नवाबगंज ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने साफ सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों की हालत खस्ताहाल है। उन्नाव की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं राम भरोसे है। आगे कहा कि सरकारी अस्पताल में स्वच्छता मरीजों, डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। एक स्वच्छ अस्पताल न केवल संक्रमण के प्रसार को कम करता है, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों के लिए अधिक आरामदायक और सकारात्मक अनुभव भी प्रदान करता है। जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा मौजूदा सरकार में सरकारी अस्पताल व सरकारी स्कूलों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार के लिए जनपद में आम आदमी पार्टी आंदोलन करेगी। इस मौके पर जिलामहासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी शरीफ खान, कार्यकारिणी सदस्य रईस अहमद, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपू कुमार महासचिव भानुप्रकाश नगर अध्यक्ष मानसिंह शिवकुमार, सुरेश कश्यप, चंद्रशेखर, अनूप रावत, राजेश कुमार सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन




फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में काली मिट्टी के पास स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के गेट पर बने मन्दिर पर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक किशोरी राखी द्विवेदी ने श्री राम व श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाते भक्तों को बताया कि जब जब पृथ्वी पर पाप अपराध और राक्षसी शक्तियों का प्रभाव बढ़ता है तब तब ईश्वर धरा पर किसी न किसी रूप में अवतरित होकर राक्षसी शक्तियों का विनाश करके मानव जाति की रक्षा करके पृथ्वी को पाप अपराध कर्मों से मुक्ति दिलाते हैं। त्रेता युग में जब रावण और द्वापर में कंस जैसे आतताई का अत्याचार बढ़ा और मानव के साथ साथ ऋषि मुनियों पर अत्याचार होने लगा तब भगवान विष्णु ने श्री राम एवं श्री कृष्ण के रूप में अवतरित होकर रावण तथा कंस का विनाश करके पृथ्वी को पाप कर्मों से मुक्ति दिलाई। कथा करा रही यजमान किरण पाण्डेय ने बताया कि सात दिवसीय कथा कार्यक्रम में भक्तों को श्रद्धा और विश्वास से कथा सुनने का लाभ मिल रहा है और उन्हें भी आत्मिक शान्ति मिल रही है। कथा वाचक ने श्री राम व श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को भी भक्तिपूर्ण प्रसंगों के साथ कथा सुनाते कहा कि इससे जहां हमें ईश्वर की शक्तियों को समझने का अवसर मिलता है वहीं हम अध्यात्म से जुड़कर गलत कामों से छुटकारा पाकर जीवन को सफल बनाते हैं। मन्दिर के पुजारी अंबिका दास, जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा पुरी, कृष्ण कुमार, श्वेता, रघुनाथ आदि भक्त मौजूद रहे।

## मामूली विवाद में मारपीट, चार गिरफ्तार

पाटन उन्नाव। मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को गिरफ्तार कर बी एन एस एस की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बैजुआमऊ में दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने बुझाने का प्रयास किया किंतु वह पुलिस की मौजूदगी में पुनः मारपीट पर आमादा हो गए पुलिस ने मारपीट के आरोप में श्यामा देवी पत्नी उमाशंकर, भैरौ देवी पत्नी राजकुमार तथा दूसरे पक्ष से नन्ही देवी पत्नी छेदीलाल व नन्हकई पत्नी नन्हकऊ को गिरफ्तार कर कर लिया और शांति बनाए रखने के लिए बी एन एस एस की धारा 170, 126 व 135 में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है।

## कृषक गोष्ठी का आयोजन




सीतापुर। चीनी मिल व गन्ना विकास विभाग द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को अच्छी पैदावार के बारे में जानकारी दी गई। सकरन के खजुरा गांव में मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड हरगांव व चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हुई किसान गोष्ठी में किसानों को गन्ना पेंड़ी प्रबंधन में आरएमडी तकनीक अपनाकर अधिक उत्पादन एवं लाभ लेने हेतु जानकारी दी गई सहायक प्रबंधक गन्ना विनय अवस्थी ने पेंड़ी प्रबंधन पर गन्ना पौध की कटाई से लेकर हर चरण में अपनाए जाने वाले कार्यों के विषय में किसानों को विस्तार से बताया गया तथा अधिशासी उपाध्यक्ष गन्ना शरद सिंह ने कृषकों को बताया कि चीनी मिल द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्र, उर्वरक एवं कीटनाशक आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं और यह भी बताया कि चीनी मिल कर्मचारी अधिकारी प्रत्येक गांव में जाकर किसानों को उन्नत तकनीक द्वारा बुवाई एवं प्रबंधन हेतु जागरूक कर रहे हैं। इस दौरान चीनी मिल कर्मचारियों के अलावा क्षेत्रीय किसान मौजूद थे।

## वीर सैनिकों की शौर्य गाथा को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाली




फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव सैंता से तकिया चौराहा तक वीर सैनिकों की शौर्य गाथा को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शामिल होकर यात्रा में शामिल लोगों की हौसला आफजाई की।

यात्रा में शामिल राज्यमंत्री ने यात्रा के बाद गांव आयोजित सभा में वक्फ बोर्ड पर सरकार द्वारा लाए गए बिल पर भी विस्तार से चर्चा की। सैंता गांव में रविवार को शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जो तकिया चैराहा तक गई और वहां से लौट कर गांव में समाप्त हुई। इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक श्री कांत कटियार व हज कमेटी के सदस्य भी शामिल हुए। गांव निवासी रईस खा उर्फ पप्पू खां के द्वारा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें गांव व क्षेत्र के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा झंडा लिए लोग भारत माता की जय के नारे लगाते तकिया चैराहा तक गए। बाइक से निकाली गई तिरंगा यात्रा के बाद लोगों को संबोधित करते राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लाया गया वक्फ बिल हम लोगों के हित में है। भाजपा सरकार सबके साथ समान व्यवहार करती है। इसलिए विकास कार्यों में कोइ भेदभाव नहीं किया जाता है।

## मेरे लिए जनता जनार्दन सर्वोपरि हैः बेबी अभिषेक गुप्ता



जिला संवाददाता(vol)

खैराबाद/सीतापुर। एक ओर नगरपालिका अध्यक्ष खैराबाद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कराए गए विकास कार्य की रिपोर्ट पर स्वयं मुख्य मंत्री के सामने पेश की व खैराबाद में हुए विकास कार्य और आगे की रूप रेखा खैराबाद अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने सामने रखी तो मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए सराहना की और आगे के विकास कार्यों के लिए और शासन से पूर्ण सहायता देने की बात कही।

मुख्यमंत्री जी की मुलाकात रिकार्ड तोड़ सोशल मीडिया व समाचार पत्रों ने प्रमुखता से दिखाया जिससे सीतापुर की राजनीति में अलग अलग कयास लगने शुरू हो गए। बेबी अभिषेक गुप्ता ने कहा मेरे लिए जनता जनार्दन सर्वोपरि है आमजन की अपेक्षाओं पर दिन रात काम कर रहे है। हमे प्रशंसा व बुराई का फर्क नही पड़ता नगर के अधिकतम लोग संतुष्ट है आगे विकास कार्य जारी है।हमारे लिए पद का मतलब पैसा कमाना नही वरन समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास का लाभ मिले। वही दूसरी ओर खैराबाद में कुछ ओछी मानसिकता के लोग अभिषेक गुप्ता की बढ़ती लोकप्रियता से रातों की नींद हराम हुई इसका कारण खैराबाद राजनीतिक पंडितों का मानना था खैराबाद सीट कभी भी भाजपा नही जीत सकती है इसलिए यंहा से दावेदारी करने वाले उम्मीदवारों की संख्या नाम मात्र रही पर चुनावी नतीजे चैकाते हुए बेबी अभिषेक गुप्ता ने जीत दर्ज की जिससे सीतापुर से लेकर प्रदेश तक चर्चा का विषय बना। इसके बावजूद कुछ राजनीतिक पंडितों ने भविष्यवाणी की नौसिखिया व्यक्ति नगरपालिका का कार्य कैसे करेगा लोगो की अड़चने को काटकर अभिषेक विकास की ओर अग्रसर रहे। अब जब राजनीतिक विरोधियों की दाल नही गली तो खड़यँत्र रच कर सामाजिक छवि धूमिल करने का प्रयास जारी है क्या अपनो के बीच छुपे जयचन्दों व स्थानीय राजनीति के षड़यंत्र को तोड़ने में सफल हो पाएंगे ये आने वाला समय बताएगा।

## सैनिकों के पराक्रम, शौर्य और वीरता को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली




सीतापुर। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैनिकों के पराक्रम, शौर्य, वीरता को लेकर अलग अलग इलाकों में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा में लोगो ने भारतीय सेना को सलाम किया। महमूदाबाद के पैंतेपुर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर मढ़ी से शुरू होकर कस्बे में भ्रमण करते हुए संगत पर समाप्त हुई। मंडल अध्यक्ष पैंतेपुर अम्बरीष वर्मा, डॉ जय कीरत वर्मा, प्रमोद सोनी, हिमांशु वर्मा, धनंजय, मृत्युंजय वाजपेयी आदि मौजूद थे। सरैया बाजार में आयोजित तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष विजय सिंह तोमर के संयोजन में आयोजित तिरंगा यात्रा में आरके वाजपेयी, आशीष मौर्य, जिला मंत्री सुधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष कमलेश राजपूत, भाजपा पिछड़ा वर्ग क्षेत्र के उपाध्यक्ष अंकुश राज विश्वकर्मा तमाम लोग मौजूद रहे। देहात मण्डल के सैर में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मण्डल अध्यक्ष अरविंद यादव, संजय वर्मा, अनिल यादव, राजेश शंकर तिवारी, उमा शंकर तिवारी, राजेंद्र सिंह, सत्यम पटेल आदि शामिल हुए।

## कार ने पिकअप में मारी टक्कर, दो घायल

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के लखीमपुर सीतापुर मार्ग पर बड़ेलिया गांव के पास लखीमपुर की तरफ से आ रही पिकअप में पीछे से कार ने ठोकर मार दी। जिससे पिकप पलट गयी। दो लोग घायल हो गए। जिन्हें हरगांव पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव में भर्ती कराया। हरगांव क्षेत्र के लखीमपुर सीतापुर बडेलिया आर्यावर्त बैंक के पास हाइवे पर शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे पिकअप आम लोडकर सीतापुर जा रही थी। उसके पीछे आ रही तेज रफ्तार स्वीफ्ट डिजायर कार नं. यूपी32 एमई 9501 ने ठोकर मार दी। जिससे पिकअप सड़क पर ही पलट गई और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार दो लोग नरेंद्र सिंह व मयंक त्रिपाठी निवासीगण कोतवाली क्षेत्र लखीमपुर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर तत्काल घटनास्थल पर पहुंची हरगांव पुलिस ने घायलों को सीएचसी हरगांव में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## देश के गांव-गांव में लोगों को उनके सही इतिहास से अवगत कराया जा रहाःअवधेश

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में सेवता विधानसभा में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बाराबंकी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते



हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी इतिहास में योगदान देने वाले सभी महापुरुषों एवं वीरांगनाओं के सम्मान के साथ खड़ी है। आज इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती को मना रही है और उनके विषय में देश के गांव-गांव में लोगों को उनके सही इतिहास से अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने भी माता अहिल्याबाई होलकर के इतिहास और सनातन की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मना रही है और इसको लेकर पूरे देश में उनके सम्मान में कार्यक्रम हो रहे हैं जिला सीतापुर में भी पार्टी प्रत्येक विधानसभा में उनके सम्मान में कार्यक्रम कर रही है। मातृशक्ति के लिए रानी अहिल्याबाई होलकर एक प्रेरणा है जिसे भारत कि प्रत्येक बालिका को ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर सेवता विधानसभा में भाजपा नेताओं द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा भी निकली है कार्यक्रम में सुधाकर शुक्ला पार्टी के मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता समर्थक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने गांव के ही कुछ दबंगों पर बार-बार उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि थाना स्तर पर बार-बार शिकायत करने के बावजूद उसकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही। सरवा मजरा हरदोईया निवासी सुमन पत्नी सुधीर के अनुसार बीती 23 मई को दबंगों ने उसके घर मुर्गियां ईंट से मार दी। इससे पूर्व भी आरोपितों राम प्रसाद पुत्र छोटे लाल, सुनील पुत्र मनोहर, नीरज व रोहित पुत्रगण राम प्रसाद ने उसके घर में घुसकर आग लगा दी थी। जिसमें उसके ससुर के हाथ जल गये। जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। पीड़िता ने बताया कि आगजनी की घटना के बाद आज तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। अब जब वह फिर से प्रार्थना पत्र लेकर कोतवाली गई तो वहां भी सुनवाई नहीं हुई। थाने से निराश होकर महिला ने जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि उसे और उसके परिवार को लगातार धमकियां मिल रही हैं और सुरक्षा को लेकर वह भयभीत है।

## सेना के सम्मान में शामिल हुए हजारों लोग लगाये भारत माता की जय के नारे

सीतापुर। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के प्रति सम्मान और समर्थन प्रकट करने के क्रम मे रविवार शाम को कमलापुर कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें करीब पांच सोकडा से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व उत्तरप्रदेश सरकार मे दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र मिश्रा व तिरंगा यात्रा के प्रभारी मण्डल अध्यक्ष



आशुतोष मिश्रा व जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला ने किया। तिरंगा यात्रा की शुरूआत इन्द्रा गेस्ट हाउस से की गई, जहां कार्यकर्ता एकत्रित हुए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से भ्रमण करते हुए बडे चौराहे पर स्थित राधाकृष्ण मन्दिर पर आकर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् हिंदुस्तान जिंदाबाद जैसे देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र मिश्रा ने कहा कि हमारे सैनिकों ने जिस बहादुरी का परिचय दिया है वह अविस्मरणीय यात्रा मे रवि तिवारी , अपर्णा मिश्रा गुप्तार जयसवाल जीवन पाण्डेय डां सुशान्त कुमार विश्वास डां सन्तोष विश्वकर्मा , अरविन्द तिवारी पिन्टू मिश्रा दिलीप मिश्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## महिला आरक्षी संग पुलिस मेडिकल के लिए पहुंचे पीड़ितों को देख भड़के डॉक्टर

सीतापुर। थाने में पहुंचे चोटिलों को लेकर महिला आरक्षी शशि प्रभा चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी हरगांव गयी थीं। जहाँ इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉ रवि भार्गव अपने आवास में मौजूद थे। डाक्टर को बुलाने के लिए वार्ड ब्वॉय ने दो बार फोन किया फिर भी चिकित्सक के न आने पर महिला आरक्षी शशिप्रभा ने फोन किया। महिला आरक्षी शशि प्रभा का आरोप है कि आते ही डॉक्टर रवि भार्गव आपे से बाहर होकर भड़क गए और अनाप-शनाप कहते हुए बाँह पकड़कर बाहर निकाल दिया। जिससे वह गिरते गिरते बची और चिकित्सकीय परीक्षण करने से मना कर दिया तथा कहा चिकित्सकीय परीक्षण करवाने दो बजे के पहले आया करो। जिसके बाद महिला आरक्षी ने थानाध्यक्ष को जानकारी दी। जिस पर उन्होंने कस्बा इंचार्ज लल्ला गोस्वामी को मौके पर भेजकर विभागीय उच्चाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया। सीएचसी अधीक्षक से वार्ता कर दोबारा चोटिल पीड़ितों को अन्य महिला आरक्षी एवं आरक्षियों के साथ सीएचसी भेजा। वहीं चिकित्सक रवी भार्गव का आरोप है कि वह खाना खाने आवास पर गये थे तब तक वार्ड ब्वॉय का फोन आ गया। वह खाना खाकर अस्पताल पहुंचे तो महिला आरक्षी अनाप शनाप बकने लगी। मौके पर मौजूद श्रीकेशन पुत्र इन्ना निवासी नयागांव, नैना देवी पत्नी विपिन निवासी जोशी टोला व शुक्ला निवासी खमौना दर्द से तड़पते रहे लेकिन समय पर इलाज नहीं मिला। नैना देवी की ऊंगली कट गयी थी। जो इमरजेंसी की टेबल पर रखी ही रह गयी तथा शुक्ला का दाहिना कान कट गया था। लेकिन इलाज के अभाव में दोनों दर्द से तड़पते रहे और बताया महिला आरक्षी के साथ डॉक्टर ने अभद्रता की तथा हांथ पकड़कर बाहर निकाल दिया।

## अंकित बने मानवाधिकार सुरक्षा संगठन में स्वयंसेवक



उन्नाव। मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण संगठन ने नवाबगंज निवासी अंकित कुमार पुत्र रामकुमार को जिम्मेदारी सौंपते हुए स्वयंसवेक बनाया है। संगठन ने उन पर आशा एवं विश्वास जताया है कि वह अनुशासित रहकर एकता एवं शिष्टाचार की भावना के प्रति जागरुक रहकर समाज के हित में कार्य करेंगे।

# एक और कोरोना लहर

इस महामारी की खौफनाक यादें जब भी हमारे दिमाग में आती हैं, तो वह भयावह मंजर सामने आ जाता है जिसको हमने-आपने मार्च 2020 से लेकर अगले दो-ढाई वर्षों तक देखा है। जब कोरोना के डेल्टा वैरिएंट का कहर चरम पर था तब लाखों की संख्या में अस्पतालों में ऑक्सीजन के लिए तड़प रहे थे। जो बाहर थे उनकी भी सांसें अटकी हुई थी क्योंकि यह खौफ हर किसी के दिलोदिमाग में चढ़ गया था कि कब यह महामारी अपनी चपेट में ले ले, कुछ कहा नहीं जा सकता। कोविड-19 महामारी के कई साल बाद भी इस बीमारी का वायरस सक्रिय है। हांगकांग सिंगापुर और थाईलैंड में इस बीमारी के प्रसार के लिए जिम्मेदार वैरिएंट जेएन.1 को पहली बार अगस्त 2023 में पहचाना गया था। यह ओमिक्रोन वैरिएंट का ही एक प्रकार है, जो बहुत अधिक संक्रामक है। हाल के दिनों में कोविड के मामले तेजी से बढ़े हैं और भारत में भी अब तक इसके 300 के करीब सक्रिय मामले दर्ज हो चुके हैं, जिससे चिंता की लहर दौड़ गई है। हालांकि 1.4 अरब की आबादी वाले इस देश में यह संख्या बहुत मामूली लग सकती है लेकिन इस पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य कर्मियों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले समूहों मसलन बुजुर्गों और बच्चों के लिए कोविड खासा परेशानी उत्पन्न कर सकता है। खबरों के मुताबिक सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। कोविड 19 का बार-बार सिर उठाना बताता है कि



यह अब स्थानीय बीमारी में बदल चुका है। संक्रमण में हालिया इजाफे की कई वजह हो सकती हैं। इनमें टीके से मिली रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म या कमजोर होना, बूस्टर खुराक न लेना और सामूहिक प्रतिरक्षा का कमजोर पड़ना शामिल हैं। देश में टीकाकरण के प्रयास भी ढीले हो गये हैं। यह नया सब-वैरिएंट बताता है कि वायरस अपना रूप बदलने और खुद को ढालने में सक्षम है। ऐसे में मौजूदा टीकों की क्षमता भी सवालों के घेरे में है। प्रतिरक्षा कमजोर पड़ने की संभावना का भी सरकार द्वारा समुचित अध्ययन किया जाना चाहिए। टीकाकरण के शुरूआती दौर के बाद जहां मौत और अस्पताल में दाखिलों की तादाद में तेजी से कमी आई थी वहीं ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनसे मिला बचाव समय के साथ खत्म हो रहा है। इसका अर्थ है कि हमें वायरस के नए रूपों में सामने आने के साथ ही नई टीकाकरण नीति भी अपनानी होगी। कई विकसित देश कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराक हर साल लगाने की पेशकश कर रहे हैं, खास तौर पर उन समूहों को जो अधिक जोखिम में हैं। भारत को भी ऐसे किसी सुरक्षित मॉडल पर विचार करना चाहिए। बुजुर्गों को, गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को और स्वास्थ्यकर्मियों को नियमित रूप से टीकाकरण में प्राथमिकता देनी चाहिए। ये टीके भी बदलते वैरिएंट के लिहाज से उन्नत होने चाहिए। एमआरएनए का विज्ञान ऐसा है कि उस पर आधारित टीकों को अपेक्षाकृत जल्दी बदला जा सकता है और टीके लगाने का बुनियादी ढांचा पहले से मौजूद है। कोविन ऐप को बड़े स्तर पर इस्तेमाल करने की क्षमता के कारण हम महामारी के दौरान लाखों लोगों को बहुत कम समय में टीका लगा सके। तैयारी केवल टीके तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसमें जागरूकता और लोगों के व्यवहार में बदलाव भी शामिल होना चाहिए। जागरूकता अभियान भयभीत करने के लिए नहीं बल्कि बचाव के सरल मगर कारगर व्यवहार पर जोर देने के लिए चलाए जाने चाहिए। भीड़-भाड़ वाली सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनें, नियमित रूप से हाथ साफ करें और कम हवादार जगहों पर जाने से बचें। इससे संक्रमण का प्रसार रुक सकता है। इन उपायों को अपनाने से काफी बदलाव आ सकता है, खास तौर पर जहां जनसंख्या का घनत्व अधिक है। सकारात्मक बात यह है कि हालिया वैश्विक घटनाक्रम देखते हुए हम तैयारी को लेकर सचेत हैं। तीन सालों की गहन बातचीत के बाद एक वैधानिक रूप से बाध्यकारी महामारी समझौता मंजूर किया जा चुका है। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों की हालिया विश्व स्वास्थ्य असेंबली में मंजूर किया गया। यह समझौता कहता है कि टीके और जरूरी संसाधन सभी को उपलब्ध होने चाहिए।

### विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

# देश में अंतिम सांसें गिन रहा नक्सलवाद



मनोज बाजपेयी

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में न तो निवेश होता था और न ही विकास के काम गति पकड़ पाते थे, नतीजतन वे इलाके और भी पिछड़ते चले गये। यह नक्सलियों की रणनीति भी थी। असमान सामाजिक-आर्थिक हालात, शोषण, अपर्याप्त रोजगार, भूमि सुधारों के अभाव आदि ऐसे कारण थे, जिनसे नक्सलवाद पनपा और फैलता चला गया। अब उसकी जड़ों में अंतिम कील ठोकने का समय आ गया है।

कुछ समय पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि देश में नक्सलवाद अब अब दस-बारह जिलों तक सीमित रह गया है। जल्द ही बचे हुए जिलों में भी नक्सलवाद को खत्म कर देश को इस समस्या से पूरी तरह से मुक्त करा लिया जायेगा। देश को नक्सलवाद से मुक्त कराने का भरोसा और हौसला इसलिए भी है कि हाल के वर्षों में नक्सलवाद के खिलाफ देश को बड़ी सफलता मिली है। एक समय था जब देश का करीब-करीब एक चौथाई हिस्सा नक्सलवाद की चपेट में था। पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिसा, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्य नक्सलवाद की गंभीर समस्या का सामना कर रहे थे। नक्सली इन क्षेत्रों में सरकारी अधिकारियों से, ठेकेदारों से वसूली करते, वनोपज से लेकर मादक द्रव्यों तक की तस्करी करते और इन क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों से रंगदारी के जरिए हर साल अरबों रुपये एकत्र करते थे। इस पैसे से नक्सलियों के पास पर्याप्त गोला-बारूद और असलहा मौजूद रहता।
नक्सलियों ने तो शहरों तक में कुछ बुद्धिजीवी टाइप के ऐसे लोगों को बिठा दिया था जो इनके विचारों को आगे बढ़ा रहे थे। नक्सलवाद ने देश को बहुत गंभीर नुकसान पहुंचाया है और सच कहें, तो यह आतंकवाद जितना ही भयानक है। आतंकवाद तो देश में कश्मीर और पंजाब तक ही सीमित रहा है लेकिन नक्सली तो कभी पशुपति (नेपाल) से तिरुपति (आंध्र प्रदेश) तक लाल कॉरिडोर बनाने की दिशा में बढ़ रहे थे और काफी हद तक इसमें सफल भी हो रहे थे। फिलहाल जैसे-जैसे देश की आर्थिक प्रगति बढ़ी, सुरक्षा और सैन्य संसाधनों की उपलब्धता बढ़ी और सरकार ने संकल्प के साथ इनको खत्म करने की दिशा में ठोस पहल की तो परिणाम सामने आने लगे। आज नक्सलवाद दस-बारह जिलों तक सीमित हो गया है और बीते दिनों जिस तरह बड़े पैमाने नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया, हथियार छोड़ने के लिए नक्सली सामने आ रहे हैं उससे तो यही लग रहा है देश में नक्सलवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। बीते 21 मई को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में भाकपा माओवादी का



### विमर्श

महासचिव केशव राव उर्फ गगन्ना उर्फ बासवराज को मार गिराया गया। इससे नक्सलवाद की कमर टूट गयी है। बासवराज आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में पैदा हुआ था और तब के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज और वर्तमान में एनआईटी वारंगल से शिक्षा हासिल करने के बाद नक्सली गतिविधियों में संलिप्त हो गया। बासवराज करीब चार दशक से नक्सली गतिविधियों को आगे बढ़ा रहा था। वह पीपुल्स वार ग्रुप से लेकर कई संगठनों से जुड़ा रहा और तमाम नक्सली संगठनों के बीच समन्वय का काम भी करता था। सरकार ने बासवराज पर 10 करोड़ का इनाम रखा था।

बासवराज के मारे जाने के बाद नक्सलियों के हथियार डालने और बातचीत के लिए आगे आने की प्रक्रिया तेज हो सकती है। क्योंकि अब नक्सलियों का नेतृत्व लगभग खत्म हो रहा है। हालांकि माडवी हिंडमा जैसे कुछ बड़े नक्सली अभी भी बचे हुए हैं लेकिन जिस तरह सुरक्षा एजेंसियां नक्सलियों के पीछे पड़ी हैं उसके मद्देनजर इनके नंबर कभी भी आ सकते हैं। बासवराज नक्सलवाद की रीढ़ था और उसके मारे जाने से लाल आतंकवाद कमजोर पड़ेगा। नक्सलवाद के खिलाफ करीब तीन दशकों की लड़ाई में बासव महासचिव स्तर का पहला नक्सली था। यह सुरक्षा बलों की शानदार, साहसिक, रणनीतिक सफलता और उपलब्धि है। बासवराज अप्रैल, 2010 के उस दंतेवाड़ा हमले का मास्टरमाइंड था, जिसमें नक्सलियों ने सीआरपीएफ के 75 जवानों को शहीद कर दिया था। छत्तीसगढ़ की ही झिरम घाटी में 2013 में राज्य कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के नरसंहार की रणनीति भी बासवराज ने ही तैयार की थी। इसमें कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन राज्य नेतृत्व के कई बड़े नेता मारे गये थे। बेशक वह खूंखार नक्सली था। वह नक्सलियों के मिलिट्री कमीशन का संचालन करता था, लिहाजा बस्तर के जंगलों में सुरक्षा बलों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले बूबी ट्रैप और आईईडी भी गगन्ना ने ही तैयार किए थे। वह इंजीनियरिंग कॉलेज से प्रशिक्षित बीटेक था, लिहाजा उसने नक्सलियों के हमलों को भी तकनीकी आयाम दिए। कुल मिलाकर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' अत्यधिक सफल रहा है। क्योंकि इसमें नक्सलियों का महासचिव मार दिया गया, एक ही दिन में 27 नक्सली भी ढेर किए गए, तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 84 अन्य नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सितंबर, 2023 से 20 मई, 2025 के दौरान छत्तीसगढ़ में ही 401 नक्सली मारे गए, जबकि 1355 ने आत्मसमर्पण किया। अब नक्सलवाद की मौजूदगी और सक्रियता का भूगोल कुछ राज्यों के एक दर्जन जिलों तक ही सीमित रह गया है। लिहाजा हम कह रहे हैं कि 'लाल आतंकवाद' के ताबूत में लगभग आधी कील गाड़ दी गई है। संपूर्ण खात्मा अभी शेष है, लेकिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म करने के जिस लक्ष्य को दोहराते रहते हैं, वह संभव लगता है। दरअसल यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़ के उन घने जंगलों में सफलता के साथ किया गया है, जहां दशकों तक सरकारी अधिकारी नहीं गये अथवा जाने का साहस नहीं कर पाते थे। विकास की योजनाएं तो महज एक सपना थीं। नक्सलवादी स्कूलों और पक्की सडकों के भी खिलाफ रहे हैं और देश की संसदीय व्यवस्था के भी घोर विरोधी रहे हैं। चारु मजूमदार के नेतृत्व में नक्सलवाद पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी शहर से जिस मकसद के साथ शुरू किया गया था, वह लगातार पीछे छूटता गया। किसानों और भूमिहीनों में समान जमीन का वितरण, बंटवारा नहीं हो सका, लेकिन यह आंदोलन पहले वामपंथी उग्रवाद बना और फिर खास किस्म के आतंकवाद में तबदील होता गया। पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का मानना था कि नक्सलवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक चुनौती रहा है। यह कश्मीर से भी बड़ी और भयावह चुनौती है। ऐसा ही मौजूदा गृहमंत्री अमित शाह का मानना है, लिहाजा नक्सलवाद का समूल नाश करने की रणनीति पर विचार किया गया। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान नक्सलवाद देश के करीब 160 जिलों में मौजूद और सक्रिय था।

योजना आयोग की एक रपट में उल्लेख किया गया था कि नक्सलियों की सालाना आमदनी 1200 करोड़ रुपये के करीब थी। वह अफीम की खेती करते थे, लिहाजा उनके पास आधुनिकतम हथियार और विस्फोटकों की सहज आपूर्ति होती थी। अब भी ऑपरेशन में जो नक्सली मारे गए हैं, उनके आधुनिक हथियार और विभिन्न विस्फोटक सुरक्षा बलों ने बरामद किए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में न तो निवेश होता था और न ही विकास के काम गति पकड़ पाते थे, नतीजतन वे इलाके और भी पिछड़ते चले गए। यह नक्सलियों की रणनीति भी थी। असमान सामाजिक-आर्थिक हालात, शोषण, अपर्याप्त रोजगार, भूमि सुधारों के अभाव आदि ऐसे कारण थे, जिनसे नक्सलवाद पनपा और फैलता चला गया। अब उसकी जड़ों में अंतिम कील ठोकने का समय आ गया है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

आज नयी दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आयोजित एनडीए गठबंधन के मुख्यमंत्रियों, उप मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लिया। जेपी नड्डा.



कांग्रेस मॉडल में हम पैसा सीधे जनता के हाथों में देते हैं-जो आपके गांव, कस्बों और शहरों में खर्च होता है और आपकी जिंदगी को बेहतर बनाता है। राहुल गांधी.



भारत आतंकवाद के खिलाफ रहा है, दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए प्रमुख देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पर बात की। असदुद्दीन ओवैसी.



# कुसंस्कारों का आकर्षण

हमारे भाव और विचार हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं। राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारणतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है- अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

अंतर्दृष्टि

# मेरा मनोबल बहुत ऊंचा है

व्यंग्यलोक

भयंकरजी रेखाचित्र छाप व्यंग्य लिखकर आ धमके मुझे दिखाने। शर्मा, मैं व्यंग्य की बात कर रहा हूँ। बताओ इसमें व्यंग्य कैसे नहीं आया। क्या रेल दुर्घटनाओं के लिए बेचारे स्टेशन मास्टर को दोषी ठहरा देना सरकार पर व्यंग्य नहीं है? क्या स्टेशन मास्टर जो भागदौड़ करता है, वह उसकी दयनीयता को नहीं दर्शाता। मेरा सवाल तुमसे सिर्फ इतना सा है कि इसमें पैनापन कैसे आ सकता है। भयंकरजी ने मेरे सामने भयानक स्थिति पैदा की। इस बार मैंने दो पल के लिए सोचा और फिर कहा- 'आप इस 'व्यंग्य रचना को सौ बार लिखिये, मैं समझता हूँ, तब तक तो पैनापन आ ही जायेगा, क्योंकि मैं इसमें पैनापन पैदा करने में असमर्थ हूँ। इस बार भयंकरजी लगभग चिल्लाये- 'तो मैं क्या तुम्हारे पास यहाँ सिर चटाने आया हूँ। पैनेपन के अभाव के कारण ही तो मैं तुम्हारे पास आया हूँ। तुम पैनापन पैदा करने में असमर्थ हो तो अब तक तुमने भाड़ झोंका है या व्यंग्य लेखन किया है? मुझे छपने की कोई त्वरा नहीं है, लेकिन पहले यह एक कम्पलीट व्यंग्य रचना बननी चाहिए। मैं बोला- 'इसीलिए तो मैंने इसे सौ बार लिखने को कहा है। वे फिर बिलबिलाये- 'मैं जब बिना पढ़े पुस्तक समीक्षा लिखता हूँ तो यह रचना मैं सौ बार इस जन्म में तो लिख नहीं सकता। ऐसा करो यह रचना तुम अपने पास रखो, मैं सात दिन बाद आऊंगा, तुम इसमें पैनापन ला देना। मेरा मतलब री-राइट तुम्हें ही करना है। मैंने सहमकर कहा- 'आज्ञा शिरोधार्य, मैं देखता हूँ, लेकिन तब तक आप रेखाचित्र छाप कोई अन्य व्यंग्य रचना मत लिखना। वे बोले- 'मैं जब तक यह रचना परिपक्व नहीं बन जाती, तब तक किसी अन्य रचना के लेखन का तो प्रश्न ही पैदा नहीं होता। मैंने फिर सहमकर पूछा- 'भरंकरजी एक बात बताइये, आप व्यंग्य लेखन की ओर उन्मुख कैसे हुये। आप तो आलोचक थे। भयंकरजी थोड़ा सामान्य होकर बोले- 'शर्मा एक आलोचक कुछ भी लिख सकता है। आलोचक के पास एक प्रखर दृष्टि होती है, जिनसे वह रचनाओं की नाप तोल करता है। तुम्हारे पास तो मैं केवल इसलिए आया था ताकि तुम्हारी गहराई को देख सकूं। दरअसल तुम दूर के ढ़ोल हो। लाओ मेरी रचना तुम क्या करोगे उसमें संशोधन या सुधार। मुझे अब साफ दिखाई दे रहा है कि व्यंग्य लेखन की हालत खस्ता क्यों है? तुम्हें व्यंग्य दिखाया तो तुमने उसे रेखाचित्र कहा। बहुत ही सतही दृष्टि है तुम्हारी। लिखने की तुम्हारी आदत भले ही हो, लेकिन तुम स्कॉलर नहीं हो। यह कहकर उन्होंने अपनी रचना उठाई और बोले- 'अब देखना व्यंग्य क्या होता है, नम्बर लगा दूंगा व्यंग्यों का। यह कहकर वे चले गये और मैंने पीछे से साष्टांग प्रणाम कर राहत की सांस ली। एक पल को मुझे लगा भी कि कहीं भयंकरजी के व्यंग्य लेखन से मुझे तो कोई खतरा नहीं है, परन्तु मेरा मनोबल अपनी जगह कायम था।



पूरन सरमा

# सावित्री जिनके पतिव्रत से हार गये थे यमराज



व्रत/त्योहार

सनातन परंपरा में ज्येष्ठ माह धार्मिक और आध्यात्मिक नजरिये से बहुत पवित्र माना जाता है। इस महीने की अमावस्या को तो खासतौर पर सुहागिनों का विशेष दिन समझा जाता है, क्योंकि इसी दिन सुहागिनें वट सावित्री व्रत रखती हैं, जो उनके पतियों के लंबी आयु के लिए होता है। माना जाता है कि वट सावित्री व्रत करने वाली सुहागिनों के पतियों पर अकाल मौत का कहर कभी नहीं टूटता। वट सावित्री व्रत को पारिवारिक शांति, सुख और संतान प्राप्ति का व्रत भी माना जाता है। इस व्रत में सबसे महत्वपूर्ण है इसकी कहानी। हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक वट यानी बरगद का पेड़ 'त्रिमूर्ति' का पर्याय है यानी यह ब्रह्मा, विष्णु और महेश का साक्षात रूप माना जाता है। कहते हैं बरगद के पेड़ की पूजा करने से सौभाग्य प्राप्त होता है। इस व्रत के महत्व और महिमा का उल्लेख कई धर्मग्रंथों व पुराणों में हुआ है जैसे स्कंद पुराण, भविष्योत्तर पुराण तथा महाभारत में। कहा जाता है सदियों पहले अश्वपति नाम के एक राजा थे, वह मद्र साम्राज्य के राजा थे। उनकी एक पुत्री थी जिसका नाम सावित्री था। राजा की लड़की सावित्री बड़ा तपस्वी जीवन जीती थी। काफी लंबे समय तक कोशिश करने के बाद भी, राजा अपनी बेटी के लिए एक उपयुक्त मिलान खोजने में असमर्थ रहे। इस पर उन्होंने सावित्री को अपना जीवनसाथी स्वयं खोजने के लिए कहा। सावित्री ने इसके लिए एक यात्रा की और राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान को अपने पति के रूप में चुना।

जब वह लौटकर घर आयीं तो उनके पिता के पास नारद मुनि बैठे थे। जब सावित्री ने अपने पिता से अपनी यात्रा और सत्यवान को पति के रूप में चुने का समाचार दिया तो नारद मुनि ने राजा अश्वपति से कहा कि इस संबंध को मना कर दें क्योंकि सत्यवान अल्पायु हैं, वह महज एक साल ही जिंदा रहेंगे। पिता ने बेटी से नारद मुनि की बात मानने को कहा लेकिन सावित्री ने इनकार कर दिया। उन्होंने साफ कह दिया कि उन्होंने सत्यवान को मन से पति के रूप में चुन लिया है और अपने इस निर्णय को नहीं बदलेंगी, चाहे वह अल्पायु हों या दीघार्यु। बेटी दृढ़ता देख पिता भी उससे सहमत हो गए। इस तरह सावित्री और सत्यवान विवाह बंधन में बंध गए। देखते ही देखते खुशियों का एक साल बीत गया। अब किसी भी समय सत्यवान की मृत्यु हो सकती थी। इस पर सावित्री ने उपवास करना शुरू कर दिया। अब वह हर समय सत्यवान के साथ रहने लगी। सत्यवान जंगल की तरफ चल पड़ा, साथ में सावित्री भी थी। अचानक सत्यवान एक बरगद के पेड़ के पास गिर गया। सावित्री जान गयी क्या होने वाला है। उसी समय यमराज प्रकट हुए और सत्यवान की आत्मा को उनके शरीर से अलग करने ही वाले थे कि सावित्री ने यम से कहा कि यदि आप सत्यवान को ले जा रहे हैं तो मुझे भी ले चलिए। क्योंकि मैं एक पवित्र महिला हूं। पति के बाद मैं यहां क्या करूंगी। यमराज ने कहा ऐसा नहीं हो सकता। यमराज चले तो पीछे पीछे सावित्री भी चल पड़ी। यमराज ने बहुत समझाया लेकिन सावित्री ने कुछ भी नहीं समझा। अंत में सावित्री की दृढ़ता और संकल्प देखकर यमराज ने कहा की मैं ये फैसला तो नहीं बदल सकता लेकिन तुम चाहो तो मुझसे अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए तीन वरदान मांग सकती हो।

सावित्री ने पहले वरदान में अपने ससुर की आंखों की रोशनी, दूसरे में उनका छिना राज्य और वैभव और तीसरे वरदान के रूप में खुद को पुत्रवती होना मांगा। यमराज ने तथास्तु कहा और वह आगे बढ़ने लगे तो सावित्री ने कहा प्रभु मैं बिना पति के कैसे पुत्र की प्राप्ति कर सकती हूं। इस पर यमराज उसकी लगन, बुद्धिमत्ता देखकर प्रसन्न हो जाते हैं और उसके पति के प्राण वापस कर देते हैं। इस व्रत को करने का पूरा एक विधि-विधान होता है। सबसे पहले जब यह तिथि लागू होती है, उसका ध्यान रखा जाता है। क्योंकि व्रत उस समय से ही शुरू होता है मसलन इस बार यह 26 मई 2025 की दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से शुरू होगा और इसका समापन अगले दिन 27 मई 2025 को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर होगा। वट सावित्री व्रत वाले दिन सुहागिनें प्रातः जल्दी उठकर स्नान करती हैं और स्नान के बाद व्रत का संकल्प लेती हैं। इस दिन खास तौरपर सुहागिनों को हिदायत होती है कि वे पूरा श्रृंगार करें। जैसे वो अपने पति को सुंदर से सुंदर दिखना चाहती हों। इस व्रत में बीच में कुछ भी खाना मना होता है। सिर्फ पानी पी सकते हैं। आमतौर पर इस व्रत की पूजा का जो विधान है उसके मुताबिक किसी वट के पेड़ यानी बरगद के पेड़ के नीचे सावित्री-सत्यवान और यमराज की मूर्तियां रखते हैं। **आरसी शर्मा.**

## आपकी बात

### आतंकी देश है पाकिस्तान

पाकिस्तान अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां सरकार है लेकिन दिखावे की। चुनी गयी सरकार सिर्फ कर्ज लेने के लिए है। असली ताकत सेना के पास है। शहबाज सरकार का काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रह गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया। जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी। अपने हुक्मरानों से पाकिस्तानी अवाम ने जब भी रोजी, रोटी और रोजगार मांगा तो उन्होंने परमाणु बम, कश्मीर और गजवा-ए-हिंद थाली में सजाकर परोस दिया। दरअसल पाकिस्तान के पास राष्ट्रीय एकता के कोई सूत्र हैं ही नहीं। भारत के साथ दुश्मनी ही एक ऐसा कॉमन एजेंडा है जिसके सहारे बचा-खुचा पाकिस्तान बीती आधी से सदी से अपना भूगोल जैसे-तैसे बचाये है। लेकिन संतरानुमा एकजुटता कब तक बचेगी, कभी न कभी तो कोई ऐसा मोड़ आयेगा जहां छिलका उतरेगा और पाकिस्तान पंजाब, सिंधु, ब्लोच और खैबर पख तूनखवा जैसे अनेक हिस्सा में बिखर जायेगा। दरअसल पाकिस्तान की सेना और सियासतदान इतने धूर्त हैं जिसका अनुमान लगाना आसान नहीं है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में जिस विदेश नीति का जिक्र किया है उसमें यह बताया है कि जब राजा की गद्दी पर खतरा आ जाये, तो उसे पड़ोसी देश का भय दिखाकर अपने पीछे एकजुट करना चाहिए। पाकिस्तान के हुक्मरानों ने इसे खूब आजमाया। शहबाज शरीफ ने भी आते की कश्मीर राग छेड़ दिया था ताकि उनकी सत्ता पुख्ता हो। पाकिस्तान हुक्मरान कश्मीर को पाकिस्तान में सत्ता पाने और लोगों को भारत से छराने का जरिया बनाते हैं।

**देवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### मरीजों का हो बेहतर इलाज

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन सब बेहाल हैं।

**प्रेम कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

संक्षेप

## तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर प्लेट मोटर साइकिल पर सवार व्यक्ति को रोक कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम ओम प्रकाश कश्यप पुत्र रामफल निवासी ग्राम बीरमपुर थाना व जनपद अमेठी उम्र 33 वर्ष बताया। तलाशी से ओम प्रकाश कश्यप उपरोक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। मोटर साइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में ओम प्रकाश कश्यप ने बताया कि उक्त मोटर साइकिल को शनिवार की रात्रि में वह अपने एक साथी आयुष पुत्र ज्ञान प्रकाश यादव निवासी मनिपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के साथ मिल कर ग्राम मंगापुर जंगलरामनगर में आयी बारात से चोरी किया था तथा आगे की नंबर प्लेट तोड़ दिया था व पीछे की नंबर प्लेट हटा दिया था। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त ओम प्रकाश कश्यप को गिरफ्तार कर थाना अमेठी पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## स्मृति ईरानी आज आयेंगी अमेठी



**गौरीगंज,अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा शिवभक्त पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे। अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की मिसाल थी जो आज 300 साल बाद बात भी उनके द्वारा किए गए कार्यों को लोग आज भी बड़े श्रद्धा और भाव से याद करते हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में गोष्टी आयोजित होगी। गोष्टी को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी संबोधित करेंगी।गोष्टी गौरीगंज स्थित जम्मू रोड पर रणंजय इंटर कॉलेज मैदान में 3:00 बजे आयोजित होगी। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी में सभी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं आम जनमानस महिलाएं भारी संख्या मे गोष्ठी में भाग लेंगे।

## दुर्घटना में तेंदुआ घायल

**इटावा।** बागपत वन प्रभाग के बड़ौत रेंज के अन्तर्गत ग्राम किशनपुर बिराल में दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर 14 अप्रैल को एक नर व्यस्क तेन्दुआ सड़क दुर्घटना में घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा था, जिसे बागपत वन प्रभाग के वनकर्मियों द्वारा रेस्क्यू किया गया था। बागपत के स्थानीय पशु चिकित्सकों की सहायता से उक्त तेन्दुए का प्राथमिक उपचार तत्समय किया गया। बागपत वन प्रभाग में पर्याप्त उपचार सुविधा उपलब्ध न होने के कारण प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उत्तर प्रदेश से प्राप्त निदेशों के क्रम में 28 अप्रैल को देर शाम अत्यन्त ही गम्भीर स्थिति में विशेष उपचार हेतु उक्त तेन्दुए को इटावा सफारी पार्क लाया गया।

# सेना के प्रति सम्मान का प्रतीक है तिरंगा यात्रा

## देश और सेना हमारी सबसे बड़ी ताकत : अदिति सिंह






- रायबरेली में राष्ट्र के पराक्रम की शौर्य तिरंगा यात्रा: अदिति सिंह के नेतृत्व में हजारों लोगों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

हरीशानंद मिश्र

**रायबरेली।** राष्ट्र के गौरव और वीर जवानों के शौर्य को सलाम करने के लिए, एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सदर विधायक अदिति सिंह के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज से शुरू होकर शहीद स्थल, फिरोज गांधी चौराहे पर समाप्त हुई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में सदर विधानसभा क्षेत्र के हजारों राष्ट्रभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देश के वीर शहीदों को नमन किया।

तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को सम्मान देने के लिए आयोजित की गई थी। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भी इस यात्रा के माध्यम से सेलिब्रेट किया गया। इस ऑपरेशन में सेना ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर देश की सुरक्षा और सम्मान को और मजबूत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा, भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम विश्व में बेमिसाल है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया कि भारत अब किसी भी खतरे का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। यह तिरंगा यात्रा देशवासियों की एकता और सेना के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा, रायबरेली की जनता ने हमेशा देशभक्ति का परिचय दिया है। आज हजारों लोग इस यात्रा में शामिल होकर यह बता रहे हैं कि हम अपने जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

सदर विधायक अदिति सिंह ने भी जनता को संबोधित करते हुए कहा, यह यात्रा केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय एकता और शहीदों के प्रति सम्मान का जीवंत प्रदर्शन है। रायबरेली की जनता ने आज फिर साबित किया कि हमारा देश और हमारी सेना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। रायबरेली की धरती, जो शहीदों की धरती के रूप में जानी जाती है, आज फिर से अपने जवानों के बलिदान को सलाम करती है।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज से परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने तिरंगे को फहराकर और भारत माता की जय के नारों के बीच यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए, भारत माता की जय, वंदे मातरम और भारतीय सेना जिंदाबाद जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा राजकीय इंटर कॉलेज से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहीद स्थल, फिरोज गांधी चौराहे पर पहुंची। रास्ते में सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि सभायात्रा के फिरोज गांधी चौराहे पर स्थित शहीद स्थल पर समापन के बाद एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया गया।कई सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संस्थानों ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर इस अवसर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, कोऑपरेटिव अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष आरबी सिंह, सुशील शर्मा, विजय बाजपेई, डा धनंजय सिंह और नगर अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय समेत हजारों लोग शामिल हुए।

# आम तोड़ने के आरोप में सभासद समेत आठ पर मुकदमा दर्ज



**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा गांव में आम तोड़ने से मना करना दो युवकों को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर गांव के ही कुछ लोगों ने न सिर्फ युवकों की पिटाई की, बल्कि जान बचाकर घर भागे युवकों को वहां भी नहीं बख्शा। आरोपियों ने घर में घुसकर दोनों की बेरहमी से पिटाई की और मोबाइल भी तोड़ डाले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सभासद समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिव नगर वार्ड निवासी विकास पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार शाम करीब पांच बजे वे अपने रिश्तेदार प्रदीप दूबे उर्फ पिंटू (निवासी कुछमुछ, कोतवाली देहात) के साथ गांव में स्थित आम के बाग में बैठे थे। इस दौरान गांव के ही अंकित कनौजिया, अनिल कनौजिया, विपिन कनौजिया, राम सहाय, राकेश, रामचंदर और शुभम कुमार जबरन आम तोड़ने लगे। मना करने पर सभी ने गाली-गलौज की और हमला कर दिया। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचे, लेकिन कुछ ही देर में सभासद सुनीता देवी के साथ करीब दर्जनभर लोग लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर घर पर पहुंच गए और अंदर घुसकर दोनों युवकों को बेरहमी से पीटा। हमलावरों ने मोबाइल छीनकर तोड़ दिए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और बीच-बचाव किया, तब जाकर मामला शांत हुआ। कोतवाली प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। उनकी तहरीर के आधार पर सभासद समेत आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, घर में घुसकर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है।

## शादी टूटने से आहत युवक ने की आत्महत्या

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** स्थानीय थाना दोस्तपुर क्षेत्र के बरुवा सकरवारी गांव में शनिवार सुबह एक युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिला, जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय विवेक पुत्र रामदयाल निवासी पौधन रामपुर, थाना अखण्डनगर के रूप में हुई है। वह कुछ समय से अपने नाना मनीराम के साथ बरुवा सकरवारी गांव में रह रहा था और खेतों में काम करता था। परिजनों के मुताबिक विवेक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। जनवरी माह में उसकी शादी बल्लीपुर गांव में तय हुई थी, लेकिन नशे की लत के चलते इसी महीने लड़की वालों ने रिश्ता तोड़ दिया। इस घटना के बाद वह काफी तनाव में रहने लगा था। शुक्रवार रात विवेक घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। सुबह गांव के बच्चे आम बीनने बाग में गए तो उन्होंने पेड़ से लटका शव देखा और शोर मचाया। सूचना मिलते ही ग्रामीण और प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह को सूचना दी गई, जिनके निर्देश पर हल्का दरोगा राम जीत व कांस्टेबल विवेक भदौरिया फोर्स के साथ पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुलतानपुर भेज दिया गया है।

## मछली चोरी व धमकी देने के मामले में ग्राम प्रधान समेत छह पर मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसहाँ गांव में तालाब से मछली चोरी और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित मोहनलाल निषाद निवासी बसहाँ ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र यादव समेत छह लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मोहनलाल ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2023 में 242 घ की जमीन पर मत्स्य पालन के लिए पट्टा लिया था, जहां वह मछली पालन कर रहे थे। 1 मई 2025 को गांव के ही निवासी मौजूदा प्रधान सुरेंद्र यादव, नरेंद्र यादव, मोतीलाल, सभाजीत, रामजीत और इंद्रजीत ने चोरी की नीयत से तालाब में जाल डालकर मछली निकाल ली। जब मोहनलाल को इसकी जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचे और विरोध किया, लेकिन आरोपितों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थक-हारकर मोहनलाल ने थाना दोस्तपुर में थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2)/131/352/351(3)/3(5)/बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है।

## अस्थि विसर्जन के लिए आये पिता पुत्र समेत तीन की डूबने से मौत

**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ के गंगा घाट पर पिता की अस्थि विसर्जन करने आए एक ही परिवार के तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई जबकि एक को गोताखोरों ने निकाल लिया जिसका इलाज अस्पताल में किया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। पालपुर थाना जगदीशपुर जनपद सुल्तानपुर से चंद्र कुमार कौशल अपने पिता राम किशोर की अस्थि विसर्जन के लिए डलमऊ गंगा घाट पर रविवार को सुबह 8 बजे पहुंचे थे। उनके साथ परिवार के चंद्रमा कौशल, चंद्र प्रकाश, विधि चंद्र कौशल, बालचंद कौशल, धर्म चंद्र कौशल, आयुष कौशल, अनिल कौशल एवं आर्यांस मौजूद थे। अस्थि विसर्जन के लिए नाव से वह तीर्थ पुरोहित छोटू पंडा के साथ धारा में बने हुए टापू पर पहुंचे और वहां से एक साथ सभी अस्थि विसर्जन के लिए गंगा की धारा में चले गए कुछ दूर जाने पर आगे चल रहे चंद्र कुमार का पैर फिसल गया। उनको बचाने के चक्कर में एक के बाद एक 6 सदस्य धारा में चले गए जिनमें आयुष कौशल, अनिल कौशल एवं आर्यांस किसी तरह से तैर कर बाहर निकले जबकि चंद्र कुमार कौशल, बालचंद कौशल ,विधि चंद्र डूब गए। डूब रहे पिता बालचंद को बचाने के लिए आर्यांस भी धारा में कूद गया चारों नदी की धारा में समा गए अन्य लोगों के शोर मचाने पर आसपास के गोताखोर मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद सभी को बाहर निकाला। सूचना पर तत्काल पहुंची डलमऊ पुलिस एवं डायल 112 के सिपाहियों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने चंद्र कुमार कौशल पुत्र राम किशोर उम्र 60 वर्ष, बालचंद कौशल पुत्र पारसनाथ उम्र 42 वर्ष एवं आर्यांस पुत्र बालचंद उम्र 12 वर्ष को मृत घोषित कर दिया जबकि चिकित्सकों ने सीपीआर की मदद से विधि चंद्र कौशल को बचा लिया। घटना के बाद डलमऊ अस्पताल में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा सभी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। उप जिलाधिकारी डलमऊ फरीद अहमद खान ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उप निरीक्षक अबरार हुसैन, अमित मलिक ने मृतकों का पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की जानकारी जैसे ही पालपुर गांव पहुंची वहां से बड़ी संख्या में परिजन भी अस्पताल पहुंचे सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# वॉलीबाल संघ के मांग पत्र का डिप्टी सीएम ने लिया संज्ञान



- जिला वॉलीबाल संघ के पत्र पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने चैंपियन को दिलाया मान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले मे खेल मे समर्पण की मिशाल रहे वेद प्रकाश उपाध्याय चैंपियन की याद मे जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम मे मौजूद वॉलीबाल कांप्लेक्स का नामकरण किये जाने हेतु जिला वॉलीबाल संघ सुलतानपुर द्वारा पहल की गयी, संघ के पूर्व सचिव रहकर उन्होंने कई खिलाडियों को आगे बढ़ाने का कार्य किया साथ ही उनके प्रयासों से कई खिलाडी सरकारी नौकरी भी प्राप्त कर चुके हैं, सभी खेल संघों को एकजुट रख उन्होंने जिले मे वॉलीबाल के साथ-साथ कई खेलों को बढ़ाने का कार्य किया। जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मे ब्रांड अम्बेसडर की भूमिका मे रहकर युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे चैंपियन के नाम पर वॉलीबाल कोर्ट का नामकरण करने के लिए संघ के द्वारा मांग किया गया।

वॉलीबाल संघ के सचिव शिव नारायन सिंह ने बताया की संघ के सभी पदाधिकारियों के द्वारा मांग की गयी थी, जिसे संज्ञान मे लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और वॉलीबाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश पाठक ने खेल मंत्री को पत्र लिखा। साथ ही खेल निदेशक को भी अवगत कराया, विधान परिषदीय सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने चैंपियन के द्वारा किये गए त्याग को सराहा और उन्होंने खेल निदेशालय को पत्र भी लिखा, वॉलीबाल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व संघ के जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक चंदभद्र सिंह सोनू ने भी इस कार्य पर खुशी जताई, कोषाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी मुनेन्द्र मिश्रा ने इस हेतु सभी का आभार जताया और कहा की नामकरण हो जाना उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संघ के पदाधिकारियों मे वरिष्ठ खिलाडी राम शिरोमणि वर्मा, रामेंद्र सिंह राना, रविंद्र प्रताप सिंह, रणधीर सिंह, चंदन नारायण सिंह, प्रो. डॉ प्रवीन सिंह, टेबल टेनिस संघ सचिव मो सईद, आर्म बॉक्सिंग अध्यक्ष नसीरुद्दीन, बॉक्सिंग संघ सचिव विजय यादव, एथलेटिक्स संघ, फुटबॉल सचिव एमएस बेग, हैंडबाल के सचिव प्रवीण मिश्रा, आशुतोष गुप्ता, हॉकी संघ सचिव तारिक वसीम, कबड्डी संघ सचिव महेश यादव क्रीड़ा प्रभारी, डॉ बृजेश सिंह, डॉ. रविंद्र शुक्ला, राजेश कनौजिया, राजकुमार सरोज ने खुशी जताई है।

# विधि-विधान से डीजीपी ने किया चंदापुर थाने का उद्घाटन

**महराजगंज रायबरेली।** शासन के प्रयास से रायबरेली जनपद में बीसवें थाने के रूप में नवसृजित थाना चंदापुर का उद्घाटन करने का अवसर प्राप्त हुआ है तथा जिले में आम जनमानस और पुलिस विभाग के बीच जो सामंजस्य देखने को मिला हैं वह काबिले तारीफ है। इससे यह साबित होता है कि जिले में अपराध पर अंकुश लगा हुआ है। जिसके चलते आज रायबरेली जिला प्रदेश में भी जाना जाता है। आप सभी को स्पष्ट करना चाहता हूं कि शासन व पुलिस विभाग की मनसा के अनुरूप सौ नागरिकों पर एक पुलिस कांस्टेबल की व्यवस्था शासन ने तय की है।यह उद्गार आज जनपद के नवसृजित थाना चंदापुर का उद्घाटन करते हुए तथा विधि विधान से हवन पूजन कर फीता काटकर उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार व्यक्त कर रहे थे।



डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साठ हजार युवाओं की पुलिस विभाग में भर्ती कर अपराध पर अंकुश लगाने का एक बहुत बड़ा कार्य किया है। जल्द ही चंदापुर थाने में युवा पुलिस युवा दरोगाओं की तैनाती होगी। जिससे कि संपूर्ण क्षेत्र में पुलिस व जनता के बीच आपसी भाईचारा बनाकर अपराध खत्म किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार को पुलिस विभाग के कर्मचारियों द्वारा सलामी देकर उनका स्वागत किया गया। वही पूर्ण नियोजित कार्यक्रम के तहत समय 4:30 पर पुलिस विभाग के मुखिया व डीजीपी प्रशांत कुमार को नवसृजीत थाना चंदापुर का विधि विधान से उद्घाटन का कार्यक्रम तय था, तथा सुबह से ही पुलिस विभाग के अनेक आला अधिकारी कार्यक्रम को अम्लीय जामा पहनाने के लिए रात दिन एक किए हुए थे उसी के मद्देनजर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम स्थल पर भारी लाव लश्कर के साथ पहुंचे। डीजीपी प्रशांत कुमार एडीजी जोन व आई जी रेंज की मौजूदगी में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही संपूर्ण चंदापुर क्षेत्र झूम उठा,। संबोधन के दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि रायबरेली जिले के युवा और ऊजार्वान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के नेतृत्व में रायबरेली जिले में अपराध पर अंकुश लगा है और अपराधियों ने क्षेत्र छोड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक के संबोधन में जो बातें कही गई है वह पुलिस विभाग के लिए सराहनीय पहल है वही डीजीपी प्रशांत कुमार ने यह भी कहा कि लखनऊ के नजदीक होते हुए रायबरेली जिला अपने आप में एक महत्वपूर्ण जिला है तथा यहां से राजनेताओं ने राजनीति में रहकर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का भी नाम रोशन किया है और विगत कई वर्षों पहले मैं रायबरेली आता था। रायबरेली की राजनीति और प्रशासन को भली भांति देखा और पहचाना था चंदापुर के राजा कौशलेंद्र प्रताप सिंह हम सभी के पारिवारिक सदस्य हैं। चंदापुर रियासत का शाही राज परिवार हमेशा गरीबों शोषितों और क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहा है और तत्पर रहेगा आप सभी को अस्वस्थ करना चाहता हूं कि जिस उम्मीद के साथ रायबरेली जिले में इस बीसवें थाने की स्थापना राज्य सरकार द्वारा की गई है उस पर पुलिस विभाग के प्रत्येक कर्मचारी हर कसौटी पर खरा उतरेंगे। तो वहीं डीजीपी प्रशांत कुमार ने चंदापुर थाना क्षेत्र के 14 चैकीदारों को साइकिल,छाता और लाठी देकर सम्मानित किया तथा कुशल से पूछा।वही उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही राजा कौशलेन्द प्रताप सिंह ने डीआईजी प्रशांत कुमार एडीजी जोन व आईजी रेंज डीएम हर्षिता माथुर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशबीर सिंह को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा कुशल क्षेम पूछा। इस मौके पर एसडीएम सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, कोतवाली प्रभारी महराजगंज जगदीश यादव,एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया, थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत कुमार द्विवेदी,एस एस आई प्रवीण कुमार सिंह,एस आई रवि पंवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गोमती मित्र मंडल ने की गोमती तट की सफाई

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गोमती मित्र मंडल ने स्वच्छता जागरूकता अभियान को अब जन आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया है। संगठन ने तय किया है कि नगर के सभी वार्डों में ह्यस्वच्छता श्रमदान कार्यक्रमह्व आयोजित कर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रदेश संयोजक रामेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि वरिष्ठ मंडल ने इस अभियान की जिम्मेदारी युवा मंडल को सौंपी है, जिसे प्रदेश अध्यक्ष अजय वर्मा के नेतृत्व में क्रियान्वित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने बताया कि ठेले-खोमचे वालों को निर्देशित किया जाएगा कि वे अपनी दुकानों पर कूड़ेदान रखें और ग्राहकों को कुल्हड़, दोना, पत्तल आदि कूड़ेदान में डालने के लिए कहें। जिन दुकानों पर कूड़ेदान नहीं होगा, उनका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। रविवार को सुबह 6 बजे से सीताकुंड धाम परिसर, मां गोमती के तट, मुख्य मार्ग एवं श्राद्ध स्थल को पूरी तरह स्वच्छ किया गया। इसके साथ ही, रात की आरती की भव्य तैयारी भी की गई, जिसमें आयोजन की जिम्मेदारियां अलग-अलग स्वयंसेवकों को सौंपी गईं। श्रमदान में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, रामेन्द्र सिंह राणा, संत कुमार प्रधान, मुन्ना सोनी, दिनकर सिंह, राकेश सिंह दद्दू, अजय प्रताप सिंह, सुनील कसौधन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में भाग लें और स्वच्छ नगर की दिशा में सहयोग करें।



# विवाहिता ने ससुराली जनों पर लगाया मारपीट का आरोप

- शकायत पत्र थाने में दिया है लेकिन पुलिस कार्रवाई करने मे कर रही है अनसुनी

**नसीराबाद, रायबरेली।** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति और सास ससुर आदि पर मारपीट कर घर से भगा देने का आरोप लगाया है। विवाहिता की माने तो शिकायत पत्र थाने में दिया है लेकिन पुलिस कार्रवाई करने मे अनसुनी कर रही है। क्षेत्र के आशिया पुत्री मो. शाहिद ग्राम सभा उदयपुर मजरे बिन्नवा शनिवार को थाना में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि करीब 8 वर्ष पहले गांव के मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद यूसुफ उर्फ नानकऊं के साथ शादी हुई है दोनों लोगों के बीच करीब 4 वर्ष का एक पुत्र भी है ।पति से करीब 6 माह से विवाद चल रहा है तब से वह अपने मायके में रह रही शनिवार को समय करीब 12:00 दिन में बच्चे के साथ घर पर थी की ससुराल वाले मोहम्मद शाहिद ससुर मोहम्मद यूसुफ आधा दर्जन लोग आए और गन्दी गन्दी गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी दे रहे थे और घर में घुसकर मारपीट की बीच बचाव करने आई बहन और मां को भी उक्त लोगों ने मारापीटा कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़ित ने थाने में शिकायत पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। लेकिन नसीराबाद पुलिस है कि पीड़ित की अनसुनी कर रही है।इस बाबत थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर का कहना है की शिकायत पर क्षेत्रीय दरोगा जांच कर रहे हैं जो भी सही बात निकलकर सामने आएगी उस पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# तिरंगा हमारे आन बान और शान की प्रतीक

**बछरावां रायबरेली।** कस्बे के दयानंद डिग्री कॉलेज में रविवार को भाजपा प्रवेश वर्मा अध्यक्षता में ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य व साहस के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन पूर्व विधायक रामलाल अकेला के निर्देशन में तिरंगा यात्रा दयानंद डिग्री कॉलेज से होकर पूरे कस्बे में तिरंगा यात्रा का हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुदार्बाद, हिंद की सेना जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पूरे कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गई।



इस मौके पर पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने कहा कि वह सब एकजुट होकर भारतीय सेवा का हौसला बढ़ाएं देश पर आ जाए तो एक हो जाए। सैकडों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सौरमंडल शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि हम आपको जात-पात में नहीं बटना है हम एक सच्चे हिंदुस्तानी हैं रहेंगे जब भी देश व गांव समाज की आन बान शान की बात आए तो हमें आपको एक रहना चाहिए इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अमन सिंह दऊवा, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री मारुति मिश्रा, भगवान कुमार अवस्थी, राजकुमार गुप्ता, अमित चौधरी और मनोज मिश्रा, शिवम मिश्रा, हरि ओम, संदीप शुक्ला तथा मनीष गुप्ता, सुनील सागर, ग्राम प्रधान रण बहादुर सिंह उर्फ रन्नू सिंह, ओमिक सोनी आदि बड़ी मात्रा में भाजपा कार्यकर्ता व व्यापारी ग्रामीण मौजूद रहे।

## आशा रसोइया यूनियन ने 11 जून को करेगी प्रदर्शन

**इटावा।** आशाओ संगनियो का विभिन्न मदों का बकाया का तत्काल भुगतान कराने, सरसईनावर की आशाओ का बकाया भुगतान की समस्या, मिडडे मील रसोइयों को 15 साल की सेवाओ को नजरंदाज कर कम छात्र संख्या के कारण काम से निकालने पर रोक लगाने, आंगनबाडियों के बच्चो को भी मिड डे मील में जोडे जाने, प्रतिवर्ष रसोइयों के नवीनीकरण पर रोक लगाने आदि समस्याओ के साथ ही न्यूनतम वेतन 26 हजार माह और कर्मचारी का दर्जा एवं सेवा शर्तो आदि को लेकर 11 जून को आशा, संगिनी और रसोइया मिलकर कचहरी पर प्रदर्शन करने का निर्णय आशा रसोइयों की संयुक्त बैठक में लिया गया।

## यज्ञोपवीत का महत्व बताया

**भेंटुआ।** सेमरा गांव में श्रीमद्भागवत कथा के उपरांत संपन्न हुए गोवर्धन पूजा पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के हजारों की तादाद में पहुंचे ब्राह्मणों का आयोजक बाबूलाल तिवारी के साथ आयोजक मंडल ने आरती, तिलक करते हुए उनका स्वागत किया एवं यज्ञोपवीत का भी वितरण किया गया। आयोजक ने बताया कि किसी भी धार्मिक कार्य के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में भोज होता है। बताया कि ब्राह्मणों का स्वागत बेहद आवश्यक होता है। इन्होंने यज्ञोपवीत के महत्व के बारे में भी बताया।



संक्षेप

## जमीन के विवाद में पूर्व प्रधान पिता पुत्र की हत्या

**फिरोजाबाद।** थाना नगला सिंघी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम टीकरी में खेत पर कब्जा करने को लेकर विवाद में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव टीकरी में पूर्व प्रधान अरविंद यादव और गांव के ही हुब्बलाल कमल सिंह यादव से 14 बीघा खेती की जमीन को लेकर विवाद था, जिसपर तहसील प्रशासन व पुलिस टीम ने 20.05.25 को अरविंद यादव को कब्जा दिलाया था। कब्जा लेने के बाद रविवार को अरविंद यादव और उनका पुत्र खेत पर खेती करने के लिए पहुंचे थे तभी विपक्षी हुबलाल व कमल यादव ने खेती करने के उपकरणों से अरविन्द पक्ष पर हमलावर हो गए जिससे उनको प्राणघातक चोटें आयी जिसमें अरविन्द यादव व इनके बेटे पिता पुत्र दोनों की मृत्यु हो गयी। दो व्यक्तियों की हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पुलिस उच्च अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर जांच पड़ताल की गई।साथ ही फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी है।एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि शीघ्र ही मृतक के परीजनों से तहरीर प्राप्त कर मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जायेगी।

## महिला खिलाड़ियों के लिए बनेगा वूमेंस हॉस्टल

**आगरा।** नगर निगम द्वारा महिला खिलाड़ियों की सुविधा के लिए लोहामंडी जोनल कार्यालय की 2506 वर्ग मीटर भूमि पर वूमेंस डोमेस्टिक बनाने की योजना बनाई गई है। इस परियोजना का कुल मूल्य 13.45 करोड़ रुपये आंका गया है। इसमें से 6 करोड़ रुपये नगर निगम को निगम बंद फंड से प्राप्त होंगे। 7.45 करोड़ रुपये अन्य नगर निगम स्रोतों से जुटाए जाएंगे। प्रस्तावित भवन में कुल 128 कमरे होंगे, प्रत्येक मंजिल पर 32 बेड की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक फ्लोर पर कॉमन टॉयलेट्स, लिविंग रूम और डायनिंग हॉल जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। महिला खिलाड़ियों और कामकाजी महिलाओं को ध्यान में रखते हुए यह सुविधा विकसित की जा रही है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और अगले छह महीनों में निर्माण कार्य पूरा कर लिए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा ताजगंज जोन में एक अत्याधुनिक वर्किंग स्पेस और मनोरंजन केंद्र का निर्माण भी हो रहा है, जिसकी लागत 21 करोड़ रुपये से अधिक है। इस केंद्र में चार लाइब्रेरी, एक कॉन्फ्रेंस हॉल, सर्विस एरिया और रूफटॉप स्पेस शामिल होंगे। यह परियोजना शहर के नागरिकों, विशेषकर युवाओं और कामकाजी वर्ग के लिए उपयोगी साबित होगी।

## कर्मचारी शिक्षक मजदूर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बने सुनील टैगोर

**टूंडला।** भाकियू भानू व किसान क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा.भानु प्रताप सिंह ने टूंडला नगर निवासी सुनील टैगोर को कर्मचारी शिक्षक मजदूर मोर्चा उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष का पदभार सौंपा है। इस अवसर पर सुनील टैगोर ने कहा कि उनको जो दायित्व सौंपा गया है उसका वह पूर्ण मेहनत,लग्न,निष्ठा,एवं मनोयोग से निर्वहन करूंगा।कर्मचारी, शिक्षक,मजदूर व जन हितार्थ कार्य समयानुसार सम्पादित करके संगठन के मोर्चा व संगठन को संगठित, सशक्त व प्रभावी बनाने हेतु कृत संकल्पित रहूंगा।

# जन्मभूमि मुक्ति के लिए ब्रज 84 कोस हिन्दू चेतना यात्रा रवाना

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप ने दिखायी हरी झंडी




**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आह्वान पर रविवार को ब्रज चैरासी हिंदू चेतना यात्रा को न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने हरी झंडी दिखाकर मधुवन क्षेत्र के सलेमपुर रोड से रवाना किया। यह यात्रा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। इस बीच प्रमुख धार्मिक स्थलों के साधु संतों के साथ साथ परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले के गांवों में लोगों से मुलाकात कर श्रीकृष्ण जन्म भूमि की मुक्ति और मूल गर्भ गृह स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए हिंदुओं को जागृत करने का कार्य करेगी। साथ ही देश के अलग अलग क्षेत्रों में चल रहे आंदोलनों की जानकारी देकर जन समर्थन जुटाने का भी कार्य करेगी। श्री कृष्ण की आह्वान पर देश के अलग-अलग स्थान पर निकल जा रही हिंदू चेतना यात्रा के क्रम में यह तीसरी यात्रा है। श्रीठाकुरजी लड्डू गोपाल मंदिर के महंत मधुवन दास महाराज के सानिध्य में ब्रज चैरासी कोसयात्रा को रवाना करते हुए न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अलावा यह यात्रा राजस्थान और हरियाणा में होकर गुजरेगी। मधुवन, तालवन, कमोद वन, बछवन होते हुए राजस्थान के डींग जिले में प्रवेश करेगी। आदि बद्रीनाथ, केदारनाथ, कामवन, फिसलन शिला होते हुए यात्रा हरियाणा में प्रवेश कर जाएगी।

न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि इससे पहले एक यात्रा द्वारिका से संत राजेश्वरजी महाराज के नेतृत्व में मथुरा आई थी, पांच जून को रामघाट से संत कांताचार्यजी महाराज के सानिध्य में आ रही है। उन्होंने बताया कि इसी तरह की यात्राएं पूरे देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर निकाली जा रही है। इसके संयोजक नियुक्त कर दिए गए हैं। न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ब्रज चैरासी कोस में निकाली जा रही यात्रा के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति और वहां भव्य मंदिर निर्माण के लिए जन समर्थन जुटाने के लिए निकाली जा रही है। इस दौरान लोगों को न्यास के अध्यक्ष द्वारा लोगों को संबोधित किया जाएगा। यात्रा में केतकीवन के संत वृन्दावन दास, बच्चू सिंह आदि शामिल है।

## राधा मोहन सिंह ने वृंदावन में सुनी 'मन की बात'

- भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद ने जिला पंचायत अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष संग किये बांकेबिहारी और श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन

**मथुरा।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने रविवार को वृंदावन पहुंचे और उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के साथ ठाकुर बांके बिहारी व श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे वहां उन्होंने मंदिर परिसर के गर्भ ग्रह और भागवत भवन में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। वहीं उन्होंने मीडिया व भाजपा कार्यकताओं को बताया प्रभु श्री कृष्ण जी की लीला भूमि आध्यात्मिक पुरी वृन्दावन स्थित श्री बांके बिहारी जी मंदिर में प्रभु दर्शन की अभीष्ट प्राप्ति का सौभाग्य पुनः मुझे प्राप्त हुआ।

श्रीबांकेबिहारी जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और कार्यकताओं से मुलाकात की तथा वृंदावन मंडल के बूथ संख्या 11 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बातके 122वें संस्करण को कार्यकताओं संग सुना। कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बताते हुए सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात केवल संवाद नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने और उन्हें जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इसमें हर आयु वर्ग, विशेषकर युवाओं को प्रेरित करने की अपार क्षमता है। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा आज मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूरकी चर्चा की। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है। उनकी प्रेरणादायक बातें हम सभी का मार्गदर्शन कर रही है। पीएम मोदी ने आज देशवासियों को भी संदेश दिया कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लिए हम सभी काम करें। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मन की बात से प्रेरणा लेकर कार्यकताओं को सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने इसे जन-जागरूकता का प्रभावी मंच बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूरऔर आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई का उल्लेख करते हुए इसे देशवासियों के साहस और संकल्प का प्रतीक बताया।

## एनसीआरएमयू ने किया नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष का स्वागत



**टूंडला।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन द्वारा नवनियुक्त मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह का टूंडला आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। ओमवीर सिंह ट्रेन संख्या 15483 से टूंडला स्टेशन पहुंचे, जहां प्लेटफॉर्म संख्या 4 से लेकर ड्राइवर लॉबी होते हुए यूनियन कार्यालय तक यूनियन पदाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत रैली निकाली गई। स्वागत समारोह का आयोजन यूनियन कार्यालय में सम्पन्न हुआ,जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सतीश कुमार ने की,एवं संचालन के.पी. सिंह सरदार सिंह जयकिशन अजवानी एवं अमित पाल सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर यूनियन के पूर्व शाखा मंत्री सिया राम ने नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन के गौरवशाली इतिहास,कर्मचारियों के हित में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह में सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लेकर अपना हर्ष और समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह के.पी.सिंह,सतीश कुमार,जयकिशन अजवानी,सरदार सिंह, अमित पाल सिंह दीपक शर्मा अरविन्द मीना सुनील कुमार एच.सी.यादव,सिया राम संजीव यादव,सोमेश यादव अजीत यादव,बी.एल.मीना.मनोज मीना.कृष्णा मीना.राजीव यादव.भारत सिंह यादव. रोशन लाल मीना, विजय कुमार, मुकेश कुमार, सतेंद्र यादव, रजनीश कुमार,गौरव पाल,महेन्द्र कुमार,पवन कुमार मुकेश कुमार राहुल पाल राधे श्याम मीना आदि मौजूद रहे।

## चंबल की छाती को रौंद रहे ट्रैक्टरों पर गिरी गाज

**आगरा।** चंबल नदी की छाती को चीरते हुए यूपी और एमपी के बीच बेखौफ होकर दौड़ रहे ट्रैक्टरों पर एक्शन हो गया है। पिनाहट के क्योरी घाट क्षेत्र में चंबल नदी को सड़क के रूप में पार करते हुए सामान की ढुलाई कर रही ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने चार ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त कर सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई वन विभाग के वार्डन और रेंजर बाह के नेतृत्व में की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। इन ट्रैक्टरों को अब वन विभाग कार्यालय में खड़ा कर वन अधिनियम के तहत सीज कर लिया गया है। हाल ही में चंबल नदी के बीच से ट्रैक्टर ट्रॉली निकलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आते ही वन विभाग सक्रिय हुआ और मौके पर कार्रवाई को अंजाम दिया। पूरे मामले पर 24 मई को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें चंबल नदी से गुजरती ट्रॉली और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी को उजागर किया गया था। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन और अन्य कार्यों में संलिप्त ट्रैक्टर चालकों में हड़कंप मच गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह पूरा मामला थाना पिनाहट क्षेत्र के क्योरी घाट का है, जो चंबल नदी किनारे स्थित है। इस स्थान से यूपी और एमपी की सीमा में ट्रैक्टर बेरोकटोक आ जा रहे थे। चंबल की जलधारा को चीरकर एक ओर से दूसरी ओर जा रहे इन ट्रैक्टरों ने नदी को सड़क का रूप दे दिया था। इससे इस क्षेत्र में चंबल नदी के अंदर पल रहे मगरमच्छों और अन्य जलीय जीवों के लिए खतरा पैदा हो रहा था।

## मथुरा शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आंधी-वर्षा से बिजली ठप्प, जलभराव से जनजीवन प्रभावित

**मथुरा।** पिछले कई रोज से चल रही धूप के बाद बीती रात तेज आंधी के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई, जिससे शहरी क्षेत्र में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। वहीं ग्रामीण अंचल में तेज आंधी के चलते पेड़ होर्डिंग गिर गए। कई क्षेत्र में सुबह तक बिजली को सुचारू करने में अधिकारी कर्मचारी जुटे हुए थे। नगर निगम द्वारा वर्षा से पूर्व जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पिछले काफी समय से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन रात्रि बारिश ने इन्हें नकार दिया। वहीं आगे इस दिशा में कार्यवाही के लिए अधिकारियों को संकेत भी दिए हैं। नगर निगम के महापौर और नवागत नगर आयुक्त पदभार ग्रहण करने के बाद से शहरी क्षेत्र की इस कई दशक पुरानी समस्या को दूर करने के लिए अधीनस्थों को लगातार निर्देश दे रहे हैं। नाले-नालियों पर अतिक्रमण और उनकी साफ-सफाई न हो पाने के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने पदभार संभालते ही अधीनस्थों के साथ ऐसे स्थानों का निरीक्षण किया और रेलवे अधिकारियों से भी भूतेश्वर, नए बस स्टैण्ड क्षेत्र में रेलवे पुलों के नीचे अतिक्रमणों को दूर कराने के निर्देश दिए। इससे पहले जिलाधिकारी सीपी सिंह भी किशोरी रमण महाविद्यालय सुदामापुरी बनखंडी क्षेत्र में नाले का अवलोकन कर चुके हैं और यहां हो रहे अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। निगम के उप आयुक्त अनिल कुमार का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ नाले के सहारे विद्युत खंभे और ट्रांसफामर हटवाए जाने की बात हो चुकी है। रेलवे और विद्युत विभाग के अतिक्रमण हटने के बाद नालों पर अवैध अतिक्रमण हटवाये जाने का अभियान चलाया जाएगा। बीतीरात के बाद तेज हवा के साथ ही बिजली आपूर्ति गुल हो गई और कुछ देर तक तेज वर्षा हुई। जिससे नए पुराने बस स्टैण्ड, भूतेश्वर, बीएसए कालेज, आदि क्षेत्रों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई। सुबह के समय जब लोग अपने घरों से कामकाज के लिए निकले तो उन्हें पानी में होकर गुजरना पड़ा। गली मौहल्लों में भी कीचड़ की स्थिति बन गई, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानियां हुई। हमारे गोवर्धन, राया, मगोर्रा आदि क्षेत्रों में भी हल्की वर्षा की खबर है। यहां आंधी से पेड़ और नगर पंचायत के होर्डिंग धराशाही हो गए।

## संस्कृति विवि में स्थापित होगी अनरियल लैब व ग्रीन स्टूडियो




**मथुरा।** अनरियल एज संस्कृति विश्वविद्यालय में चार करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अनरियल इंजन लैब और ग्रीन स्क्रीन स्टूडियो स्थापित करेगा। संस्कृति यूनिवर्सिटी ने अनरियलएज एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन और यूनीकौशल के साथ मिलकर अत्याधुनिक, उद्योग-संरेखित कार्यक्रम- इंटरएक्टिव और रियल-टाइम 3डी (अनरियल इंजन जनरलिस्ट) में एमबीए और इंटरएक्टिव और रियल-टाइम 3डी (अनरियल इंजन जनरलिस्ट) में बीबीए शुरू करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक गठबंधन के हिस्से के रूप में, अनरियलएज यूनिवर्सिटी में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेगा, जिसमें 4 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अनरियल इंजन लैब और ग्रीन स्क्रीन स्टूडियो होगा। यह सुविधा छात्रों को मजबूत तकनीकी सहायता और गहन, व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान करेगी।

इस समझौता ज्ञापन पर अनरियलएज एजुकेशन के संस्थापक मणिगंदन मंजूनाथन, यूनीकौशल की संस्थापक श्रीमती मृदुला त्रिपाठी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। संस्कृति विश्विद्यालय की ओर से मनीष मिश्रा, डिप्टी रजिस्ट्रार और डॉ. गजेंद्र सिंह, सीईओ, संस्कृति इनक्यूबेशन सेंटर मौजूद रहे।

यह सहयोग विशेषज्ञ सलाह, हाइब्रिड लर्निंग और 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता प्रदान करके अकादमिक-उद्योग अंतर को पाटने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य छात्रों को गेमिंग, एनीमेशन, एआर/वीआर और इमर्सिव मीडिया तकनीकों में भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करना है। अनरियल इंजन, एक विश्व-अग्रणी 3 डी निर्माण प्लेटफॉर्म है, जो छात्रों को गेमिंग, फिल्म, आर्किटेक्चर और अन्य क्षेत्रों में करियर और उद्यमशीलता के अवसरों से सशक्त बनाएगा। अपने उच्च-निष्ठा दृश्यों, क्रॉस-प्लेटफॉर्म विकास क्षमताओं, सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस और ब्लूप्रिंट विजुअल स्क्रिप्टिंग के साथ, अनरियल इंजन डिजिटल नवाचार की अगली लहर का नेतृत्व करने के लिए शिक्षार्थियों को तैयार करता है।

## सरेराह महिला से की छेड़छाड़, शोर मचाने पर धमकी देकर भाग निकला, गिरफ्तार

**आगरा।** युवती का रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी महिला को धमकी देते हुए भाग निकला था। महिला से छेड़छाड़ करने वाले मनचले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। छेड़छाड़ का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। सदर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह सदर क्षेत्र में बुटीक चलाती हैं। बुधवार दोपहर बुटीक जा रही थीं। रास्ते में लाल रंग के स्कूटर पर एक युवक पीछे से आया। रोक कर छेड़खानी करने लगा। कपड़े खींचकर निर्वस्त्र करने की कोशिश की। शोर मचाने पर धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के खंगाले। इससे युवक का सुराग लगा। पिछले तीन दिन से पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को थाना सदर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा जाएगा। वहीं मनचले पर कार्रवाई के बाद पीड़िता ने पुलिस के कार्य की सराहना की।

# आगरा में 4 जगह हरियाली का कत्ल

**आगरा।** आगरा जैसे संवेदनशील पर्यावरणीय क्षेत्र में हरे पेड़ों की बेहिसाब कटाई अब कानून के दरवाजे तक पहुंच गई है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने आगरा जिले में हाल ही में आगरा के चार स्थानों पर अवैध पेड़ों की कटाई को गंभीरता से लिया है और इस पर उप्र के मुख्य सचिव समेत नौ विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में शपथ पत्र सहित जवाब देने को कहा है। यह पूरा मामला ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) से जुड़ा है, जो सुप्रीम कोर्ट की विशेष निगरानी में आता है। यहां बिना अनुमति के पेड़ काटना तो दूर, उनकी छंटाई तक निषिद्ध है। लेकिन इसके बावजूद जिले में कई स्थानों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए बड़ी संख्या में हरे पेड़ काटे गए हैं। इस बारे में राष्ट्रीय हरित अधिकरण में जगन प्रसाद तेहरिया, निवासी ग्राम तेहरा, तहसील खेरागढ़ द्वारा याचिका दायर की गई है। याचिका में दैनिक अखबार में प्रकाशित हरे पेड़ काटने संबंधी रिपोर्टों को आधार बनाया गया है। याचिका में दावा किया गया है कि टीटीजेड क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को दरकिनार कर चार प्रमुख जगहों पर बड़ी तादाद में पेड़ काटे गए हैं। फतेहाबाद (24 मार्च 2025): यहां सरकारी विकास कार्य का हवाला देकर रोड किनारे खड़े डेढ़ दर्जन हरे पेड़ काट दिए गए। यह कार्य एक ठेकेदार द्वारा किया गया, जबकि इस क्षेत्र में पेड़ों की सुरक्षा सर्वोपरि मानी जाती है। शाहदरा रेल लाइन क्षेत्र, यमुना पार (2 अप्रैल 2025): यहां वन विभाग और पुलिस विभाग की मिलीभगत से पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई। याचिका में आरोप है कि इस कार्य के पीछे स्थानीय तंत्र की शह थी। किरावली -अछनेरा रोड, किरावली तहसील (25 अप्रैल 2025): यहां अवैध रूप से एक नई कॉलोनी विकसित की जा रही थी। उसी के लिए बड़े-बड़े हरे पेड़ों को काट दिया गया। याचिका में कहा गया है कि इस कार्य में भी स्थानीय पुलिस और वन विभाग की मूक सहमति या सहभागिता रही। जगदीशपुरा, कृष्णापुरी, सदर तहसीलः एक अवैध कॉलोनी में आड़े आ रहे पेड़ों को विकास के दुश्मन समझ कर उखाड़ फेंका गया। यहां पेड़ बिना किसी वैध अनुमति के काटे गए।

- एनजीटी ने नौ विभागों के अफसरों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, सदस्य जस्टिस अरुण कुमार त्यागी और पर्यावरण विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद इस याचिका पर सुनवाई करते हुए उप्र सरकार और जिला प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है। जिन विभागों को नोटिस जारी किया गया है, वे हैं- मुख्य सचिव, उप्र सरकार। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव। जिलाधिकारी, आगरा। जिला वन अधिकारी, आगरा। आगरा के पुलिस कमिश्नर। ताज ट्रिपेजियम जोन अथॉरिटी के चेयरमैन। जिला पंचायत, आगरा। एनजीटी ने इन सभी से एक सप्ताह के भीतर शपथ पत्र सहित जवाब देने को कहा है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन कैसे और क्यों हुआ।

## अमृत भारत स्टेशन योजना में घोटाला

जिला संवाददाता (vol)

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक ने डीआरएम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अमृत भारत स्टेशन योजना में घोटाला और रेलवे भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत को लेकर पत्र भेजा है। आगरा के फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत कार्यों पर सवाल उठाया है। उन्होंने फतेहपुर सीकरी एवं अछनेरा स्टेशनों पर निर्माण कार्यों में घोटाला और रेलवे की जमीन पर कब्जों की शिकायत प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर की है। विधायक चौधरी बाबूलाल ने आरोप लगाया है कि अछनेरा एवं फतेहपुर सीकरी रेलवे स्टेशनों के लिए योजना के तहत लगभग 20 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। जिसमें मानकों के विपरीत घटिया कार्य कराए जा रहे हैं। सीकरी में ब्लॉक ऑफिस के पीछे बाईपास रोड पर रेलवे की ओर से कराई गई चहारदीवारी को तोड़कर भूमाफिया ने रेल अधिकारियों से मिलीभगत कर कब्जे किए हैं। उन्होंने लिखा है कि रेल राज्य मंत्री के आगरा आगमन पर उन्होंने इस संबंध में अवगत कराया लेकिन डीआरएम ने कोई कार्रवाई नहीं की। विधायक ने रेलवे अधिकारियों की जांच कराए जाने की मांग की है। भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल के तेवर देख शनिवार को रेलवे की टीमों ने नाप-जोख शुरू कर दी। टीमों ने चहारदीवारी तोड़कर गेट बनाने वालों को चेतावनी भी दी। इंजीनियर देवी सिंह राजपूत एवं मनोज चौहान ने रेलवे की भूमि की पैमाइश की। रेलवे ट्रैक से 300 फुट दोनों ओर भूमि रेलवे की है। चहारदीवारी तोड़ने पर नोटिस जारी किया है, जिसका 15 दिन में जवाब देना है।

- विधायक ने प्रधानमंत्री से की शिकायत, जांच के लिए दौड़ी रेलवे की टीम

## 18 किलो जेवरात लेकर गायब हो गया कारीगर सर्राफ के उड़े गये होश, जांच में जुटी पुलिस

**आगरा।** कारीगर जेवरात की साफ-सफाई का काम करता था। माल लेकर गायब हो गया। सराफ की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक चांदी कारीगर सराफ के 18.752 किलोग्राम जेवरात लेकर भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामनगर चर्च रोड, हरीपर्वत निवासी अनिल कुमार अग्रवाल चांदी कारोबारी हैं। कोतवाली में बालाजी सिल्वर इंटरप्राइजेज के नाम से उनकी दुकान है। उनकी जेवरात की साफ-सफाई का काम बिचपुरी निवासी एवरन सिंह करता था। 17 मई को उन्होंने एवरन सिंह को फोन किया। 18.752 किलोग्राम चांदी के जेवरात सफाई के लिए ले जाने को बोला। उसने अपने कारीगर राज को भेजा। उन्होंने भरोसा कर उसे दे दिया। थोड़ी देर बाद एवरन सिंह ने उन्हें फोन कर जेवरात नहीं पहुंचने की जानकारी दी। वह बेटे के साथ बिचपुरी एवरन सिंह के कारखाने पर पहुंचे। वहां कोई भी नहीं मिला। शहर के प्रमुख सराफा बाजार पीपल मंडी में चांदी से भरा थैला छीनते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वीडियो में एक युवक चांदी से भरा थैला लेकर जाता नजर आ रहा है। इसी बीच एक युवक तेजी से युवक पर झपट्टा मारता है। वह जमीन पर गिर जाता है। इसके बाद झपट्टा मारने वाला व्यक्ति उससे थैला छीनने की कोशिश करता है। मारपीट करता है। युवक थैला नहीं छोड़ता है। लेकिन इसी बीच एक कुत्ता तेजी से दौड़ता हुआ आता है। तभी व्यक्ति थैला छीनकर भाग जाता है। थैला छीनने वाला व्यक्ति गुलाबी शर्ट पहने हुए है। इस संबंध में जब एसीपी छत्ता से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि घटना की कोई शिकायत नहीं की गई है। वायरल वीडियो की जांच की जाएगी।

## संतान न होने पर पति पत्नी की गृह क्लेश को काउंसलिंग कर किया दूर

**टूंडला।** संतान न होने पर पति पत्नी में बढ़ रही दूरियों को थाना टूंडला परिवार परामर्श केंद्र पर पुलिस ने काउंसलिंग कर पति पत्नी को एक कर उनकी खुशियां लौटाई।कहते हैं कि शादी के बाद बच्चे ही पति पत्नी को जोड़े रखने में एक कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। लेकिन अगर शादी को कुछ ज्यादा समय हो जाए और संतान प्राप्ति ना हो, तो कुछ लोग पत्नी को ही ताहिना देते हुए संतान प्राप्ति ना होने का एकमात्र कारण मान लेते हैं और घर में कलेश होते हुए,परिवार टूटने की कगार पर आ जाता है। इसी प्रकार का एक मामला था ना टूंडला में भी देखने को मिला कि सुधा पुत्री नेमनाथ निवासी बाघई, टूंडला फिरोजाबाद की शादी मनोज पुत्र राम सिंह निवासी रामपुर जनपद फिरोजाबाद के साथ करीब 7 साल पहले हुई थी। लेकिन दोनों के पास अभी तक कोई बच्चा नहीं है। जिस कारण दोनों पति-पत्नी में काफी तनाव और विवाद रहता था। सुधा ने परिवार परामर्श केंद्र टूंडला पर आकर प्रभारी म0उ0नि0 अलवीना पठान को अवगत कराया कि मेरी शादी को करीब 7 साल हो गए हैं लेकिन मेरे पास अभी तक कोई बच्चा नहीं है जिस कारण मेरे पति व ससुराल वाले मुझसे बहुत नाराज रहते हैं और मुझे बच्चा ना होने का ताहिना देते हैं। मैं बहुत परेशान रहती हूं। ये कोई मेरे हाथ की बात नहीं है। भगवान की जब मर्जी होगी तब मुझे भी संतान का सुख मिलेगा। आप प्लीज मेरे पति और ससुराल वालों को समझा दीजिए। मेरा घर बिगड़ने की कगार पर है। उक्त समस्या का समाधान करने हेतु दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र टूंडला पर बुलाकर काउंसलिंग के माध्यम से उनकी सोच को बदलते हुए, दोनों पक्षों को बताया कि आज के समय में हर एक समस्या का समाधान है। हर एक बीमारी का इलाज है। इस तरह दोनों के रिश्तों को टूटने से बचाया और दोनों पति-पत्नी ने जाने अनजाने में की गई गलतियों की आपस से माफी मांगते हुए, एक दूसरे को गुलाब का फूल देकर गिले शिकवे दूर किये।

# अहिल्याबाई जन्म त्रिशताब्दी के तहत हुआ पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन

**फिरोजाबाद।** भाजपा जिला फिरोजाबाद द्वारा पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी अभियान 2025 के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि जिला सम्मेलन जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मोती इंपीरियल रिजॉर्ट वैष्णो देवी धाम मंदिर के सामने उसायनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मैं बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का धर्मनिष्ठ जीवन जनसेवा सुशासन और राजधर्म की मयार्दा, हमारे शासन की पथप्रदर्शक है। हमारी केंद्र की नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली सरकार व उत्तर प्रदेश की योगी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इस ऐतिहासिक वर्ष को देश व प्रदेशभर में जनभागीदारी से व्यापक स्तर पर मनाते हुए,उनके कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। अहिल्याबाई ने महिला



सशक्तीकरण व लोकहित को अपना सर्वोच्च ध्येय बनाया और न्याय के लिए आजीवन दृढ़ संकल्पित रहीं। धर्म नीति व लोककल्याण की प्रतिमूर्ति लोकमाता अहिल्याबाई ने नारी नेतृत्व न्यायप्रियता एवं जनसेवा की अनुपम मिसाल पेश की जो आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे विजय शिवहरे एमएलसी ने कहा लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन सेवा न्याय और जनकल्याण की प्रेरणास्त्रोत है। लोकमाता अहिल्याबाई ने केदारनाथ से रामेश्वरम और द्वारका से गया तक सांस्कृतिक विरासतों का पुनरोद्धार व लोकसेवा के समानांतर कार्य किये। अनेक तीर्थों घाटों व सड़कों का निर्माण व जीर्णोद्धार करने वाली महारानी ने युद्ध के मैदान में मुगल आक्रांताओं के दाँत भी खट्टे किये। लोकमाता का जीवन नारी सशक्तीकरण सुशासन व सेवा के पथ पर दिशा दिखाता रहेगा। कार्यक्रम मे अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने अतिथियों व कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। व लोक माता अहिल्या बाई होल्कर जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यक्रम संयोजक हनुमन्त सिंह बघेल डॉ लक्ष्मी नारायण यादव ब्लाक प्रमुख रामगोपाल पप्पू लोधी पूर्व विधायक विजय प्रताप सिंह छोटू पूर्व जिपंअध्यक्ष अनुजेश प्रताप सिंह भवर सिंह ठेकेदार चेयरमैन टूण्डला कमलेश राजपूत ब्लाक प्रमुख विजय यादव ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ इंद्र पाल सिंह गुर्जर दिनेश गुप्ता हरीश घनगर सचिन जैन वीरेन्द्र प्रताप सिंह नीलम दिवाकर रेनु उपाध्याय , उपेन्द्र बघेल जुबिन भारद्वाज सौरव गुप्ता , सोनू यादव मनुसक पहलवान प्रधान अरुण कुशवाह प्रधान निहारिका वर्मा प्रधान , निर्दोष कुमार नन्दा सतीश चंद्र, विशाल मोहन यादव लोकेन्द्र पौनिया रश्मी सिंह सहित बड़ी संख्या में जिपंसदस्य प्रधान बीडीसी आदि उपस्थित रहे।

## बारिश से हुए जलभराव से देख नगर आयुक्त का पारा हुआ हाई, अधीनस्थों को लगायी फटकार

**मथुरा।** शनिवार रात को हुई बारिश से बीएसए कालेज पुलिया बीएसए रोड और भूतेश्वर तिराहा पर जलभराव को देखकर नगर आयुक्त का पारा हाई हो गया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त महाप्रबंधक जल नगर स्वास्थ्य अधिकारी और अभियंताओं को बुरी तरह फटकार लगाते हुए उनका वेतन रोकने के आदेश किए हैं। रविवार को प्रातः लगभग 3 बजे हुई तेज बारिश के पश्चात नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा नगर के जलभराव वाले स्थल बीएसए पुलिया, बीएसए रोड एवं भूतेश्वर रेलवे अंडरपास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल जल भराव की निकासी के आदेश दिए। पूर्व में नगर आयुक्त द्वारा नालों एवं पुलियाओं की तालीझाड़ समय से सफाई तथा जल निकासी को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके उक्त स्थलों पर जलभराव की स्थिति पाई गई। इस लापरवाही पर उन्होंने महाप्रबंधक जल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं सफाई निरीक्षकों को कड़ी फटकार लगाई गई तथा उनका वेतन बाधित करने की कार्यवाही के आदेश दिए है। जलभराव की त्वरित निकासी हेतु नगर आयुक्त द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को अतिरिक्त पंप सेट लगाने के निर्देश दिए। वर्तमान में भूतेश्वर रेलवे अंडरपास में जल निकासी के लिए दो पंप सेट एवं एक अतिरिक्त ट्रैक्टर पंप सेट के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि अधिकारी स्वयं स्थल पर उपस्थित रहकर निगरानी करें तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें।




# चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात को हराया

## कॉनवे और ब्रेविस के अर्द्धशतक से सीएसके जीता, गुजरात टाइटन्स की शीर्ष दो की उम्मीद को लगा झटका

एजेंसी

अहमदाबाद। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने डेवोन कॉनवे और डेवाल्ड ब्रेविस के अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को 83 रन से शिकस्त दी जिसकी तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीदों को झटका लगा। गुजरात टाइटन्स के नेट रन रेट पर इस हार से काफी असर पड़ा लेकिन वह फिर भी 14 मैच में 18 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए गुजरात की टीम उम्मीद करेगी कि अंतिम लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 अंक) की टीम लखनऊसुपर जायंट्स से हार जाए। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम तालिका में गुजरात टाइटन्स से ऊपर पहुंच जाएगी। वहीं सीएसके पहली बार आईपीएल में तालिका में अंत में रहेगी।



अनुभवी क्रिकेटर कॉनवे (35 गेंद में 52 रन) और ब्रेविस (23 गेंद में 57 रन) ने विपरीत अंदाज में अर्धशतक जड़े जिससे सीएसके ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पर इस लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। गुजरात टाइटन्स के लिए केवल छह बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जबकि साई सुदर्शन 41 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। शुभमन गिल को शनिवार को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। गुजरात टाइटन्स के फॉर्म में चल रहे कप्तान गिल 13 रन बनाकर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी रहे। इसके बाद लगातार विकेट गिरने का सिलसिल जारी रहा। टीम ने पावरप्ले में 35 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए थे। साई सुदर्शन 10वें ओवर तक टिके रहे, वह आउट होने वाले पांचवें खिलाड़ी रहे। उन्होंने और शाहरूख खान (19 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 34 गेंद में 55 रन जोड़े। इसके अलावा टीम के लिए कोई महत्वपूर्ण साझेदारी नहीं बनी। सीएसके के लिए तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज ने 13 रन देकर तीन विकेट झटके। नूर अहमद ने 21 रन देकर तीन और रविंद्र जडेजा ने 17 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। इससे पहले सीएसके के बल्लेबाजों ने कप्तान एमएस धोनी के टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद शानदार शुरूआत कराई। सीएसके के लिए आयुष म्हात्रे (34 रन, 17 गेंद पर) और उर्विल पटेल (37 रन, 19 गेंद पर) ने तेज शुरूआत की। इन दोनों ने क्रमशः 200 और 194 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर सुनिश्चित किया कि टीम तेजी से रन बनाए। चेन्नई की टीम ने 3.4 ओवर में 44 रन बनाकर शानदार शुरुआत की जो म्हात्रे के तेज गेंदबाज अरशद खान के ओवर में बनाए गए 28 रन से ही संभव हो सका। म्हात्रे ने दूसरे ओवर में अरशद के ओवर में 2, 6, 6, 4, 4, 6 रन बनाए। चेन्नई ने इस लय को बरकरार रखा। म्हात्रे को हाल में भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था, पर तेज शुरूआत कराने के बाद वह प्रसिद्ध कृष्णा (22 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर मोहम्मद सिराज के हाथों कैच आउट हो गए। लेकिन उर्विल ने आक्रामक खेल जारी रखा और कॉनवे के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। उनकी पारी का मुख्य आकर्षण अनुभवी स्पिनर राशिद खान के खिलाफ खेला गया पिक अप शॉट था जो उनके सिर के ऊपर से छक्के के लिए चला गया। हालांकि छक्का लगाने के तुरंत बाद उर्विल बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर की गेंद पर आउट हो गए। कॉनवे ने अर्धशतक जड़ने के बाद आक्रामकता दिखाने की कोशिश की और राशिद को लांग-ऑन पर छक्का लगाने के बाद अगली गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। लेकिन ब्रेविस ने भारत के तेज गेंदबाज सिराज पर दो छक्के और एक चौका जड़कर अपने बेबी एबीडी टैग को पूरी तरह से सही साबित किया। उन्होंने पार्क के चारों ओर गुजरात के गेंदबाजों की धुनाई की। दक्षिण अफ्रीका के इस खिलाड़ी ने जडेजा (18 गेंद में नाबाद 21 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 74 रन की भागीदारी निभाई। वह अंतिम गेंद पर आउट हो गए।

**रोहित, विराट और अश्विन ने हमें विदेशों में टेस्ट मैच जीतने का खाका दिया है: गिल**

मुंबई। भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी शैली बहुत अलग-अलग थी, लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों ने दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ विदेशों में टेस्ट श्रृंखला जीतने का ब्लूप्रिंट दिया है।

गिल को शनिवार को भारत का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। इस 25 साल के खिलाड़ी के सामने पहली चुनौती इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी। इस दौरे पर टीम को कोहली और रोहित जैसे दिग्गजों का साथ नहीं मिलेगा। गिल ने बीसीसीआई से जारी वीडियो में कहा रोहित भाई, विराट भाई और अश्विन भाई जैसे खिलाड़ियों ने हमें एक खाका दिया है कि विदेशों का दौरा कैसे किया जाए। मैच और श्रृंखला कैसे जीती जाए।

# भारत की मिश्रित टीम को निशानेबाजी विश्व कप में रजत और कांस्य जीता



नयी दिल्ली। भारत ने रविवार को जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीता। भारत इस तरह दो दिनों में टूर्नामेंट में दूसरी बार दो पोडियम स्थान हासिल करने में सफल रहा। नारायण प्रणव और ख्याति चौधरी की जोड़ी ने रजत जीता जबकि हिमांशु और शांभवी क्षीरसागर की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया।

भारत इससे पदक तालिका दोहरे अंक (दो स्वर्ण, चार रजत, चार कांस्य) पर पहुंचने में सफल रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो और फाइनल होने हैं। ख्याति और नारायण की जोड़ी ने 38 टीमों के क्वालीफाइंग राउंड में 631.0 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह जोड़ी चीन के हुआंग युटिंग (इस स्पर्धा के ओलंपिक चैंपियन, दो बार ओलंपिक पदक विजेता और सीनियर एयर राइफल विश्व चैंपियन) और हुआंग लिवानलिन की जोड़ी के पीछे रही। चीन की जोड़ी ने 632.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के मैच में भारतीय जोड़ी ने चीन की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी। टीमों टीमें 15वीं सीरीज तक 14-14 अंक की बराबरी पर थी।

चीन की जोड़ी ने 15वीं सीरीज को 0.5 से जीतकर 16 अंक हासिल किए और स्वर्ण पदक जीता। हिमांशु और शंभवी ने क्वालीफायर में 629.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक मैच खेलने का अधिकार आसिल किया। यह जोड़ी तीसरे स्थान के मैच में एक समय अमेरिका के ग्रिफिन लेक और एलिजा स्पेंसर की जोड़ी के खिलाफ 1-7 से पीछे थी। पदक हाथ से निकलने के खतरे के बीच उन्होंने जोरदार वापसी की और 13-7 से बढ़त बना ली।

## संक्षेप

### अर्जेंटीना ने चार देशों के टूर्नामेंट में चिली को हराया

रोसारियो (अर्जेंटीना)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराकर यहां चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए सुखवीर कौर (39वें मिनट) और कनिका सिवाच (58वें मिनट) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जावेरीया सैन्ज (20वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। जावेरीया ने 20वें मिनट में गोल करके चिली को बढ़त दिलाई जिससे दूसरे हाफ में भारतीय टीम दबाव में रही। भारत ने हालांकि तीसरे क्वार्टर में सुखवीर के 39वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। फिर कनिका ने 58वें मिनट में गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत का अगला मुकाबला अब रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को उरुग्वे से होगा।

### अवनी जेबरा लेडीज ओपन में शीर्ष पर रही

एवियन ले बेंस। भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत आखिरी दौर में दो-अंडर 69 कार्ड के साथ जेबरा लेडीज ओपन में संयुक्त 28वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर रही। कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीयों में हिताशी बक्शी और त्वेसा मलिक क्रमशः संयुक्त 34वें और संयुक्त 39वें स्थान पर रहीं। चेक गणराज्य की खिलाड़ी सारा कोसकोवा ने अंतिम चरण में चार-अंडर पार के शानदार कार्ड के साथ अपने करियर का पहला एलईटी खिताब जीता। उन्होंने दूसरे स्थान पर रही शैनन टैन को दो शॉट्स से हराया। कोसकोवा ने 67 का कार्ड खेल कुल 10-अंडर का स्कोर बनाया जबकि शैनन (68) का कुल स्कोर आठ-अंडर था। अवनी का कुल स्कोर 213 रका रहा जबकि दूसरे दौर तक शानदार स्थिति में रही हिताशी ने छह ओवर 77 के कार्ड के साथ निराशाजनक प्रदर्शन किया।

### सुमारिवाला को स्वर्ण पिन से सम्मानित किया

गुमी (दक्षिण कोरिया)। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के पूर्व अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला को रविवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स संघ (एएए) कांग्रेस में एशियाई एथलेटिक्स नेतृत्व स्वर्ण पिन से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एएए के अध्यक्ष जनरल दहलान अल हमद ने कांग्रेस में प्रदान किया। यह पुरस्कार 27 मई से यहां शुरू होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप से पहले आयोजित किया गया था। सुमारिवाला अब एएफआई के प्रवक्ता के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने महाद्वीप में एथलेटिक्स के विकास और नेतृत्व में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# यूपी की महिला टीम ने पहली बार जीता रजत, पुरुष टीम को कांस्य पदक मिला

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश की महिला टीम ने गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित 36वीं फेडरेशन महिला व पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में पहली बार रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वहीं पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश को कांस्य पदक मिला। महिला वर्ग के फाइनल में उत्तर प्रदेश को भारतीय रेलवे के हाथों 16-14 से हार का सामना करना पड़ा। यूपी की लड़कियों ने कड़ी टक्कर दी लेकिन रेलवे के आगे उनकी एक नहीं चली। इस रोमांचक मैच में दोनों टीमें 9-9 से बराबरी पर थी। हालांकि मध्यांतर के बाद रेलवे की टीम ने बेहतर तालमेल दिखाते हुए दो गोल की बढ़त के साथ विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। भारतीय रेलवे की ओर से निक्की ने 5 गोल किए। आशा ने 4 जबकि सुषमा एवं प्रियंका ने 2-2 गोल करने में सफलता हासिल की। वहीं उत्तर प्रदेश से खुशबू ने 5 व मोना ने 3 गोल किए। महिला वर्ग में राजस्थान और गुजरात को संयुक्त कांस्य पदक मिला। आज मैच की मुख्य अतिथि संगीता जी ने महिला वर्ग की विजेता, उपविजेता व तीसरे स्थान पर रही टीमों को पदक व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत लक्ष्य स्पोर्ट्स अकादमी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्चना श्रीवास्तव ने बुके देकर किया।

**36वीं फेडरेशन महिला व पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता**

इस दौरान हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। आज समारोह में गोरखपुर मंडल के क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी आले हैदर, लक्ष्य स्पोर्ट्स अकादमी के सचिव डॉक्टर त्रिलोक, संयुक्त सचिव डाक्टर मुदित गुप्ता, गोरखपुर हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव अरविंद यादव सहित कई खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद थे।

### गुकेश शतरंज टूर्नामेंट की चुनौती के लिए तैयार

स्टावेंगर (नॉर्वे)। क्लासिकल शतरंज शैली में सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की क्षमता रखने वाले विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगेसी सोमवार से शुरू होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। शतरंज कैलेंडर पर सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक नॉर्वे शतरंज में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह खिलाड़ी शामिल हैं। इसे डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाता है। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार की महिला विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और आर वैशाली करेंगी। यह पहली बार है जब पुरुष वर्ग में भारत के दो खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे जिससे टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई हैं। यह टूर्नामेंट 2013 में पहली बार खेला गया था। उस समय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद सहित इसमें 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल थे।

# मेस्सी के गोल से इंटर मियामी ने यूनियन को बराबरी पर रोका

एजेंसी

चेस्टर (अमेरिका)। दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने खराब दौर से गुजर रहे इंटर मियामी के अपने साथियों के सामने को पेप टॉक (हौसला अफजाई करने वाला संबोधन) के जरिये पहले से ज्यादा एकजुट रहने की सलाह दी थी। ऐसे प्रेरक भाषण कभी-कभी काम आते हैं। उनकी टीम ने एमएलएस लीग में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-3 की बराबरी पर रोका। मेस्सी ने इस दौरान 87वें मिनट फ्री किक पर गोल कर मैच में टीम की वापसी करायी।



क्रेन सुलिवन के गोल से यूनियन की टीम ने मैच के सातवें मिनट में बढ़त बना ली थी जबकि ताई बारिबो ने मध्यांतर से पहले टीम को 2-0 से आगे कर दिया। तादेओ अलेंदे ने दूसरे हाफ में गोल करके इंटर मियामी का खाता खोला लेकिन बारिबो ने मैच के अपने दूसरे गोल से यूनियन को एक बार फिर से दो गोल (3-1) से आगे कर दिया। मेस्सी ने फ्री किक को गोल में बदल कर स्कोर 2-3 किया जबकि स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) टेलास्को सेगोविआ के गोल ने टीम के लिए मैच से एक अंक सुनिश्चित कर लिया।

**भारत बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में की गई गलतियों को सुधारने के लिए तैयार हैः छेत्री**

कोलकाता। करिश्माई भारतीय स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को कहा कि उनकी टीम 2027 एशियाई कप के क्वालीफाइंग दौर प्रतियोगिता में इस साल मार्च बांग्लादेश के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में की गई गलतियों को सुधारने के लिए बेताब है। भारत को 25 मार्च को शिलांग में एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे चरण में ग्रुप सी के अपने शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। इस परिणाम ने टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज को नाराज कर दिया था। भारत अपना दूसरा मैच 10 जून को कॉव्लून में हांगकांग से खेलेगा। छेत्री ने कहा कि हांगकांग के खिलाफ मैच टीम के लिए खुद को सुधारने का मौका होगा।

छेत्री ने कहा, बांग्लादेश के खिलाफ मैच के बाद हमारे मन में यह भावना थी कि हमने खुद को और देश को निराश किया है। जब मैंने रीप्ले देखा, तो मुझे लगा कि हम एक टीम के तौर पर और भी बहुत कुछ कर सकते थे। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलते हुए तालिका में बढ़त हासिल करने का यह एक बड़ा अवसर था। हमें कई चीज़ें बेहतर तरीके से करनी चाहिए थीं। इस 40 साल के दिग्गज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से जारी विज्ञप्ति में कहा, उस मैच से सिर्फ एक अंक हासिल करने का दोष मुझे लगता है कि हम खिलाड़ियों को ही मिलना चाहिये। हमने उसके बारे में बात की है। हमने मैच के वीडियो देखे हैं और अपनी गलतियों को सुधारने का इंतजार कर रहे हैं। भारतीय टीम फिलहाल यहां अभ्यास कर रही है और टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 28 मई को पथुम थानी के लिए रवाना होगी। बांग्लादेश के खिलाफ परिणाम से मार्केज ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अगर उन्हें महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना है।

# आईपीएल : मुंबई इंडियंस का सामना पंजाब किंग्स से



एजेंसी

जयपुर। मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगायेंगे। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने लीग के चरण के कई मैच बाकी रहते ही आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

इन टीम के बीच शीर्ष दो में जगह बनाने की होड़ है ताकि फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को एक अतिरिक्त मौका मिल सके। पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी जिससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब के लिए शीर्ष दो में रहना मुश्किल है क्योंकि उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद यह भी उम्मीद करनी होगी कि गुजरात (18 अंक) और आरसीबी (17 अंक) अपने-अपने अंतिम मैच हार जाएं। पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है। टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुजरात टाइटंस और आरसीबी अपने अपने-अपने आखिरी मैचों को हारते है तो मुंबई की टीम शीर्ष दो में होगी।

पंजाब किंग्स शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का बचाव करने में असफल रहने के बाद अपनी गेंदबाजी में खामियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। सवाई मान सिंह स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियां इस मैच को बड़े स्कोर वाला मुकाबला बनाने का संकेत देते हैं। इसमें दोनों टीमों की गेंदबाजी योजनाओं की परीक्षा होगी। इस मामले में हालांकि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी दिख रहा है। बुमराह ने इस आईपीएल के इस सत्र में सिर्फ नौ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। उन्होंने चोट के कारण तीन महीने तक खेल से दूर रहने के बाद फॉर्म और फिटनेस में वापसी का संकेत दे दिया है। मुंबई इंडियंस के अन्य गेंदबाजों ने भी इस विभाग में बराबरी से जिम्मेदारी साझा की है। ट्रेंट बोल्ट (जो 19 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं) और दीपक चाहर (11 विकेट) की नये गेंदबाजों की जोड़ी ने शुरुआती ओवरों में विकेट चटकाकर बुमराह काम थोड़ा आसान कर दिया है। हार्दिक पंड्या ने मिचेल सेंटनर और विल जैक्स जैसे स्पिनरों के साथ अच्छा तालमेल दिखाया है जिससे मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी लाइन-अप पंजाब किंग्स के मुकाबले और भी घातक बन जाती है। अर्शदीप सिंह (16 विकेट) और युजवेंद्र चहल (14 विकेट) मामूली चोट के कारण पिछला नहीं खेल पाए थे। इन दोनों को मार्को यानसेन (14 विकेट) के साथ मिलकर मुंबई इंडियंस की मजबूत बल्लेबाजी को रोकने के लिए कारगर योजना पर काम करना होगा। सूर्यकुमार यादव (583 रन) और श्रेयस अय्यर (488 रन) अपनी-अपनी टीमों के बल्लेबाजी क्रम के अहम स्तंभ रहे हैं। आईपीएल अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है ऐसे में इन दोनों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखनी होगी।



# हैदराबाद ने कोलकाता को 279 रन का दिया लक्ष्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। आईपीएल के 67वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 279 रन का टारगेट दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हैदराबाद ने बॉलिंग चुनी। हेनरिक क्लासन की 37 गेंद पर सेंचुरी और ट्रैविस हेड की फिफ्टी के दम पर एसआरएच ने 3 विकेट खोकर 278 रन बना दिए। केकेआर से सुनील नरेन ने 2 विकेट लिए। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 20 रन बना लिए हैं।

टीम से सुनील नरेन और क्विंटन डी कॉक पिच पर हैं। हैदराबाद से कप्तान पैट कमिंस ने पहला ओवर फेंका। 279 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी केकेआर ने पहले ओवर में 13 रन बनाए। टीम से सुनील नरेन और क्विंटन डी कॉक ओपनिंग करने उतरे। हैदराबाद से पैट कमिंस ने पहला ओवर फेंका। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 278 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। हेनरिक क्लासन ने 105 और ट्रैविस हेड ने 76 रन बनाए। कोलकाता से सुनील नरेन ने 2 विकेट लिए। एसआरएच ने आईपीएल का तीसरा हाईएस्ट स्कोर बनाया। टीम के नाम टूनामेंट के टॉप-4 बेस्ट स्कोर है। हैदराबाद ने 287 रन का हाईएस्ट स्कोर पिछले साल फउइ के खिलाफ बनाया। टीम इसी साल अपने पहले मैच में फफ के खिलाफ 286 रन भी बना चुकी है। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरिक क्लासन ने 2 रन लिए और अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। उन्होंने 37 गेंद पर शतक लगाया, यह उनकी दूसरी ही आईपीएल सेंचुरी रही। इससे पहले उन्होंने बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाया था। 19वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी गेंद वैभव अरोड़ा ने वाइड फुल टॉस फेंकी। ईशान किशन एक्स्ट्रा कवर्स पर कैच हो गए। ईशान ने 29 रन बनाए। एसआरएच ने 15वें ओवर में 200 रन पूरे कर लिए।



हेनरिक क्लासन ने सुनील नरेन के ओवर में चौथी गेंद पर छक्का लगाया और टीम की डबल सेंचुरी पूरी करा दी। 13वें ओवर में रफल ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बॉल सुनील नरेन ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। ट्रैविस हेड छक्का लगाने गए, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 40 गेंद पर 76 रन बनाए। एसआरएच के हेनरिक क्लासन ने 12वें ओवर में महज 17 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने हर्षित राणा के ओवर में चौथी गेंद पर छक्का लगाया और अपनी हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। यह क्लासन के टी-20 करियर की सबसे तेज फिफ्टी है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 11वें ओवर में ही 150 रन पूरे कर लिए। हेनरिक क्लासन ने आंद्रे रसेल के ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का लगाया और टीम के 150 रन पूरे करा दिए। उनके साथ ट्रैविस हेड भी फिफ्टी लगाकर नॉटआउट रहे। सनराइजर्स हैदराबाद ने 8वें ओवर में ही सेंचुरी पूरी कर ली। ट्रैविस हेड ने दूसरी गेंद पर वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ छक्का लगाया और शतक पूरा कर लिया। 8वें ही ओवर में ट्रैविस हेड ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

# अब आतंकी हमला हुआ तो चुप नहीं बैठेंगे

## आतंकवाद साझा समस्या है, हम सभी को मिलकर इसका मुकाबला करना चाहिए : थरूर

एजेंसी

न्यूयॉर्क। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय सांसदों के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में 911 स्मारक जाकर आतंकवादी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी, उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की और इस बात पर जोर दिया कि दुनिया को आतंकवाद की साझा समस्या के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होना होगा। यह स्मारक नौ सितंबर 2001 में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में बनाया गया है। थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल एकजुटता दर्शाने के लिए 911 स्मारक पहुंचा और यह हमारे लिए बहुत ही मार्मिक क्षण था। उन्होंने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य एक बहुत मजबूत संदेश देना भी था कि हमारे अपने देश में एक और आतंकवादी हमले के बाद हम यहां एक ऐसे शहर में हैं जो उस क्रूर आतंकवादी हमले के निशान अब भी झेल रहा है।

थरूर ने कहा कि अमेरिका की तुलना में भारत को बहुत अधिक संख्या में आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने शनिवार को कहा हम यह याद दिलाने के लिए यहां आए हैं कि यह एक साझा समस्या है। हम पीड़ितों के साथ एकजुटता की भावना दर्शाने के लिए भी यहां हैं। इन पीड़ितों में भारतीय भी शामिल



थे यह एक वैश्विक समस्या है, एक अभिशाप है और हम सभी को इससे एकजुट होकर लड़ना चाहिए। यह संदेश देना बहुत महत्वपूर्ण था। शनिवार दोपहर न्यूयॉर्क पहुंचा प्रतिनिधिमंडल लोअर मैनहट्टन में नेशनल सितंबर 11 मेमोरियल एंड म्यूजियम गया और उसने मेमोरियल पूल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी भी मौजूद थे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क से गुयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील की यात्रा करेगा और उसके बाद तीन जून के आसपास वाशिंगटन डीसी लौटेगा।

यह एक कूटनीतिक प्रयास है जिसका उद्देश्य सभी प्रकार के आतंकवाद के विरुद्ध भारत के एकजुट और दृढ़ रुख को प्रदर्शित करना है। थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सांसद शांभवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जी एम हरीश बालयोगी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कलिता एवं तेजस्वी सूर्या, शिवसेना के मिलिंद देवरा और पूर्व राजनयिक तरनजीत संधू शामिल हैं। थरूर ने 911 स्मारक स्थल पर मीडिया से बातचीत में उम्मीद जताई कि इन देशों की यात्रा के माध्यम से हम दुनिया को यह समझा पाएंगे कि आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एक साथ खड़ा होना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा जिस तरह अमेरिका ने 9111 के बाद दृढ़ संकल्प दिखाया, उसी तरह हमारा देश भी उन दुष्ट ताकतों के खिलाफ खड़ा हुआ जिन्होंने 22 अप्रैल को हम पर हमला किया था। थरूर ने कहा हमें उम्मीद है कि इस हमले को अंजाम देने वालों और उन्हें वित्तपोषित करने वालों, प्रशिक्षित करने वालों, संसाधनों से लैस करने वालों और निर्देश देने वालों ने सबक सीखा होगा।

# भारत व मालदीव आर्थिक, समुद्री, सुरक्षा साझेदारी के कार्यान्वयन की समीक्षा आज

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मालदीव के उनके समकक्ष अब्दुल्ला खलील सोमवार को भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझेदारी के कार्यान्वयन की समीक्षा करेंगे। खलील एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रविवार शाम से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं।



यह इस साल उनकी तीसरी भारत यात्रा है। व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी पर भारत-मालदीव दृष्टि पत्र को पिछले वर्ष अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपनाया था। विदेश मंत्रालय ने उनकी यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि विदेश मंत्री खलील की यात्रा भारत और मालदीव के बीच उच्च स्तरीय राजनीतिक वार्ता के लिए है। मंत्रालय ने कहा कि खलील व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी पर भारत-मालदीव दृष्टि पत्र के कार्यान्वयन में प्रगति की निगरानी के लिए दूसरे उच्च स्तरीय कोर ग्रुप (एचएलसीजी) की बैठक में मालदीव का नेतृत्व करेंगे। खलील, जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मालदीव, भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी है और भारत की पड़ोस पहले नीति और विजन महासागर में एक महत्वपूर्ण साझेदार है, जिसका उद्देश्य सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र प्रगति है। बयान के अनुसार इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करना है।

## संक्षेप

### पालियन जनजाति के जीवन की झलक इफ ओनली दे न्यू

नयी दिल्ली। बेंगलुरु में रहने वालीं चिकित्सक माधवी एन गुनाशीला ने अपने नए उपन्यास इफ ओनली दे न्यू में आदिवासी द्रविड़ जनजाति के जीवन की झलक दिखाई है। यह दक्षिणी शहर मदुरै और उसके आस-पास के इलाकों में घटित एक अपराध से जुड़ी काल्पनिक कहानी है और इसके कुछ पात्र पालियन जनजाति के हैं। उपन्यास का नायक अलगावेल है, जो एक युवा उद्यमी है और एक ट्रैवल कंपनी ट्रेलब्लेजर्स का मालिक है। नायक अपनी टीम को एक आकर्षक व्यवसाय में ले जाता है, जो एक ओर लाभदायक भी है और दूसरी तरफ इसके साथ कुछ परेशानियां भी आती हैं। यह गुनाशीला की दूसरी किताब है। उनकी पहली किताब 2012 में प्रकाशित लघु कथा संग्रह ए ब्रिगैंड फॉर ए नाइट एंड अदर टेल्स थी। पुस्तक की प्रस्तावना में वह पालियन जनजाति के बारे में लिखती हैं और बताती हैं कि किस तरह से इन खानाबदोश लोगों का जंगलों से जुड़ाव है। वे तमिलनाडु और केरल के क्षेत्रों में दक्षिण पश्चिमी घाट की शोला पहाड़ियों में रहते हैं। गुनाशीला का कहना है कि दक्षिण पश्चिमी घाट में बड़े पैमाने पर हो रही वनों की कटाई के कारण पालियन जनजाति का भविष्य फिलहाल अंधकारमय नजर आ रहा है।

# पाकिस्तान : पंजाब प्रांत में तूफान और भारी बारिश से बीस की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार शाम को तेज तूफान और भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए।

प्रांतीय सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। पंजाब सरकार ने बताया कि तूफान इतना शक्तिशाली था कि इसने सड़क और हवाई यातायात को बाधित कर दिया, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया और बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पंजाब सरकार के अनुसार, 13 करोड़ से अधिक की आबादी वाले प्रांत में अधिकांश मौतें जर्जर घरों के ढहने या गिरे हुए बिलबोर्ड के नीचे दबने के कारण हुईं। प्रांतीय सरकार ने रविवार को कहा, पंजाब के विभिन्न हिस्सों में शक्तिशाली तूफान और भारी बारिश से संबंधित घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए। तेज हवा और ओला वृष्टि ने संघीय राजधानी इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत को भी प्रभावित किया जहां फसलों और बिजली के तारों भारी नुकसान पहुंचा। हालांकि, वहां किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट : जयराम रमेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भारत में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह में गिरावट देश में निवेश संबंधी बड़ी अनिश्चितता को दर्शाती है और बड़ी संख्या में कंपनियां विदेश में निवेश करना पसंद कर रही हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हाल में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई प्रवाह अप्रत्याशित रूप से 96 प्रतिशत घटकर मात्र 0.4 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। उन्होंने कहा इस भारी गिरावट को लेकर जो भी आधिकारिक सफाई दी जा रही हो, सच्चाई यह है कि यह भारत में निवेश को लेकर जबरदस्त अनिश्चितता को दर्शाता है जिससे न केवल विदेशी निवेशक, बल्कि भारतीय कंपनियां भी हतोत्साहित हो रही हैं और अब देश में निवेश करने के बजाय विदेश में निवेश को प्राथमिकता दे रही हैं।

❍ भारत में निवेश संबंधी अनिश्चितता को दर्शाती है : कांग्रेस



रमेश ने कहा इस नाटकीय गिरावट के असर को नजरअंदाज करना हमारे लिए भारी पड़ सकता है। ये आंकड़े आरबीआई के मासिक बुलेटिन के मई संस्करण के तहत जारी किए गए थे। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि शुद्ध एफडीआई 2024-25 के दौरान एक साल पहले के 10.1 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 0.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# दिल्ली में आंधी व बारिश ने गर्मी से दी राहत, विमान परिचालन प्रभावित

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में रातभर हुई बारिश और आंधी ने उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत दी, लेकिन परेशानी भी बढ़ाई। विमान परिचालन बाधित हुआ, पेड़ एवं बिजली के खंभे उखड़ गए और कई इलाकों में जलभराव हो गया।



मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण पारे में भारी गिरावट आई और राष्ट्रीय राजधानी का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 6.9 डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र ने देर रात 11 बजकर 30 मिनट से सुबह पांच बजकर 30 मिनट के बीच छह घंटे में 81.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की और इस दौरान 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। पालम में 68.1 मिलीमीटर, पूसा में 71 मिलीमीटर, मयूर विहार में 48 मिलीमीटर, नरेला में 30 मिलीमीटर और दिल्ली विश्वविद्यालय में 29 मिलीमीटर बारिश हुई। मोती बाग, मिंटो रोड, आईटीओ, धौला कुआं, दिल्ली छावनी, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग और चाणक्यपुरी समेत दिल्ली के कई इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव हो गया। दिल्ली छावनी इलाके में एक अंडरपास में एक कार और एक बस लगभग पूरी तरह डूबी देखी गई। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में भी इसी तरह के दृश्य दिखाई दिए जो कथित तौर पर मिंटो रोड इलाके के हैं। मौसम विभाग ने पश्चिम और उत्तर-पश्चिम से आने वाली आंधी के बारे में शनिवार रात चेतावनी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया था। इसने तेज आंधी या धूल भरी हवाएं चलने एवं बार-बार मेघ गर्जन और तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया था। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में तेज हवाएं चलीं।

पालम में 72 किलोमीटर प्रति घंटे, प्रगति मैदान में 76 किलोमीटर प्रति घंटे, जाफरपुर में 61 किलोमीटर प्रति घंटे और इग्नू में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। आंधी के साथ हुई भारी बारिश के बाद, दिल्ली का तापमान आधी रात के बाद एक बजकर 15 मिनट से दो बजकर 30 मिनट के बीच तेजी से गिरा। सफ़दरजंग में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 21 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि पालम में यह 29 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 22 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

# आतंकवाद पर भारत का रुख रखने द. कोरिया पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

एजेंसी

सियोल। ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और भारत-दक्षिण कोरिया आतंकवाद रोधी सहयोग को मजबूत बनाने से जुड़े कार्यक्रमों के तहत भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को सियोल में भारतीय दूतावास पहुंचा। जनता दल के राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शनिवार को यहां पहुंचा।

यहां भारतीय दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने राजदूत अमित कुमार की ब्रीफिंग में भाग लिया। झा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कोरिया गणराज्य में भारत के राजदूत अमित कुमार के साथ हमारी एक सार्थक बैठक हुई, जिसमें द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने इससे पहले एक्स पर एक और संदेश में कहा कि वह भारत-दक्षिण



कोरिया के आतंकवाद-रोधी सहयोग को मजबूत बनाने के लिए सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सियोल आकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार, यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, नेशनल असेंबली के गणमान्य सदस्यों, प्रमुख थिंक टैंक और मीडिया के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेगा। दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 26 मई तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान सभी प्रकार के आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का रुख सामने रखा जाएगा। भारत ने पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद को लेकर अपना दृष्टिकोण अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बनाए हैं। दक्षिण कोरिया आया यह प्रतिनिधिमंडल भी इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल है।

ये प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 33 देशों की राजधानी का दौरा करेंगे। झा के अलावा, प्रतिनिधिमंडल में सांसद अपराजिता सारंगी, अभिषेक बनर्जी, बृजलाल, जॉन ब्रिटास, प्रदान बरुआ, हेमांग जोशी, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और फ्रांस व बहरीन में भारत के राजदूत रहे मोहन कुमार शामिल हैं।

# बाल तस्करी रोधी प्रकोष्ठ ने 964 बच्चों को मुक्त कराया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने रविवार को कहा कि बाल तस्करी रोधी प्रकोष्ठ के गठन के बाद से अब तक करीब 964 बच्चों को मुक्त कराया गया है। आयोग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हाल में बिहार के सारण जिले में एक ऑर्केस्ट्रा समूह से 17 किशोरियों को मुक्त कराया गया। बयान में कहा गया है कि आयोग को एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) से यह जानकारी मिली थी कि स्थानीय ऑर्केस्ट्रा समूहों द्वारा कई किशोरियों से अश्लील नृत्य करवाया जा रहा, जिसके बाद यह कार्वाई की गई।

## इंटरटेनमेंट...

# कांस 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी में आलिया भट्ट ने रचा इतिहास

मुंबई। आलिया भट्ट ने इस साल कांस फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर डेब्यू किया है। पहले दिन जहां एक्ट्रेस बॉडी कॉन ड्रेस से प्रेग्नेंसी रूमर्स से चर्चा में आ गई थीं, वहीं क्लोजिंग सेरेमनी में आलिया ने अपने लुक से इतिहास रच दिया है। दरअसल, एक्ट्रेस ने कांस के आखिरी दिन गुच्ची ब्रांड की गोल्डन साड़ी पहनी थी। ये पहली बार है जब गुच्ची जैसी इंटरनेशनल ब्रांड ने साड़ी डिजाइन की है। आलिया भट्ट की साड़ी में कई कीमती स्वरोव्सकी क्रिस्टल जड़े हुए थे। करीब से देखने पर नजर आता है कि इन क्रिस्टल से पूरी साड़ी में गुच्ची



ब्रांड का लोगो बना हुआ है। आलिया को पॉपुलर सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट और सोनम कपूर की बहन रिया कपूर ने स्टाइल किया है। वो आलिया से पहले जान्हवी कपूर को भी इस कांस में स्टाइल कर चुकी हैं। आलिया भट्ट ने डायमंड जूलरी, खुले बाल और मिनिमल मेकअप के साथ अपना लुक कंप्लीट किया है। रेड कार्पेट के अलावा भी आलिया ने गुच्ची की 3 सेट ड्रेस पहनी थी। एक्ट्रेस ने मिनी क्लच और सन ग्लासेस के साथ लुक कंप्लीट किया था। कांस रेड कार्पेट पर डेब्यू के दिन आलिया भट्ट ने फ्रेंच डिजाइनर की गाउन पहनी थी, जिसे रिया कपूर ने स्टाइल किया था। रेड कार्पेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आने के बाद लोगों ने उनकी दूसरी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने शुरू कर दिए। दरअसल, ड्रेस में उनका पेट कुछ निकला हुआ नजर आ रहा था। खबरों ने इसलिए भी तूल पकड़ा क्योंकि कुछ समय पहले ही रणवीर आलिया को हॉस्पिटल के बाहर स्पॉट किया गया था। इसके ठीक बाद आलिया भट्ट ने गोर्जियो अरमानी की कस्टम ड्रेस पहनी, जिससे प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर विराम लग गया।

# 'धड़क 2' में चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म धड़क 2 को सेंसर बोर्ड से पास कर दिया गया है। हालांकि इससे पहले फिल्म में एक या दो नहीं बल्कि पूरे 16 कट लगाए गए हैं। सेंसर ने फिल्म में दिखाए गए कुछ हिंसक सीन और जातिसूचक डायलॉग्स पर आपत्ति जताई है। सभी बदलावों के सुझाव के बाद सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को व/अ सर्टिफिकेट दिया गया है। कट्स लगने के बाद फिल्म का रन टाइम 2 घंटे 26 मिनट होगा। जातिसूचक शब्दों वाले सीन को बदलना होगा या उस हिस्से को म्यूट करना होगा। फिल्म के कुछ हिंसक सीन हटाए जाएंगे या उनमें बदलाव होगा। बताते चलें कि करण जौहर के प्रोडक्शन की फिल्म धड़क 2 शुरूआत में 22 नवंबर 2024 में रिलीज होने वाली थी। मेकर्स ने मई 2024 में इसका ऐलान किया था। हालांकि मेकर्स ने कारण बताए बिना ही फिल्म पोस्टपोन कर दी थी। इसके बाद फिल्म को फरवरी 2025 में रिलीज किया जाने वाला था, हालांकि ऐसा नहीं हुआ। फिल्म धड़क 2, साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म धड़क की सीक्वल है। धड़क से जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर ने बॉलीवुड डेब्यू किया था। ये फिल्म 2016 की

❍ जातिसूचक डायलॉग्स हटाए गए; हिंसक सीन में बदलाव की मांग के साथ पास हुई फिल्म



मराठी फिल्म सैराट की हिंदी रीमेक थी। फिल्म ने 100 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया था। अब सीक्वल फिल्म में तृप्ति डिमरी और गली बॉय फेम एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन साजिया इकबाल ने किया है। ये फिल्म भी तमिल फिल्म परियेरुम पेरुमल की रीमेक होने वाली है। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज हो सकती है।

### बॉलीवुड सेलेब्स के सपोर्ट में उतरे सुनील

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी इन दिनों अपनी नई फिल्म 'केसरी वीर' रिलीज हुई है। जयपुर पहुंचे सुनील शेट्टी ने न सिर्फ फिल्म के संदेश पर बात की, बल्कि देशभक्ति, राजपूत वीरता, और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर भी बात की। जब उनसे सवाल पूछा गया कि बॉलीवुड ने ऑपरेशन सिंदूर पर क्यों नहीं बोला? जिस पर सुनील शेट्टी ने कहा कि बॉलीवुड ने ऑपरेशन सिंदूर पर बहुत कुछ कहा है। सुनील शेट्टी ने बेबाकी से जवाब देते हुए कहा, ₹बॉलीवुड ने बहुत कुछ बोला है। जिनको बोलना है, बोले हैं। सबको हम नहीं बोल सकते ना। हम हमारी बात कर सकते हैं, दुनिया की बात नहीं कर सकते। यही है कि देश के हित में सभी खड़े हैं।

# संदीप वांगा की 'स्पिरिट' में तृप्ति डिमरी की एंट्री



मुंबई। डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। दीपिका पादुकोण के प्रोजेक्ट से हटने के बाद, अब मेकर्स ने ऑफिशियली तृप्ति डिमरी के नाम की घोषणा कर दी है। एक्ट्रेस ने भी इस बात को अपने इंस्टाग्राम पर कंफर्म कर दिया है। फिल्म में शामिल किए जाने के बाद तृप्ति ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा 'अभी भी यकीन नहीं हो रहा है। इस जर्नी में शामिल करने के लिए बहुत आभारी हूं। शुक्रिया संदीप रेड्डी वांगा। आपके विजन का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं।' तृप्ति संदीप रेड्डी के साथ इससे पहले 'एनिमल' में काम कर चुकी हैं। इस फिल्म ने उन्हें देश भर में पॉपुलर कर दिया था। 'एनिमल' की वजह से उन्हें नेशनल क्रश का टैग भी मिल गया था। यह पहली बार होगा जब तृप्ति डिमरी और प्रभास एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म की बात करें तो इस वक्त इसके प्री प्रोडक्शन का काम चल रहा है।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com